सूर्योदय 6:30 सूर्यास्त 5:41

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 15 न्यू | 25 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,952.19 |
| निफ्टी | 25,709.85 |

सोना 1,23,907 चांदी 1,52,501

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 23 अक्तूबर 2025 | 8 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 295, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## नालागढ़ की चिकनी नदी में दूषित पानी से मरी सैकड़ों मछलियां

### ग्रामीण बोले-किनवान उद्योग ने घाड़ूआं प्लासड़ा नाले में छोड़ा कैमिकल युक्त पानी, इसलिए मरी मछलियां

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन के तहत नालागढ़ की चिकनी नदी में बुधवार सुबह सैकड़ों मछलियों के संदिग्ध तरीके से मरने का मामला सामने आया है। वहीं, नदी में दो सांप भी मरे हुए पाए गए। सुबह करीब 8 बजे जब ग्रामीण नदी में पहुंचे, तो नदी में सैकड़ों मरी हुई मछलियों को देखकर हैरान रह गए। वहीं, बड़ी-बड़ी मछलियों को प्रवासी बच्चे लिफाफों में भरकर ले जाते हुए भी दिखे। रंग-बिरंगा कैमिकल युक्त पानी भी कई जगहों पर दिखाई दिया, जिसके बाद सेरी, झांडियां, प्लासड़ा, घाड़ूआं, सौड़ी भूमियां क्षेत्र के दर्जनों लोग मौके पर पहुंचे और संबंधित विभागों व मीडिया को सूचित किया। घटना स्थल का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

पूर्व वार्ड मैंबर देवेंद्र सिंह, माडू राम, मुकेश कुमार, भूपिंद्र सिंह, हेम राज, गुरचरण सिंह, वार्ड मैंबर राम आसरा, सतनाम सिंह, काका, अमृत पाल, बलदीप सिंह, पोलू राम, सुरजीत सिंह, समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नालागढ़ की चिकनी नदी में सैकड़ों मृत मछलियां व अन्य पानी के जीवों को मृत देखकर वे हैरान रह गए। जब वे नदी में आगे गए तो देखा के घाड़ूआं



नालागढ़ की चिकनी नदी में कैमिकल युक्त पानी आने के कारण मरी मछलियां।

प्लासड़ा नाला की तरफ से कैमिकल युक्त पानी इस नदी में आकर मिल रहा है। जिस प्वांइट पर यह घाड़ूआं प्लासड़ा नाला चिकनी नदी में मिलता है, उससे नीचे सैकड़ों मछलियां, सांप व अन्य पानी के जीव मरे हुए थे। घाड़ूआं प्लासड़ा नाला जिस तरफ से आता है, वहां पर किनवान उद्योग स्थापित है। यह उद्योग पहले भी कई बार रात के अंधेरे में गंदा पानी छोड़ चुका है। इस उद्योग की दुर्गंध से भी लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार संबंधित विभागों पर प्रशासन से शिकायत के बावजूद उद्योग पर लगाम नहीं लग रही।

गौरतलब है कि नदी किनारे जहां पेयजल स्कीमें स्थापित हैं, वहीं स्थानीय किसानों व लोगों के पशु भी इसी नदी के पानी का प्रयोग करते हैं। इससे पहले भी नदी में गंदे और कैमिकल युक्त पानी की वजह से किसानों के पशुओं और कुत्तों की मौत हो चुकी है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोग इन दूषित हो चुकी पेयजल स्कीमों का पानी पीने को मजबूर हैं।

### उद्योग के विरोध में थे ग्रामीण

**उद्योग** स्थापित होने से पहले ही लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया था, बावजूद इसके यह उद्योग स्थापित कर दिया गया। इसके बाद भी इसके खिलाफ लोगों ने समय-समय पर शिकायतें और विरोध प्रदर्शन किए, लेकिन विभाग द्वारा इस उद्योग द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण को नहीं रोका जा रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन व संबंधित विभाग से मामले में जांच व कार्रवाई की मांग उठाई है।



**विभाग** ने सूचना के बाद मौके पर टीम भेजकर सैंपलिंग की है और जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**-केके पंत, चेयरमैन, स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड शिमला**

## न्यूज शॉर्ट्स

### केरल में राष्ट्रपति मुर्मू का चौपर गड्ढे में फंसा

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा में लापरवाही का मामला सामने आया है। दरअसल, राष्ट्रपति को सबरीमाला यात्रा पर ले जा रहा वायु सेना का हेलिकॉप्टर बुधवार सुबह प्रमदम स्थित राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में नए कंक्रीट वाले हेलिपैड पर उतरते समय एक गड्ढे में फंस गया। राष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक की यह घटना तब हुई, जब राष्ट्रपति मुर्मू के हेलिकॉप्टर की केरल के प्रमदम में लैंडिंग हुई। ऐसा लगा जैसे वायुसेना के हेलिकॉप्टर के वजन से हेलिपैड का एक हिस्सा धंस गया। हालांकि, कोई बड़ी घटना नहीं हुई। मौके पर तैनात पुलिस और फायर डिपार्टमेंट के कर्मियों ने हेलिकॉप्टर को धंसे हुए स्थान से बाहर निकाला। (अनंत ज्ञान)

### यूएस जा रहा एयर इंडिया का विमान वापस लौटा

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई से अमेरिका के नेवार्क जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-191 को उड़ान के 3 घंटे बाद तकनीकी खराबी के बाद वापस लौटना पड़ा। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह खराबी क्या थी। फ्लाइट रडार-24 के मुताबिक विमान ने मुंबई एयरपोर्ट से देर रात 1:15 बजे उड़ान भरी थी। करीब तीन घंटे बाद क्रू को खराबी की आशंका हुई। इसके बाद इसे मुंबई लैंड कराने का फैसला लिया गया। लैंडिंग के बाद विमान को जांच के लिए सर्विस से बाहर कर दिया गया। इस कारण मुंबई और नेवार्क के बीच चलने वाली एआई-191 और ए आई-144 (नेवार्क-मुंबई) दोनों फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। (अनंत ज्ञान)

### प्रमुख तीर्थस्थल गंगोत्री धाम के कपाट बंद

**एजेंसी, उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी स्थित चारधाम यात्रा के प्रमुख तीर्थस्थल गंगोत्री धाम के कपाट 22 अक्तूबर को सुबह 11:36 मिनट पर बंद कर दिए गए। सुबह धार्मिक परंपरा के अनुसार साल की आखिरी पूजा की गई। इस मौके पर मंदिरों को फूलों, झालरों और दीपों से भव्य रूप से सजाया गया और मां गंगा के जयकारों से पूरा धाम गुंजायमान रहा। कपाट बंद होने से पूर्व मंदिर समिति और तीर्थ पुरोहितों की देखरेख में मां गंगा की भोग मूर्ति व उत्सव डोली का शास्त्रोक्त (शास्त्रों में वर्णित ) पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद सेना बैंड की अगुआई में डोली मुखीमठ के मुखवा गांव के लिए रवाना हुई। डोली के प्रस्थान के दौरान श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे के जयघोष के साथ मां गंगा को विदा किया। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 'विभाजन की लकीरें' भाजपा में 'सीधी', कांग्रेस में 'टेढ़ी' -पेज 2
- दिवाली के बाद धर्मशाला का प्रदूषण स्तर बढ़, एक्यूआई 120 पहुंचा -पेज 5
- भनोडी मठ की उपेक्षा पर बौद्ध समुदाय में रोष -पेज 7
- चावलों के पर्वत पर विराजमान हुए भगवान रघुनाथ जी -पेज 11
- सोलन नगर निगम में आवारा कुत्तों के आतंक से मिलेगी निजात -पेज 12


### हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## एसटी बेटियों को नहीं मिलेगा हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम का लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया है, जिसमें जनजातीय समुदाय की बेटियों को हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के तहत संपत्ति में अधिकार देने की बात कही गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट का यह निर्देश कानून की सीमाओं से बाहर था और मामले के दायरे से परे जाकर दिया गया था।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 2(2) के अनुसार, यह कानून अनुसूचित जनजातियों पर तभी लागू होगा, जब केंद्र सरकार द्वारा विशेष अधिसूचना जारी की जाए। अदालत ने टिप्पणी की कि हिमाचल प्रदेश की किसी भी जनजाति, जिसमें सवारा जनजाति भी शामिल है, को इस अधिनियम के अंतर्गत लाने के लिए अब तक कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है, इसलिए हाईकोर्ट का यह विस्तार कानूनी रूप से अस्थिर और अवैध है।



- **हाईकोर्ट का आदेश रद्द कहा- कानून के दायरे से परे था फैसला**
- **जनजातीय समुदायों पर लागू नहीं होता हिंदू उत्तराधिकार कानून**

### मामले के मूल विवाद से संबंधित नहीं था हाईकोर्ट का आदेश

**सुप्रीम** कोर्ट ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट द्वारा दिया गया आदेश उस मामले के मूल विवाद से संबंधित नहीं था, जो एक दीवानी वाद के निर्णय और अपील से जुड़ा था। अदालत ने स्पष्ट किया कि जब कोई मुद्दा अदालत के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित न हो, तब उस पर कोई नया कानूनी अधिकार घोषित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट का यह फैसला न तो किसी पक्ष की दलीलों से उपजा था, न ही किसी मुद्दे के रूप में अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

## ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए केंद्र ने दिए 51 .79 करोड़

### गांवों में बनेंगे नए स्वास्थ्य केंद्र, खरीदे जाएंगे आधुनिक उपकरण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं अब और सुदृढ़ होंगी। केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग के तहत राज्य सरकार को 51.79 करोड़ रुपए की राशि जारी की है। यह राशि ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए खर्च की जाएगी। जानकारी के अनुसार सरकार की योजना के तहत उन क्षेत्रों में नए स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे, जहां अब तक चिकित्सा सुविधाएं सीमित हैं। जिन केंद्रों की स्थिति कमजोर है, वहां इमारतों के निर्माण और मरम्मत का कार्य किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से यह राशि तीन हिस्सों में जारी की गई है। 16.77 करोड़, 31.33 करोड़ और 4.13 करोड़ रुपए के रूप में। इससे न केवल औषधालयों का निर्माण होगा, बल्कि अस्पतालों में बिस्तरों और चिकित्सा उपकरणों की खरीद भी की जाएगी।

इसके तहत प्रदेश सरकार ने ग्रामीण इलाकों में लोगों को घर पर ही चिकित्सा सुविधा देने का निर्णय लिया है। इसके तहत डॉक्टरों की टीम बुजुर्गों के घर जाकर स्वास्थ्य जांच करेगी। रूटीन टेस्ट मौके पर ही किए जाएंगे, जबकि गंभीर बीमार मरीजों को नजदीकी अस्पताल भेजा जाएगा।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में तीन बिस्तर सहित आधुनिक उपकरण स्थापित किए जाने की योजना पर भी तेजी से काम चल रहा है। इसके अलावा प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक डॉक्टर, एक नर्स और एक फार्मासिस्ट की नियुक्ति की जा रही है, ताकि मरीजों को उनके घर के पास ही इलाज मिल सके। इसके साथ ही इन केंद्रों के लिए नए उपकरणों की खरीद भी प्रारंभ हो चुकी है।

### दुर्गम इलाकों में अब ड्रोन से भेजे जाएंगे मरीजों के सैंपल

**राज्य** के दुर्गम इलाकों में अब स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक की मदद ली जाएगी। मरीजों के सैंपल ड्रोन के माध्यम से नजदीकी स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाए जाएंगे। सरकार ने इस दिशा में ट्रायल पूरा कर लिया है और आने वाले महीनों में यह व्यवस्था पूरी तरह लागू की जाएगी।






## एमएससी गणित के 99 .27 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने जून 2025 में आयोजित विभिन्न स्नातकोत्तर और स्नातक परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर श्याम लाल कौशल ने बताया कि सभी विद्यार्थी अपने परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगइन आईडी के माध्यम से देख सकते हैं। घोषित परिणामों में एमएससी (गणित) के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, जहां कुल 99.27 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिणामों में तृतीय सेमेस्टर रेगुलर बैच सीबीसीएस के तहत 91.43 प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। वहीं, एमएससी गणित तृतीय सेमेस्टर रेगुलर नॉन-सीबीसीएस के अंतर्गत 67.74 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने एमएससी माइक्रोबायोलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर रेगुलर बैच फ्रेश सीबीसीएस का परिणाम भी जारी किया है। जारी प्रतिशत में वे विद्यार्थी भी शामिल हैं, जिन्होंने कंपार्टमेंट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

### खाई में गिरी कार दो युवकों की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले के सैंज के शरण गांव के पास एक कार के करीब 260 मीटर गहरी खाई में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक मंगलवार देर रात को अपनी गाड़ी से घर वापस लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार तेजा सिंह (38) पुत्र दोत राम, निवासी गांव मातला, डाकघर रोपा, तहसील सैंज, और राजकुमार (25) पुत्र झाबे राम, निवासी गांव करटाह, डाकघर रोपा, तहसील सैंज, ठेकेदारी का काम पूरा करने के बाद शाम को मारुति कार से घर लौट रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव बुधवार को बंजार अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

### सोना 3,726 रुपए सस्ता, चांदी भी टूटी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिवाली के बाद सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए सस्ता हो गया। 22 अक्तूबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है। इससे पहले 20 अक्तूबर को यह 1,27,633 रुपए पर था। 17 अक्तूबर को सोने ने 1,29,584 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गई। (अनंत ज्ञान)

**रोचक** 14567 फुट पर बसे हिक्किम में सबसे ऊंचा पोस्ट ऑफिस

## दुनिया का ऐसा डाकघर, जहां से हर कोई भेजना चाहता है चिट्ठी

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**काजा।** स्मार्टफोन की दुनिया में स्पीति के हिक्किम गांव में स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर से आज भी प्रतिदिन सैकड़ों चिट्ठियां भेजी जा रही हैं। पर्यटकों को जैसे ही पता चलता है कि यह डाकघर दुनिया में सबसे ऊंचा है, तो वे यहां से स्वयं को ही पत्र भेजने में जुट जाते हैं, जिससे डाकघर में कई बार टिकट की कमी पड़ जाती है। डाकघर के पास डाक विभाग ने एक आकर्षक लेटर बॉक्स बनाया है, जो सैलानियों को आकर्षित करता है।

ग्रामीण दोरजे व पलजोर ने बताया कि देश-विदेश के पर्यटक इस सबसे ऊंचे डाकघर से एक-दूसरे के साथ-साथ स्वयं को भी चिट्ठी भेजते हैं। दिलचस्प यह है कि उनके घर पहुंचने से पहले ही उनका पोस्ट कार्ड डाक द्वारा घर पहुंच जाता है। हिक्किम गांव में स्थित यह डाकघर 14567 फुट की ऊंचाई पर बना है। यह डाकघर 1983 से दूर-दराज के दुर्गम गांवों तक चिट्ठियां पहुंचा रहा है। हिक्किम के आसपास के गांवों में संचार का एकमात्र साधन चिट्ठियां ही थी, लेकिन अब नेटवर्क की सुविधा भी मिल गई है। इस उपडाकघर के जिम्मे हिक्किम के अलावा लांगचा-एक, लांगचा-दो और कॉमिक गांवों में चिट्ठियां पहुंचाना है। हिक्किम पोस्ट ऑफिस के इंचार्ज के अनुसार हिक्किम में बने लेटर बॉक्स से देशी-विदेशी सैलानी अपने पते पर पोस्ट कार्ड भेजते हैं। यह डाकघर हिक्किम के ग्रामीणों की आर्थिकी को भी सुदृढ़ कर रहा है। गर्मियों में हर रोज 500 से अधिक पर्यटक यहां से अपनों को कार्ड व पत्र के माध्यम से संदेश भेजते हैं। स्थानीय युवाओं को घर बैठे ही रोहगार मिल गया है। पर्यटक इस गांव में पहुंचकर पत्र भेजने के साथ यहां के स्थानीय पकवानों का भी आनंद लेते हैं।



अनंत ज्ञान स्पैशल

**हिक्किम** गांव में खुले इस डाकघर के जरिए स्पीति में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे लोगों की आर्थिकी मजबूत हो रही है। पर्यटकों को और आधारभूत सुविधाएं देने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।

**-अनुराधा राणा, विधायक, लाहौल-स्पीति**




## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री कल बड़सर को देंगे कई सौगातें

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह 24 अक्तूबर को बड़सर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आएंगे। वे सुबह 11:25 बजे हेलीपैड बुंमबलू पर उतरेंगे। इसके बाद मिनी सचिवालय परिसर में मिनी सचिवालय भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त बणी में स्वास्थ संस्थान का भी उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल है। मुख्यमंत्री मान खड्ड में जल शक्ति विभाग द्वारा निर्मित चेक डैम का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही नादौन-धनेटा-बड़सर सड़क का भूमि पूजन भी किया जाएगा। यह मुख्यमंत्री का तीसरा प्रयास है, क्योंकि इससे पहले दो बार उनके कार्यक्रम रद्द हो चुके हैं। प्रशासन और कांग्रेस पार्टी दोनों कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं।

### झोखर गांव में 61 लोगों का जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** ग्राम पंचायत टपरे गांव झोखर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, इसमें डॉ. शिवानी चौहान स्टाफ नर्स पूजा ठाकुर, प्रवीन कुमारी, रजनीश चौहान ने लोगों के सभी प्रकार के टेस्ट किए एवं दवाइयों का वितरण किया जिसमें के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 20 महिलाओं व 41 पुरूषों की जांच की गई। लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा के लिए सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर युवक मंडल प्रधान सहदेव, जेई नवनीत चौहान, नरेश कुमार, मास्टर धर्म सिंह, सुभाष चंद टपरे पंचायत प्रधान मदन लाल व अन्य मौजूद रहे।

### नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चयनित अर्णव

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के ईस्ट प्वाइंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुलगवान के छात्र ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के एक प्रतिभाशाली जमा एक कक्षा के विद्यार्थी अर्णव चौधरी का चयन बॉक्सिंग के नेशनल स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 28 अक्तूबर से 3 नवंबर तक खेलो इंडिया इंडोर स्टेडियम, ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में आयोजित की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमन वर्मा ने बताया कि छात्र ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण तथा छात्र के अभिभावक इस उपलब्धि से अत्यंत गौरवान्वित हैं।



### बेटी की शादी में प्रदान की राशन सामग्री



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले की पंचायत मझोग सुल्तानी में निस्वार्थ भाव सेवा संगठन ने एक गरीब परिवार की बेटी की शादी में सहयोग करते हुए राशन सामग्री प्रदान की। यह सेवा संगठन के सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता के प्रति समर्पण को दर्शाता है। बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन के राज्य कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सुरेंद्र डोगरा, जीत राम जीवन राम, अनिल धीमान, कुलवंत सिंह, कुलदीप सिंह राणा, निशांत, शम्मू गुलरिया और मनीष कुमार मौजूद रहे। डॉ. सुरेंद्र डोगरा ने बताया कि संगठन का उद्देश्य समाज के जरूरतमंदों की मदद करना और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले संगठन 15 निर्धन बेटियों की शादियों में इसी तरह सहायता कर चुका है।

### जमली धाम धार्मिक महासम्मेलन कल से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सनातन धर्म को समर्पित ठाकुर द्वारा गोशाला एवं मंदिर कमेटी जमली धाम के सौजन्य से हर वर्ष की भांति इस बार भी धर्म अनेक भारत एक कार्यक्रम के अंतर्गत धार्मिक महासम्मेलन 24 से 30 अक्तूबर गोपाष्टमी तक जमली धाम में धूमधाम से मनाया जा रहा है। 24 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे क्षेत्र की महिला मंडलों के सदस्यों द्वारा कलश यात्रा कुलदेवी से शुरू होकर गौ माता की परिक्रमा के साथ होगी। इस कार्यक्रम में जुब्बल कोट खाई के भागवत विभूषित आर्चाय प्रवेश दत्त शास्त्री विशेष रूप से अपनी टीम के साथ संगीतमय अमर कथा अपने मुखारविंद से सुनाऐगे। कार्यक्रम के बाद हर रोज भक्तजनों के सहयोग से सब के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

### कृषि सेवा सहकारी सभा के चुनाव 29 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाली दी नगरोटा कृषि सेवा सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के चुनाव की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया 13 अक्तूबर से शुरू होगी, जबकि मतदान 29 अक्तूबर को संपन्न होगा। सहकारी सभा के अधिकारियों ने बताया कि चुनाव पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है, जो नामांकन, छंटनी और मतदान की पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 15 अक्तूबर को होगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 17 अक्तूबर निर्धारित की गई है। इसके बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। दी नगरोटा कृषि सेवा सहकारी सभा स्थानीय किसानों को उर्वरक, बीज, कृषि उपकरण और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करती है।

# 'विभाजन की लकीरें' भाजपा में 'सीधी', कांग्रेस में 'टेढ़ी'

## एक-दूसरे को पटकनी देने में जुटे हैं नेता, कईयों ने साध ली है 'चुप्पी', कांग्रेस में संगठन की प्रतीक्षा लंबी व असमंजस में कार्यकर्ता

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**हमीरपुर।** अंदरूनी गुटबाजी की वजह से कांग्रेस और भाजपा दोनों में यहां विभाजन की 'लकीरें' अपना खास प्रभाव दिखा रही हैं। सूबे की राजनीति में हमीरपुर जिला के चुनिंदा नेताओं का प्रभाव काफी अहमियत रखता है, लेकिन नेताओं के अपने-अपने हित साधने की मंशा की वजह से इस जिला में 'विभाजन की लकीरें' कांग्रेस में 'टेढ़ी' और भाजपा में 'सीधी' जिस बड़े स्तर पर अब नजर आती हैं, इसका मतलब सीधा यही है कि आने वाले किसी भी तरह के चुनावों के लिए बड़े नेताओं के इर्द-गिर्द का संकट भी 'बड़ा आकार' लेने वाला है।

दोनों ही दलों की सीधी परीक्षा तो आने वाले पंचायती राज चुनाव से शुरू हो जाएगी। यह बात अलग है कि चुनाव कब होंगे? अभी असमंजस की स्थिति है, लेकिन होने तो हैं ही। चार महीने देरी से होंगे, मगर एक चीज तो साफ है कि नेता शायद भ्रम में हैं, करनी और कथनी का पता इन्हीं चुनावों में अगले चुनावों का ट्रेलर देना शुरू कर देगा।

**भाजपाइयों को संगठन में मिला टेढ़ापन:** कांग्रेस का संगठन तो कब तैयार होगा? इसकी इंतजार ना तो इसी पार्टी के भीतर है और ना अभी की जा सकती है। कार्यकर्ताओं को भी कोई जल्दबाजी इस पर सोचने की नहीं रही है, लेकिन भाजपा के भीतर संगठनात्मक ढांचा तैयार हो चुका है और पिछले कुछ समय से इसी की चर्चा इसकी हर छोटी बड़ी वर्कर्स की नुक्कड़ बैठक में हो जाती है। कारण साफ है की 'नई राहें-नई भाजपा' की इस जिले में जिस बुनियाद को नए सिरे से तैयार करने में अपना असर दिखाने लगी है। इसी वजह से 'विभाजन की लकीरें' यहां टेढ़ी हो चुकी हैं। इनमें सीधापन कब आएगा? आ भी पाएगा या



नहीं, इसका आभास सूंघने में अभी समय लगेगा। लेकिन यहां 'अपनी डफली अपना राग' अलापने का सिलसिला शुरू हो चुका है। संगठन चुनावों में जिसकी जहां जैसे चली, वैसा ही संगठन तैयार हुआ है।

कई परंपरागत और पुराने वफादारों को इस बार संगठनात्मक ढांचे में पहले की तरह 'झूलने' का मौका नहीं मिल पाया है। नए लोग जो शामिल हुए हैं, वे अपनी राहों में कितने मजबूत हो पाएंगे? बस यही सब कुछ नए पुराने सभी लोगों को देखने की इंतजार शुरू हो गई है।

**संगठन के बगैर लाचार कांग्रेसी:** अब जी राष्ट्रीय पार्टी का प्रदेश स्तर का ढांचा ही तैयार पिछले लंबे समय से नहीं हो पाया हो अपनी सरकार प्रदेश में सत्ता में हो। अपने जिले का मुख्यमंत्री हो, ऐसे में पार्टीजनों के भीतर 'विभाजन' भले ही सीधा ऊपरी तौर पर ना दिखता हो, लेकिन भीतरी तौर पर उसका असर बराबर बना हुआ है।

पार्टी के लिए सबसे बड़ी मुसीबत सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में है। वहां जैसे तैसे विधायक तो कांग्रेस का ही है, लेकिन अपना होकर भी परायों जैसा पार्टीजनों को क्यों लग रहा है, इस पर किसी का ध्यान नहीं है। वहां जो कुछ मौजूदा सत्ता के दरमियान चल रहा है, इसका आंकलन तो सभी को हो गया है।, मगर 'बेला' ऐसी है कि हर कोई चुप्पी साधे हुए है। इसमें नुक्सान कांग्रेस पार्टी का ही हो रहा है, उसके वर्कर्स का हो रहा है। मगर कार्यकर्ता खामोशी के आलम में है। क्योंकि बोलेगा तो कहेंगे बोलता है। इसलिए 'एक चुप सौ सुख' वाली स्थिति यहां फिलहाल अख्तियार हो चुकी है।

हमीरपुर और बड़सर में अब तमाम नेता अपने अपने दम पर 'सरवाइव' करने के लिए राजनीति कर रहे हैं। मतलब साफ है कि इन तमाम नेताओं के साथ पार्टी को एक सूत्र में बांधने के लिए कब किस वक्त कौन जहमत उठाएगा, इसका फिलहाल दूर तक कोई भी माहौल दिखता हुआ नजर नहीं आ रहा।

बड़सर में एक के बाद एक कई दौरे मुख्यमंत्री के रद्द होने के बाद अब 24 अक्टूबर को फिर दौरा तय हो गया है। इसमें पार्टी की भीतरी राजनीति का निश्चित रूप में कुछ ना कुछ तो आभास मिलेगा ही। अगली राजनीति पार्टी की यहां किस करवट बैठेगी, क्या इसकी रूपरेखा नजर आएगी?

**लाचारों ने साधी चुप्पी:** खास बात दोनों दलों की राजनीति में यह भी है, कि जो परिस्थितियों की वजह से अलग-थलग पड़ गए हैं, उन्होंने अपने-अपने हिसाब से अब लाचारी में चुप्पी साध ली है। इनमें कई नेता भाजपा में भी हैं जो संगठन में अहदे नहीं मिलने की वजह से मायूसी के आलम में हैं और कांग्रेस में जिन्हें सत्ता सुख नहीं मिल पा रहा, वे भी खामोशी धारण किए हुए हैं। यही दोनों दलों की राजनीति की यहां मजबूरियां बयां कर रही हैं।

# कटड़ा-दियोटसिद्ध बस सेवा सवारियों के लिए बनी सिरदर्द

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान

- चालक-परिचालक की मनमानी से यात्रियों को हो रही परेशानी
- शिकायत पहुंची मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक, क्षेत्रवासी बोले- तय रूट तक पहुंचे बस
- ड्राइवर-कंडक्टर कभी सलोनी, तो कभी कांगू और नादौन में ही रोक देते हैं बसें

**बड़सर।** कटड़ा-दियोटसिद्ध बस सेवा, जो दोनों धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाली एकमात्र सार्वजनिक परिवहन सुविधा है, आम सवारियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। यह बस न तो नियमित समय पर चल रही है और न ही अपने निर्धारित रूट दियोटसिद्ध तक पहुंच रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, चालक और परिचालक अपनी मनमर्जी से बस को कभी सलोनी, कभी कांगू या नादौन में ही रोक देते हैं। जबकि यह बस प्रतिदिन सुबह 4:45 बजे बाबा बालक नाथ मंदिर (दियोटसिद्ध) से कटड़ा के लिए रवाना होनी चाहिए और शाम 8 बजे वापस पहुंचनी चाहिए।

क्षेत्रवासी धर्मपाल, जो इस बस में नियमित सफर करते हैं, ने जब परिचालक से रूट में कटौती को लेकर सवाल किया तो उन्हें अपशब्द सुनने को मिले। इसके बाद धर्मपाल ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में इसकी शिकायत दर्ज करवाई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यह बस चूंकि बाहरी राज्य पठानकोट डिपो की है, इसलिए चालक-परिचालक जवाबदेही से बचते हैं और नियमों की अनदेखी करते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस बस को तय रूट पर चलाना अनिवार्य बनाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और आम सवारियों को राहत मिल सके।

# पनियाला गांव के जवान सुशील कुमार पंचतत्व में विलीन

## ड्यूटी के दौरान चक्कर आने से हुआ निधन, गांव पहुंचते ही गमगीन हुआ माहौल, हर आंख हुई नम

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के तहत ग्राम पंचायत देई का नौण के गांव पनियाला के सुशील कुमार का ड्यूटी के दौरान चक्कर आने के आने बाद अस्पताल में इलाज के दौरान देहांत हो गया। सुनील कुमार सेना में 13 डोगरा रेजीमेंट में बतौर नायक अपनी सेवाएं दे रहा था। बताया जा रहा है कि सुशील कुमार फैजाबाद में ड्यूटी कर रहा था कि सुबह चार बजे अचानक उसे चक्कर आया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उसे कमांड अस्पताल ले गए। सोमवार शाम को करीब सात बजे उसका देहांत हो गया। बुधवार दोपहर 12.30 बजे पैतृक गांव पनियाला में सुशील कुमार का पार्थिव शरीर पहुंचा तो गांव का माहौल गमगीन हो गया।

सुशील कुमार का अंतिम संस्कार सैन्य सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान रेजीमेंट से आए जवानों ने सलामी दी। उसके बाद बेटे नक्ष ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। सुशील कुमार के घर





में पत्नी व एक बेटा व बेटी है। बेटा आठवीं तथा बेटी छठी कक्षा की छात्रा है। सुशील कुमार का पार्थिव शरीर बुधवार को लखनऊ से चंडीगढ़ विमान के माध्यम से तथा उसके आगे एंबुलेंस से पैतृक गांव तक पहुंचाया गया।

सुशील कुमार के भाई तिलक ने बताया कि सुशील कुमार कुछ दिन पहले ही अपने घर पर आया था। उन्होंने बताया कि सुशील कुमार की पत्नी का रो रोकर बुरा

- सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, बेटे ने दी मुखाग्नि

हाल है उसकी शादी को अभी 13 साल ही हुए हैं। अपने परिवार में सुशील कुमार ही एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसका बेटा तथा बेटी अभी छोटे हैं। पत्नी पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। उन्होंने बताया कि माता को बिछड़े हुए अभी दस वर्ष का अंतराल भी पूरा नहीं हुआ है कि अब उन्होंने अपने भाई को भी खो दिया है। सुशील कुमार को पहले इस तरह की कोई बीमारी नहीं थी। करीब 20 दिन पहले घर से गए सुशील कुमार के देहांत की खबर मिलेगी किसी ने यह सपने में भी नहीं सोचा था। सुशील कुमार के देहांत पर क्षेत्र के विधायक कै रणजीत सिंह और प्रशासन की ओर से तहसीलदार अंतिम संस्कार में आए थे।

# स्वयंसेवियों ने स्कूल के साथ बाजार में की साफ-सफाई

अनंत ज्ञान, गलोड़

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जौड़े अंब में प्रधानाचार्य डॉ. नरदेव सिंह की अध्यक्षता में मैं नहीं बल्की आप आदर्श वाक्य को चरितार्थ करते हुए स्वयंसेवियों ने शिविर के छठे दिन हलका व्यायाम करने के उपरांत परेड सैशन में भाग लिया। सुबह के नाश्ते के बाद सभी स्वयं सेवियों नें विभिन्न समूहों में प्रजेक्ट बर्क में भाग लिया। पाठशाला के शौचालयों के पीछे नाले के साथ लगभग 400 फीट लम्बे डंगे का निर्माण कार्य शुरू किया। जिसमें स्वयं सेवियों नें 5 बोरी सीमेंट से बजरी और रेते के मिक्सचर से नीवं भरने का कार्य पूरा किया।

इसके साथ ही स्वयं सेवियों नें दिवाली के त्यौहार के बाद स्कूल के साथ की भूमि और बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया और साथ ही रैली निकाल कर लोगों को सफाई रखने के लिए प्रेरित किया वहीं स्वयं सेवियों नें बडितर गावं में एक पेड़ मां के नाम मुहीम के तहत हरड़, बेहड़ा, आंवला के औषधीय पौधे तथा तूनी जैसे इमारती लकड़ी के पौधे रोपित किए जिसमें गावं के प्रबुद्ध लोगों नें बच्चों को पौधे रोपित करने के लिए अपनी निजी भूमि प्रदान की। इस मुहीम की शुरुआत गावं के सम्मानीय निवासी दिनेश शर्मा नें आंवला का पौधा रोपित करके की। तदुपरांत स्वयं सेवियों कल के समापन समारोह के लिए प्रस्तुत लिए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर अभ्यास किया।



जौड़े अंब स्कूल में एनएसएस शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान के दौरान साफ-सफाई करते स्वयंसेवी।

दोपहर के भोजन के बाद शैक्षणिक सत्र में वन विभाग से उपस्थित वनरक्षक गौरव कान्त तथा वन मित्र पूर्णिमा और बिन्दु शर्मा ने सभी स्वयं सेवियों को संबोधित करते हुए वृक्षों के कटान से तथा जंगलों की घटती संख्या से पर्यावरण और हरीभरी भूमि को होने वाले नुकसान के बारे में स्वयं सेवियों के साथ विचार सांझा किए। दूसरे शैक्षणिक सत्र में प्रधानाचार्य डॉ नरदेव सिंह नें स्वयं सेवियों को समाज के प्रति युवाओं की भूमिका विषय पर विचार सांझा किए। उन्होंने कहा कि एनसीसी के प्रतीक चिन्ह में नीला रंग शांति से कार्य करने तथा इस चिन्ह में 8 तिह्लियां हमें दिन के आठों पहर देश और समाज की सेवा के लिए बिना किसी स्वार्थ के उपलब्ध रहने के लिए प्रेरित करती हैं। शैकक्षणिक सत्र के बाद सभी स्वयं सेवियों नें शिविर के समापन समारोह की तैयारियां की और कार्यक्रमों पर अभ्यास किया। सांस्कृतिक संध्या में कांट्रेक्टर दिनेश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की सवयं सेवियों ने इस उपलक्ष्य पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रदीप कुमार, कार्यक्रम अधिकारी रेवती रमण और कमला वर्मा, आदित्य कुमार, गोरव धीमान, यश डोगरा, नवदीप, सूर्यवंश, अक्षिता, कोमल, अंशिका राणा, पूर्वी, तनिष्का, खुशी, शगुन, निधि, नंदिनी सहित शिविर में भाग ले रहे 52 विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# टीईटी मामले में राष्ट्रपति कार्यालय का हस्तक्षेप, विधि मंत्रालय को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

टीईटी मामले में राष्ट्रपति कार्यालय एक्शन में आ गया है। राष्ट्रपति सचिवालय ने ज्ञापन संख्या पीआरएसईसी/ई/2025/0054763 पर कार्यवाही करते हुए यह मामला विधि मंत्रालय, नई दिल्ली को भेजा है। इस प्रकरण पर लोक शिकायत अधिकारी देवांशु कुमार ने 16 अक्तूबर को कार्रवाई की है। यह ज्ञापन हिमाचल प्रदेश राजकीय टीजीटी कला संघ महासचिव विजय हीर द्वारा भेजा गया था।

हीर ने राष्ट्रपति कार्यालय से मांग की थी कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन कर वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट देने का स्पष्ट प्रावधान किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 से पहले चयन आयोगों और बोर्डों की लिखित परीक्षाओं से चयनित शिक्षक पहले ही पात्र माने गए थे, क्योंकि उस समय एनसीटीई के पुराने नियम लागू थे और टीईटी परीक्षा अस्तित्व में नहीं थी। श हीर ने बताया कि अब ऐसे शिक्षकों से टीईटी परीक्षा पास करवाने की बाध्यता अनुचित है, क्योंकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 23 के अनुसार यह नियम 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर लागू नहीं होता। इसके बावजूद कई राज्यों में इन शिक्षकों को टीईटी देने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे उनकी पदोन्नति, वेतन वृद्धि और सेवा सुरक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस विषय पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन लाकर स्थिति स्पष्ट की जाए और 2010 से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान की जाए।

### प्रधानमंत्री कार्यालय भी भेज चुका शिक्षा मंत्रालय को ज्ञापन: विजय हीर

**इस** मामले विजय हीर के ज्ञापन पर पहले प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा ज्ञापन संख्या पीएमओपीजी/ई/2025/0143597 पर कार्यवाही कर चुका है। जिसके तहत यह ज्ञापन स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, समग्र शिक्षा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के नोडल अधिकारी बिपिन कुमार लाडिया को भेजा गया था।



# शुभम का गूगल स्टूडेंट एंबेसडर प्रोग्राम में चयन



अनंत ज्ञान, हमीरपुर

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के छात्र शुभम चड्ढा को प्रतिष्ठित गूगल स्टूडेंट एंबेसडर प्रोग्राम के लिए चयनित किया गया है। यह प्रोग्राम छात्रों को गूगल और उनके विश्वविद्यालयों के बीच संपर्क सूत्र के रूप में कार्य करने का अवसर प्रदान करता है। गूगल स्टूडेंट एम्बेसडर अपने कैंपस में नए गूगल उत्पादों और कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता करते हैं, मनोरंजक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, तथा गूगल टीमों और छात्रों के बीच संपर्क स्थापित करते हैं। ये एंबेसडर स्थानीय गूगल टीमों के साथ मिलकर कार्य करते हुए तकनीकी नवाचार और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देते हैं। इसी क्रम में शुभम चड्ढा की टीम को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर पेटेंट भी प्राप्त हुआ है। यह प्रोजेक्ट इजी. अजय सिंह डोगरा, विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के मार्गदर्शन में पूरी की गई। इस प्रोजेक्ट पर कार्य करने वाली टीम में कुल 9 छात्र, जो ' कोड कुटुम्ब ' से जुड़े हैं,। पेटेंट प्राप्त करना इन छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि पेटेंट आविष्कारकों को एक निश्चित समय के लिए उनके आविष्कार पर विशेष अधिकार देता है, जिससे समाज और तकनीकी क्षेत्र को नए नवाचारों का लाभ मिलता है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में सभी छात्र और उनके मार्गदर्शक ने विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति से भेंट की। कुलपति महोदय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि, 卐यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय के गौरव को बढ़ाती है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी शोध और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट को मिला पेटेंट

# सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट व विश्व स्वास्थ्य संगठन के बीच सहयोग की नई शुरुआत

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के चेयरमैन अभिषेक राणा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा हाल ही में नई दिल्ली स्थित विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय में अपने सामाजिक कार्यों की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ के अधिकारियों ने ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की और हिमाचल प्रदेश में विभिन्न स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के लिए भविष्य में सहयोग की संभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा हुई।



अभिषेक राणा ने कहा कि यह बैठक सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बीच एक सशक्त साझेदारी की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में आवश्यक औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी की जाएगी, जिसके पश्चात यह सहयोगात्मक पहल औपचारिक रूप लेगी। अभिषेक राणा ने प्रेस को यह भी बताया कि सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट ने अब तक हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनेक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया है तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की हैं। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ के साथ यह पहल समाज में किए जा रहे सेवा, परोपकार और सामाजिक कल्याण कार्यों को एक कदम आगे ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। राणा ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के लिए, बल्कि संपूर्ण हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट समाजसेवा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि प्रदेश और मानवता का समग्र कल्याण सुनिश्चित किया जा सके।

# शहीद रविंद्र सिंह मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

## समाजसेवी सुनील शर्मा ने किया उद्घाटन, खिलाड़ी किए प्रोत्साहित

शशि सोनल, अनंत ज्ञान

**नादौन।** उपमंडल के हथौल गांव में शाहिद रविंद्र सिंह मेमोरियल बालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी एवं भाजपा नेता सुनील शर्मा ने किया इस प्रतियोगिता का आयोजन युवक मंडल हाथौल द्वारा किया गया मौका पर पहुंचे मुख्य अतिथि सुनील शर्मा का आयोजकों की ओर से जोरदार स्वागत किया गया युवक मंडल के प्रधान शुभम ठाकुर ने समाज सेवी सुनील शर्मा को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस मौक पर हथौल पंचायत के उप प्रधान शमी ठाकुर भी मौजूद रहे जानकारी देते हुए शुभम ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 12 टीम में भाग ले रही हैं वहीं उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा

इस तरह के आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और युवा नशे से दूर रहता है बताया कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजन लगातार होने चाहिए ताकि आज की युवा पीढ़ी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग ले तथा अपने क्षेत्र तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन करें इस अवसर पर उन्होंने अपनी ओर से 5100 रुपए इस प्रतियोगिता के लिए भेंट किए और कहा कि किसी भी प्रकार की कोई और भी डिमांड होगी तो उसे भी पूरा कर दिया जाएगा इस अवसर पर रिटायर्ड प्रिंसिपल विजय चौधरी आशु मंडियाल, ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष राजीव सिंह मौजूद रहे।



युवक मंडल के प्रधान शुभम ठाकुर समाजसेवी सुनील शर्मा को सम्मानित करते हुए।

- बोले- खेलों से आपस में बढ़ता है भाईचारा
- युवक मंडल हथौल ने किया आयोजन, 12 टीमों ने लिया भाग

# हिमाचल में अब साल में 3 बार होगी सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की भर्ती

## सरकार ने अधिसूचित की नई पीजी पॉलिसी-2025, भर्ती प्रक्रिया होगी पारदर्शी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**भर्ती प्रणाली में पारदर्शिता और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती**

**चयनित** उम्मीदवारों को यह घोषणा पत्र देना होगा कि वे इस पद पर स्थायी नियुक्ति, पदोन्नति या किसी अन्य सरकारी लाभ का दावा नहीं करेंगे। यह नीति न केवल नियुक्ति प्रणाली में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के सरकारी संकल्प को भी साकार करेगी। नई भर्ती व्यवस्था से न केवल योग्य डॉक्टरों को अवसर मिलेगा, बल्कि मरीजों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की नियुक्तियों को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। नई अधिसूचित पीजी पॉलिसी-2025 के तहत अब इन डॉक्टरों की भर्ती साल में तीन बार—मार्च, जुलाई और नवंबर के अंत में की जाएगी। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करना और भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारु बनाना है।

जानकारी के अनुसार नई नीति के तहत एम्स चमियाना में सेवाएं दे रहे डॉक्टरों को फील्ड पोस्टिंग की शर्त से छूट दी गई है। यह छूट केवल चमियाना के डॉक्टरों पर लागू होगी, जबकि अन्य सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में फील्ड पोस्टिंग का नियम पूर्ववत रहेगा। सरकार ने पहले जारी नीति में संशोधन करते हुए इसे 15 अक्तूबर को दोबारा अधिसूचित किया है ताकि इसमें सभी प्रशासनिक स्पष्टीकरण शामिल हो सकें।

पीजी पॉलिसी-2025 के अनुसार अब सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों का चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। नीति में स्पष्ट किया गया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सीएमओ कार्यालय और स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय में की गई पोस्टिंग को बॉन्ड अवधि के तहत परिधीय पोस्टिंग माना जाएगा। वहीं, कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर्स की सेवाएं इस श्रेणी में शामिल नहीं होंगी।


**चमियाना के डॉक्टरों को फील्ड पोस्टिंग से छूट**

**भर्ती प्रक्रिया में अब लिखित परीक्षा अनिवार्य**

इसके अलावा चमियाना को छोड़कर अन्य शिक्षण संस्थानों में की गई नियुक्तियां परिधीय पोस्टिंग नहीं मानी जाएंगी। भर्ती के लिए अभ्यर्थियों के पास एमबीबीएस की डिग्री और हिमाचल प्रदेश मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण अनिवार्य होगा। पात्रता आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के बीच तय की गई है, जबकि सेवानिवृत्त चिकित्सकों को 65 वर्ष की आयु तक कार्य करने की अनुमति दी जाएगी। शिमला, नाहन, हमीरपुर, नेरचौक, चंबा, सोलन और चमियाना मेडिकल कॉलेजों में इन पदों के लिए चयन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने दी भैयादूज की शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को भैयादूज के पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भाई दूज का त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करती हैं।



उन्होंने कहा कि यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते में स्नेह, विश्वास और आपसी जुड़ाव को और मजबूत करने का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भाईचारे और पारिवारिक मेलजोल को बढ़ाने का आह्वान किया और सभी के जीवन में खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

# प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम ने बदली करवट
## रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए फिर बंद, 374 वाहन लौटे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बुधवार तड़के मौसम ने अचानक करवट बदल ली। लाहौल-स्पीति और कुल्लू जिलों में बारिश और बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है। अटल टनल क्षेत्र, रोहतांग, बारालाचा और कुंजम दर्रे बर्फ की मोटी परत से ढक गए हैं। यह इस सर्दी का दूसरा हिमपात है। बर्फबारी से घाटी का सौंदर्य निखर उठा है और पर्यटक भी बड़ी संख्या में मनाली और कोकसर की ओर रुख कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार ताजा बर्फबारी के बाद रोहतांग दर्रा को पर्यटकों के लिए फिर बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने वाहनों को सोलंग-नाला मोड़ से आगे जाने की अनुमति नहीं दी। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि बुधवार को 374 वाहनों ने ऑनलाइन परमिट लिया था, पर बर्फबारी के कारण कोई वाहन दर्रे तक नहीं पहुंच सका।

चंबा जिले के जरासू जोत में बर्फबारी कहर बनकर गिरी। होली से कांगड़ा की ओर जा रहे भेड़पालकों पर हिमस्खलन आ गया, जिसमें करीब 250 भेड़-बकरियां मारी गईं। दो भेड़पालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें होली से टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पंचायत प्रधान अशोक कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जोखिम उठाकर दोनों को रेस्क्यू किया।



**भरमौर-पांगी में ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें**

**चंबा** जिले के ऊपरी क्षेत्रों में भी जोरदार बारिश और 7 सेंटीमीटर से अधिक बर्फबारी हुई है। भरमौर, कुगती और साच जोत में तापमान तेजी से गिर गया है और किसानों-बागवानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने बताया कि 23 से 28 अक्तूबर तक प्रदेश में मौसम सामान्य रहेगा, हालांकि 27 अक्तूबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है जिससे फिर बारिश और बर्फबारी के आसार बनेंगे।

**लाहौल-स्पीति, कुल्लू और अटल टनल में बर्फबारी**

**जरासू जोत में हिमस्खलन 250 भेड़-बकरियों की मौत**

# बस में सफर कर रही युवती से अश्लील हरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में एक युवती के साथ बस के भीतर अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना मंगलवार शाम की है। शिकायत के अनुसार, युवती खटनोल से शिमला की ओर आ रही थी। शाम करीब साढ़े छह बजे जब बस ढली के पास पहुंची, तो उसी बस में सफर कर रहा सुरेंद्र निवासी सुन्नी नामक व्यक्ति उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। युवती ने तत्काल बस परिचालक को इसकी जानकारी दी और उसके बाद ढली थाने में शिकायत दर्ज करवाई। ढली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द हिरासत में लिया जाएगा। इस घटना के बाद यात्रियों में आक्रोश है और लोग बसों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि सार्वजनिक परिवहन में किसी तरह की असामाजिक हरकत दिखाई देने पर यात्री तुरंत चालक या परिचालक को सूचित करें और 112 पर संपर्क करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

**पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की शुरू**

# बीड़-बिलिंग के नेशनल पैराग्लाइडिंग स्कूल पर ताला क्यों ?: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि बीड बिलिंग का राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग स्कूल उद्घाटन के नौ महीने बाद भी बंद पड़ा है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सरकार इस राष्ट्रीय संस्थान को शुरू नहीं कर पा रही है। जबकि यह स्कूल हिमाचल में पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण का बड़ा केंद्र बन सकता था, जहां हर साल सैकड़ों युवा प्रशिक्षित होकर देश के लिए मान्यता प्राप्त पायलट बन सकते थे। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार के विभागों के बीच तालमेल की कमी के कारण यह संस्थान सरकार की नाकामियों की भेंट चढ़ गया है।



**नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से पूछा सवाल, करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं हुआ संचालन**

**अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार हो संचालन, प्रदेश को मिलेगा बड़ा लाभ**

पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के तहत उनकी सरकार ने 8 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग स्कूल का निर्माण करवाया था। इसका उद्घाटन 25 जनवरी 2025 को किया गया था, लेकिन अब तक इसका संचालन शुरू नहीं हुआ है। ठाकुर ने कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को चाहिए कि एशिया के पहले राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग स्कूल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संचालित करे ताकि यहां से प्रशिक्षित पायलटों को दुनिया भर में मान्यता मिले। उन्होंने कहा कि बीड बिलिंग में हर साल विश्वस्तरीय टूर्नामेंट आयोजित होते हैं, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का लाइसेंस दूसरे देशों से जारी होता है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि बीड बिलिंग दुनिया के सबसे सुरक्षित और लोकप्रिय पैराग्लाइडिंग स्थलों में से एक है। यहां के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और लाइसेंस के लिए कोई अधिकृत भारतीय संस्था न होने के कारण परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में राज्य-स्तरीय महासंघ और अंतरराष्ट्रीय पायलट प्रवीणता सूचना लाइसेंस (आईपीपीआई) जारी करने वाले निकाय की स्थापना जरूरी है ताकि देश के पायलटों को भी औपचारिक मान्यता मिल सके।

# शिमला के जुन्गा में पैराग्लाइडिंग फ्लाइंग फेस्टिवल 25 अक्तूबर से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश की राजधानी शिमला के जुन्गा में इस बार आसमान रंग-बिरंगे पैराग्लाइडरों से सजा नजर आएगा। 25 से 28 अक्तूबर तक आयोजित होने जा रहे तीसरे शिमला पैराग्लाइडिंग फ्लाइंग फेस्टिवल और हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2025 में 15 विदेशी और 70 भारतीय पैराग्लाइडर हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू फेस्टिवल का शुभारंभ करेंगे, जबकि 26 अक्तूबर को मशहूर रेसलर ग्रेट खली मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

इस चार दिवसीय फेस्टिवल के दौरान प्री पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी वर्ल्ड कप और प्री एशियन लीग चैंपियनशिप का भी आयोजन होगा। दुनिया के कई देशों से आए वर्ल्ड चैंपियंस यहां अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पैराग्लाइडरों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। फेस्टिवल में हिमाचल के पारंपरिक उत्पादों और स्थानीय व्यंजनों की प्रदर्शनी और बिक्री भी होगी, जो पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण रहेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की लोक संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। आयोजन स्थल जुन्गा में पांच मिनट की सुंदर फ्लाइंग रेंज है, जहां बड़ी संख्या में सैलानी पैराग्लाइडिंग का रोमांच अनुभव करते हैं।

**15 विदेशी पैराग्लाइडर उड़ेंगे आसमान में, सीएम सुक्खू करेंगे शुभारंभ**

**खली होंगे मुख्यातिथि पारंपरिक संस्कृति और व्यंजन बनेंगे आकर्षण**

फेस्टिवल निदेशक अरुण रावत ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने और पर्यटन को नई दिशा देने के उद्देश्य से यह आयोजन लगातार तीसरे वर्ष हो रहा है। इस बार सात देशों के प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसडीआरएफ और मेडिकल टीमें तैनात रहेंगी। प्रतियोगिता के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के जज बुलाए गए हैं।

# यमराज और यमुना जी की अमर कथा से जुड़ी है भैयादूज की परंपरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दीपावली के बाद आने वाला भाई दूज का पर्व भाई-बहन के अटूट स्नेह और पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। यह पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाता है और इस वर्ष यह गुरुवार, 23 अक्तूबर को पड़ रहा है। जहां रक्षाबंधन पर बहन भाई के घर जाकर राखी बांधती है, वहीं भाईदूज पर भाई स्वयं अपनी बहन के घर जाता है। बहन अपने भाई का तिलक कर उसकी दीर्घायु, सुख और समृद्धि की मंगलकामना करती है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार सूर्यदेव की पुत्री यमुना और पुत्र यमराज सगे भाई-बहन थे। यमुना अपने भाई को बार-बार घर आने का निमंत्रण देती थीं, परंतु यमराज अपने कार्यों में व्यस्त रहते हुए नहीं जा पाते थे। एक दिन यमराज ने अपनी बहन की जिद पूरी की और पहली बार उसके घर पहुंचे। यमुना ने अत्यंत श्रद्धा और स्नेह से अपने भाई का स्वागत किया, तिलक किया, भोजन कराया और चरणस्पर्श कर आशीर्वाद लिया। यमराज बहन की इस भक्ति और प्रेम से प्रसन्न होकर बोले हे बहन! आज के दिन जो भी बहन अपने भाई का तिलक करेगी और उसे स्नेहपूर्वक भोजन कराएगी, उसके भाई को दीर्घायु, सुख और समृद्धि का वरदान मिलेगा। तभी से भाई दूज का पर्व मनाने की परंपरा आरंभ हुई। भाई दूज का तिलक केवल एक रिवाज नहीं, बल्कि शुभकामना और आशीर्वाद का प्रतीक है। बहन लाल रोली से भाई के मस्तक पर तिलक लगाकर उसके उज्ज्वल जीवन की कामना करती है। इसके बाद अक्षत लगाने की परंपरा स्थायित्व और समृद्धि का संकेत देती है। तिलक के साथ आरती उतारना और कलावा बांधना न केवल धार्मिक विधि है, बल्कि भाई की रक्षा और शुभता की कामना का प्रतीक भी है।

# 3.26 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना से मिलेगा स्वच्छ जल: रोहित

## घुंडा-भड़ेच में शिक्षा मंत्री ने दी विकास योजनाओं की सौगात, कोटखाई को मिला केंद्रीय विद्यालय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने ग्राम पंचायत घुंडा भड़ेच और प्रागतिनगर क्षेत्र में 3 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना का विधिवत उद्घाटन किया। इस योजना से घुंडा, जबड़ोग, चटोली, कोटी सहित आसपास के कई गांवों के लोगों को पेयजल सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के तहत 32 करोड़ 28 लाख रुपये की अन्य योजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिनसे ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट दूर होगा।

उन्होंने बताया कि पब्बर नदी से 38 करोड़ की लागत से बन रही उठाऊ पेयजल योजना को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अणु-निहारा-चाकना के लिए 4 करोड़ की योजना स्वीकृत हुई है, जबकि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 40 करोड़ रुपये की परियोजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि कोटखाई क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की जा रही है। क्षेत्र को केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिलना एक बड़ी उपलब्धि है, जिसका निर्माण 25 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके अलावा गुम्मा इंजीनियरिंग कॉलेज में नए कोर्स शुरू किए गए हैं, जिससे युवाओं को आधुनिक शिक्षा के अवसर मिलेंगे। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुम्मा के 3 करोड़ 14 लाख रुपये से निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।




शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर घुंडा भड़ेच में 3.26 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना का शुभारंभ करते हुए।

रोहित ठाकुर ने घुंडा भड़ेच पंचायत भवन का शिलान्यास करते हुए कहा कि 2025 की प्राकृतिक आपदा के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया जा रहा है। हिमरी-पजोर-चौरी सड़क के स्तरोन्नयन का कार्य 17 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से चल रहा है, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर जुब्बल-नावर-कोटखाई कांग्रेस के पूर्व मंडल अध्यक्ष मोती लाल डेरटा, कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक देविंदर नेगी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुमान सिंह चौहान, एसडीएम गुरमीत नेगी, बीडीओ करण सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि इन योजनाओं से लंबे समय से चली आ रही पेयजल और सड़क समस्याओं का समाधान होगा।

# नायक सुशील के निधन पर सीएम और डिप्टी सीएम ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने 13वीं डोगरा रेजिमेंट में फैजाबाद में तैनात 40 वर्षीय नायक सुशील कुमार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। नायक सुशील कुमार जिला हमीरपुर के सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पन्याला गांव के निवासी थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में शोकग्रस्त परिवार के साथ है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश अपने इस वीर सपूत के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा।

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि नायक सुशील कुमार ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया और देश के प्रति उनकी सेवाओं को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# सड़कों की मरम्मत में कांग्रेस सरकार का भ्रष्टाचार उजागर: संदीपनी भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के शासन में भ्रष्टाचार की जड़ें हर विभाग में गहरी होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जहां देखो वहीं घोटाले और लापरवाही का बोलबाला है। सड़क मरम्मत के नाम पर भी करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए जा रहे हैं, लेकिन गुणवत्ता का नामोनिशान नहीं है। ठियोग क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर हुई हालिया टारिंग इसका ताजा उदाहरण है, जहां महज तीन दिन पहले किया गया कार्य जगह-जगह से उखड़ गया है। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह के विभाग की सड़कों की हालत देखकर साफ है कि लोक निर्माण विभाग केवल कागजों पर विकास दिखा रहा है। करोड़ों की लागत से बनी सड़कें कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी हैं, जिससे ठियोग की जनता बेहद नाराज है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल सड़क मरम्मत पर खर्च तो होता है, पर टिकाऊ निर्माण कभी नहीं दिखता।

**ठियोग में तीन दिन पहले हुई टारिंग उखड़ी, करोड़ों खर्च पर उठे सवाल**



संदीपनी भारद्वाज ने आरोप लगाया कि यह कांग्रेस सरकार की मिलीभगत से चल रहा भ्रष्टाचार है, जिसमें ठेकेदारों को राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से काम करने वाले ठेकेदारों के बिल तो महीनों तक अटके रहते हैं, जबकि पार्टी से जुड़े ठेकेदारों को घटिया काम के बावजूद भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि ठियोग में हुए सड़क कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई हो। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सड़कों की ऐसी दुर्दशा पूरे प्रदेश में देखने को मिल रही है और यह साबित करता है कि कांग्रेस सरकार केवल भ्रष्टाचार के सहारे चल रही है।

# पूर्व सरकार की योजनाओं पर फीता काट रहे शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर: सुंदर डोगरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला

भाजपा कोटखाई-नावर मंडल के अध्यक्ष सुन्दर डोगरा ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मंत्री जी केवल पूर्व भाजपा सरकार की योजनाओं पर फीता काटकर झूठा श्रेय लेने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं की नींव भाजपा सरकार ने रखी थी, आज उन्हीं पर कांग्रेस सरकार के मंत्री उद्घाटन कर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

सुंदर डोगरा ने बताया कि ग्राम पंचायत घुंडा-भड़ेच के पंचायत भवन की आधारशिला शिक्षा मंत्री द्वारा रखी गई है, जबकि इसके लिए टोकन राशि पूर्व भाजपा सरकार के समय ही डाली जा चुकी थी। उन्होंने कहा कि बिना बजट स्वीकृति के केवल शिलान्यास करना जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसा है, जिसे क्षेत्र के लोग अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने कहा कि घुंडा-भड़ेच पंचायत का गठन 18 सितंबर 2020 को तत्कालीन



मुख्य सचेतक स्व. नरेंद्र बरागटा के अथक प्रयासों से हुआ था। उन्होंने क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए विशेष पहल कर यह नई पंचायत स्थापित करवाई थी।

डोगरा ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान' के तहत आधुनिक पंचायत भवनों का निर्माण किया जा रहा है, और इसी योजना के तहत भाजपा नेता चेतन बरागटा केंद्र सरकार से भड़ेच में शीघ्र एक भव्य आधुनिक पंचायत भवन के निर्माण की पैरवी करेंगे। उन्होंने कहा कि आज जब शिक्षा मंत्री ने घुंडा, जबडोग, चटोली, कोटी और चानेदार के लिए बनी पेयजल योजना का लोकार्पण किया, तो उन्होंने स्वयं यह स्वीकार किया कि यह योजना वर्ष 2021 में भाजपा सरकार द्वारा केंद्र की सहायता से स्वीकृत की गई थी। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी पहल 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत स्वीकृत हुई थी, जिसमें 90 प्रतिशत व्यय केंद्र सरकार और केवल 10 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

सुंदर डोगरा ने कहा कि यह योजनाएं भाजपा सरकार की दूरदर्शी सोच और विकासमूलक दृष्टिकोण का परिणाम हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज के मंत्री केवल फीता काटने और श्रेय लेने में व्यस्त हैं, जबकि असल काम पूर्व सरकार के नेतृत्व में हुआ था। जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब भी देगी।


**राहत** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट आई संतोषजनक, शिमला, मनाली व सोलन में साफ-सुथरी हवा

# प्रदेश में मध्यम स्तर में पहुंची दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दीपावली 2025 के अवसर पर राज्य के 12 शहरों और कस्बों में वायु गुणवत्ता की विस्तृत निगरानी की, जिसके परिणाम अब संतोषजनक और उम्मीद जगाने वाले रहे। बोर्ड ने 13 से 19 अक्तूबर तक दीपावली से पहले और 20 अक्तूबर को दीपावली दिवस पर विशेष निगरानी की। इस दौरान शिमला, परवाणू, धर्मशाला, डमटाल (जस्सूर), सुंदरनगर, पौंटा साहिब, काला अंब, ऊना, बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ और मनाली में 24 घंटे की वायु गुणवत्ता जांच की गई।

रिपोर्ट के अनुसार, राज्य का वायु गुणवत्ता सूचकांक दीपावली से पहले अच्छा से मध्यम स्तर के बीच रहा, जबकि दीपावली के दिन यह संतोषजनक से मध्यम स्तर पर पाया गया। किसी भी निगरानी स्थल पर



फाइल फोटो

वायु गुणवत्ता खराब या गंभीर श्रेणी में नहीं रही। पटाखों के प्रभाव से दीपावली के दिन हवा में हल्की गिरावट जरूर देखी गई, लेकिन यह स्वास्थ्य की दृष्टि से चिंता का विषय नहीं रही।

परवाणू, धर्मशाला, पौंटा साहिब, बद्दी और ऊना में वायु गुणवत्ता मध्यम रही, जबकि शिमला, बरोटीवाला, डमटाल, सुंदरनगर, काला अंब, नालागढ़ और मनाली में हवा की गुणवत्ता संतोषजनक स्तर पर दर्ज की गई। तुलना में देखा जाए तो पिछले वर्ष की अपेक्षा शिमला, परवाणू, डमटाल, सुंदरनगर, पौंटा साहिब, काला अंब, बद्दी, बरोटीवाला, मनाली और नालागढ़ में हवा और साफ रही, जबकि धर्मशाला और ऊना में हल्की गिरावट दर्ज की गई।

**आने वाले समय में और सुदृढ़ की जाएगी निगरानी**

**प्रदूषण** नियंत्रण बोर्ड ने कहा है कि यह सुधार लोगों की जिम्मेदार भागीदारी, सरकार की सतर्कता और पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता का परिणाम है। आने वाले समय में ऐसे प्रयासों को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, ताकि हिमाचल की स्वच्छ हवा और प्राकृतिक सुंदरता बनी रहे।

**ऊना, बद्दी और पांवटा साहिब में दिखा पटाखों का असर**

औसतन, वर्ष 2024 में दीपावली दिवस का वायु गुणवत्ता सूचकांक 140 रहा था, जो इस वर्ष घटकर 99 दर्ज हुआ। इसका अर्थ है कि हिमाचल प्रदेश में इस बार हवा पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा साफ रही।

शिमला में दीपावली दिवस पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 57, मनाली में 62 और सुंदरनगर में 68 दर्ज हुआ, जो स्वच्छ हवा की श्रेणी में आता है। परवाणू में यह 118, बद्दी में 167 और ऊना में 140 रहा, जहां पटाखों का असर थोड़ा अधिक देखा गया। धर्मशाला में सूचकांक 120 दर्ज हुआ, जो पिछले वर्ष से थोड़ा ज्यादा रहा।

राज्य की समग्र वायु गुणवत्ता में सुधार का यह संकेत है कि राज्य में पर्यावरण जागरूकता और प्रदूषण नियंत्रण उपाय असर दिखा रहे हैं। कई औद्योगिक और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी प्रदूषण स्तर नियंत्रित रहा, जो एक सकारात्मक संकेत है।

# साइबर फ्रॉड: तीन मामलों में 1 करोड़ से अधिक की ठगी में तीन गिरफ्तार

## साइबर थाना धर्मशाला की टीम ने राजस्थान से गिरफ्तार किए आरोपी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**साइबर** थाना धर्मशाला की टीम ने साइबर फ्रॉड के तीन मामलों में एक करोड़ से अधिक की ठगी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना की टीम ने तीनों आरोपियों को राजस्थान से पकड़ा है तथा उनसे 7 लाख 60 हजार रुपए की राशि भी बरामद की है।

यह तीन मामले वर्ष 2023 और 2024 के दौरान सामने आए थे। साइबर थाना नॉर्थ रेंज के एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि इसमें पहला मामला साल



2023 में पेश आया था। इसके तहत कांगड़ा जिले के एक व्यक्ति को शातिरों ने टेलीग्राम फ्रॉड के माध्यम से 32 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया था। इस मामले के तहत टीम की ओर से आरोपी रघुप्रताप सिंह चौधरी पुत्र राजीव चौधरी, निवासी हरजी भवन, हाइकोर्ट कॉलोनी रतानाड़ा जोधपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। दूसरा मामला साल 2024 में पेश आया था, जिसमें ठगों ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर एक व्यक्ति को 46 लाख रुपए का चूना लगाया था। इस मामले में टीम की ओर से आरोपी धर्म राम पुत्र जेता राम, निवासी रजनी पुनिया भीयासर, जोधपुर राजस्थान से शिकंजे में लिया गया है। तीसरा मामला साल 2023 में पेश आया था, जिसमें शातिरों ने ऑनलाइन टास्क के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए एक व्यक्ति से 24 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी की थी। इस मामले में संलिप्त आरोपी राकेश पुत्र मांगी लाल, निवासी थाटा नगर, श्री जमशेदगनर, जिला फिलौदी को साइबर टीम ने धरा है। उन्होंने बताया की साइबर टीम ने जांच के दौरान आरोपियों से कुल 7,63,000 की राशि भी बरामद की है।

# भारतीय फिल्म सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज से होगा धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का समापन

## सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीत चुकी हैं फिल्म निर्देशक अनुपर्णा रॉय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**धर्मशाला** इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (डीआईएफएफ) का समापन सर्वश्रेष्ट निर्देशक का पुरस्कार विजेता अनुपर्णा रॉय की फिल्म सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज से होगा।

वेनिस अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 (ओरिजोन्टी सेक्शन) में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार विजेता और बीएफआई लंदन फिल्म महोत्सव में आधिकारिक चयन के लिए चयनित, यह स्व-वित्तपोषित पहली फीचर फिल्म तीसरी दुनिया के जीवन, हाशिये पर पड़ी आवाजों




और महिला सशक्तिकरण को बेहद अंतरंगता के साथ दर्शाती है। फेस्टिवल का आयोजन 30 अक्तूबर से 2 नवंबर तक धर्मशाला के तिब्बती चिल्ड्रन्स विलेज में किया जा रहा है। इसके अलावा फेस्टिवल की समाप्ति रात्रि पर अन्य फिल्मों का भी प्रदर्शन होगा। सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज फिल्म थूया, एक प्रवासी और महत्वाकांक्षी अभिनेत्री की कहानी है, जो सुंदरता और बुद्धि का लाभ उठाकर शहर में अपना अस्तित्व बचाए रखती है। इसके अलावा फोरेस्टेरा, लेस्बियन स्पेस प्रिंसेस, आंद्रेई टारकोवस्की: एक सिनेमा प्रार्थना, नॉस्टेल्घिया, मरते हुए फिल्में भी प्रदर्शित होंगी। लेस्बियन स्पेस प्रिंसेस फिल्म अजीब बाहरी अंतरिक्ष में एक हंसी-मजाक से भरपूर साहसिक कार्य, लेस्बियन स्पेस प्रिंसेस दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई लेखिका/निर्देशक लीला वर्गीस और एम्मा हफ हॉब्स को प्रस्तुत करती है। आंद्रेई टारकोवस्की: एक सिनेमा प्रार्थना वृत्तचित्र टारकोवस्की के जीवन और कृतित्व का वर्णन करता है, जिससे निर्देशक स्वयं कहानी सुनाते हैं, जहां वे अपनी यादें, कला के प्रति अपने दृष्टिकोण और कलाकार के भाग्य तथा मानव अस्तित्व के अर्थ पर अपने विचार हमारे साथ साझा करते हैं। नॉस्टेल्घिया फिल्म में रूसी कवि आंद्रेई गोरचकोव अपने मार्गदर्शक और अनुवादक के साथ इटली की यात्रा करते हैं और 18वीं सदी के रूसी संगीतकार, पावेल सोस्नोव्स्की के जीवन पर शोध करते हैं।

# कब दुरुस्त होगा धर्मशाला-मैक्लोडगंज रोड, 4 माह से नहीं चली एचआरटीसी बस

राज शर्मा, अनंत ज्ञान

**मैक्लोडगंज।** बरसात में क्षतिग्रस्त हुआ धर्मशाला-मैक्लोडगंज रोड पर अभी तक दुरुस्त नहीं हो पाया है। आलम यह है कि करीब चार माह से इस मार्ग पर कोई भी एचआरटीसी बस नहीं गई है, जिसके चलते देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मैक्लोडगंज के आसपास के क्षेत्रों के स्थानीय लोग आपदा का दंश झेलने को मजबूर हैं। पिछले दो माह से सड़कों के क्षतिग्रस्त हो जाने से लोग रोजाना कई परेशानियों से जूझ रहे हैं। धर्मशाला-मैक्लोडगंज में सड़क कई जगहों से क्षतिग्रस्त है, जिसके चलते धर्मशाला से मैक्लोडगंज मार्ग पर चार माह से एचआरटीसी की बस नहीं गई है। इससे हजारों लोगों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों पर बुरा असर हो रहा है।

**नौ किमी पैदल सफर करने को मजबूर स्टूडेंट्स**

साथ ही नड्डी, सतोवरी, बरनेट व भत्तला के छात्रों को नौ किलोमीटर तक पैदल ही दौड़ना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों राजीव सिंह राणा, राजवीर सिंह राणा, निर्मल, महेश ख्मोत्रा, बिट्टू पठानिया, शोनकी राम ने बताया कि दो माह पहले बरसात की भारी बारिश के चलते धर्मशाला से मैक्लोडगंज जाने वाली सड़क कई जगह से धंस गई थी। साथ ही बाईपास मार्ग व खड़ा डंडा मार्ग भी जोगीवाड़ा के पास से भूस्खलन से बंद पड़ा है। बेशक इस डंगे को ठीक करने में समय लगेगा, लेकिन यहां सड़क इतनी चौड़ी है कि बड़े ट्रक, टिप्पर और अन्य लोडेड वाहन इस सड़क पर आसानी गुजर रहे हैं, सिर्फ एचआरटीसी बस नहीं जा रही है। एचआरटीसी की बस न चलने से बरनेट, सतोबरी, खड़ीबेही, करेरी, कुठारना जैसे दुगर्म गांवों के उन हजारों लोगों को दिक्कत हो रही है, जो रोजी-रोटी कमाने धर्मशाला आते हैं।

लोगों ने बताया कि वे इस बारे में निगम के अधिकारियों से बात करते हैं, तो वे पीडब्ल्यूडी से ओके आने की बात करते हैं, जब वे पीडब्ल्यूडी से बात करते हैं, तो वहां से जवाब मिलता है कि एनएच से पता करो। मैक्लोडगंज के स्थानीय कारोबारियों का कहना है कि निगम को भी मैक्लोडगंज के लिए बस सेवा शुरू कर देनी चाहिए, जिससे जो लोग परिवहन सुविधा के लिए परेशानी झेल रहे हैं, उन्हें राहत मिल सके।



बरसात में क्षतिग्रस्त हुआ धर्मशाला-मैक्लोडगंज रोड अभी तक दुरुस्त नहीं हो पाया।

# दलाईलामा ने जापान की नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री ताकाइची को दी बधाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**तिब्बती** धर्मगुरु दलाईलामा ने जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री चुने जाने पर सनाई ताकाइची को बधाई दी है। उन्होंने ताकाइची को लिखे पत्र में कहा कि जापान के इतिहास के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर उनका दशकों का सार्वजनिक सेवा का अनुभव नेतृत्व देने में सहायक होगा।



दलाईलामा ने ताकाइची की ऐतिहासिक जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महिला नेतृत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने लिखा कि मुझे यह देखकर खुशी है कि जापान ने अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री का चुनाव किया है। मेरा मानना है कि महिलाएं अधिक दयालु और दूसरों की भावनाओं के प्रति संवेदनशील होती हैं, ये गुण मैंने सबसे पहले अपनी मां से सीखे थे। उन्होंने आगे कहा कि वैज्ञानिक रूप से भी यह साबित हुआ है कि करुणा के मामले में महिलाएं दूसरों के दर्द के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं।

दलाईलामा ने दृढ़ विश्वास व्यक्त किया कि यदि अधिक महिला नेता होंगी, तो दुनिया एक अधिक समझदार और शांतिपूर्ण जगह बन जाएगी। अपने बधाई संदेश में दलाईलामा ने विश्व शांति की दिशा में जापान के प्रयासों की सराहना की।

## रविंदर सिंह रवि प्रदेश कबीरपंथी कल्याण बोर्ड के सदस्य नियुक्त

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश सरकार ने पनियाली गांव, तहसील धीरा के रविंदर सिंह रवि को प्रदेश कबीरपंथी कल्याण बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति समाज के कमजोर वर्गों की सेवाओं को देखते हुए की गई है। वह पिछले कई वर्षों से समाज के कमजोर वर्गों के लिए काम करते आ रहे हैं। वह प्रदेश श्रम कामगार कल्याण बोर्ड के भी कई वर्षों से सदस्य हैं, जिनके प्रयासों से हिमाचल प्रदेश के 5 लाख श्रमिक लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने मजदूरों एवं समाज के कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिए किए प्रयासों से लाखों लोगों को लाभ मिल रहा है। वह ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर सेंट्रल यूनियन के भी तीन राज्यों के प्रभारी है।



# तानी राम को भाजपा किसान मोर्चा पंचरुखी की कमान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के अनुभवी कार्यकर्ता तानी राम राणा को किसान मोर्चा मंडल पंचरुखी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नेतृत्व क्षमता, निष्ठा व संगठनात्मक योगदान को देखते हुए पार्टी ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। तानी राम राणा ने पार्टी में अपने सेवा कार्यों के दौरान सर्व प्रथम बीएलए के रूप में सेवा दी। इस भूमिका में उन्होंने बूथ स्तर पर मतदाताओं को पार्टी की नीतियों तथा योजनाओं से अवगत कराया और संगठन को जनसमर्थन दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके पश्चात तानी राम राणा ग्राम प्रमुख बने तथा गांव के विकास, सामाजिक कल्याण और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाई। उनकी नियुक्ति के उपरांत मंडल स्तर पर एक सशक्त कार्यकारिणी टीम का गठन किया गया है, जिसमें उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष और अनेक सक्रिय कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल किया गया है। यह टीम किसानों की समस्याओं, उनके कल्याण व विकास के लिए कार्य करेगी। तानी राम राणा ने कहा कि वह किसान समुदाय की आवाज शासन और प्रशासन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वह क्षेत्र के किसानों और समाज के हर वर्ग के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे। उनकी नियुक्ति से भाजपा को संगठन स्तर पर बड़ी मजबूती मिलेगी।



# नए स्थापित हाईटेक ट्रांसफार्मर यूनिटस से तांबे की तार चोरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**विद्युत** मंडल धर्मशाला के विभिन्न क्षेत्रों में नए स्थापित हाईटेक ट्रांसफार्मर यूनिटस से चोरों ने तांबे की तार पर हाथ साफ कर दिया। धर्मशाला विद्युत मंडल के तहत विभिन्न पांच स्थानों पर नए ट्रासफार्मर यूनिट स्थापित किए गए हैं। चोरी हुई तांबे की तार की कीमत करीब एक लाख रुपए है, जिसकी शिकायत एक्सईएन विकास ठाकुर ने पुलिस में दर्ज करवाई है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड धर्मशाला की ओर से हाल ही में खनियारा, कंड, चीलगाड़ी, रक्कड़ व झियोल में नए कांपेक्ट सबस्टेशन स्थापित किए गए थे। पुलिस थाना धर्मशाला ने एक्सईएन की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है, जिसे लेकर धर्मशाला शहर के संबंधित क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। बुधवार को एक्सईएन विकास ठाकुर ने पुलिस थाना धर्मशाला में शिकायत पत्र सौंपा है। उक्त प्रपत्र के विद्युत डिवीजन एचपीएसईबीएल धर्मशाला जिला कांगड़ा के सत्यापन के बाद पुलिस थाना में एफआईआर धारा 331(4), 305 (बीएनएस) के तहत दर्ज की गई है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि इस महीने के दौरान धर्मशाला डिवीजन में विभिन्न स्थानों जिसमें रक्कड़, चीलगाड़ी, झियोल, खनियारा, कंड आदि में 250 केवीए कॉम्पैक्ट सब-स्टेशन नए स्थापित हाई-टेक ट्रांसफार्मर यूनिट से तांबे के तार चोरी हो गए हैं। चोरी की गई संपत्ति का मूल्य एक लाख रुपए दर्ज किया गया है। उधर, इस संबंध में एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि शिकायत के आधार पर संबंधित थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस थाने की ओर से जांच पड़ताल की जा रही है। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज का भी खंगाला जा रहा है।

**धर्मशाला विद्युत मंडल में पांच जगह स्थापित किए हैं यूनिटस**

**एक लाख कीमत की तांबा तार चोरी की एक्सईएन ने दर्ज करवाई शिकायत**



# आयुष मंत्री से मिला कटोच कुलदेवी सोसायटी का प्रतिनिधिमंडल



आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा से मिलने पहुंचा प्रतिनिधिमंडल।

अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर

**ब्लॉक** पंचरुखी के खुडली गांव का कटोच कुलदेवी सोसायटी का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष डॉ. जगरूप कटोच की अध्यक्षता में आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा से मिला। उन्होंने मंत्री को कटोच कुलदेवी सोसायटी सैरुपट्ट लोअर व्याडा के परिसर रास्ते को कंक्रीट करवाने के लिए ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से आग्रह किया कि कटोच कुलदेवी का मंदिर है। वहां पर लोगों का आना जाना लगा रहता है, लेकिन कच्ची सड़क होने के कारण वहां पर गाड़ी ले जाना मुश्किल हो रहा है। इस सड़क को कंक्रीट किया जाए। मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही उक्त मार्ग के पहले चरण का कंक्रीट कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

# कौना स्कूल में शहीद सुरेश कुमार को दी श्रद्धांजलि



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौना में पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शहीद सुरेश कुमार की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया।

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौना में पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शहीद सुरेश कुमार की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय में बनाए गए स्मारक में स्कूल के कार्यकारी प्राचार्य विजय सिंह राणा, शहीद की सास ब्रह्मी देवी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस की ओर से आरक्षी संजय कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों तथा स्कूल स्टाफ ने शहीद सुरेश कुमार के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकारी प्राचार्य विजय सिंह राणा ने बताया कि थुरल तहसील की पंचायत कौना के मोड़ियां गांव के निवासी शहीद सुरेश कुमार कौना स्कूल के विद्यार्थी रहे हैं तथा भारत तिब्बत सीमा पुलिस की 19वीं वाहिनी में सेवारत थे। 18 दिसंबर 1994 में जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के हाला गांव में एक सर्च एवं कॉर्डन ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि शहीद सुरेश जैसे बलिदानियों से हम सब को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्राध्यापक विनोद कुमार, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कौना के शिक्षक यशपाल, रेखा देवी, सावित्री देवी व आईटीआई के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

## 28 से पहले बिजली बिल का करें भुगतान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस बयान में कहा कि विद्युत उपमंडल डरोह के तहत आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, वे उपभोक्ता 28 अक्तूबर से पहले अपना बकाया बिजली बिल का भुगतान कर दें। उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान ऑनलाइन माध्यम (एचपीएसईबीएल ऐप, पेटीएम, एयरटेल ऐप, गूगल पे, फोन पे एंड अमाजोन डॉट इन) से भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बिजली बिल का भुगतान न करने की स्थिति में बिना किसी आगामी सूचना के बिजली का कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। उन्होंने जनता से बिल का समय पर भुगतान करने की अपील भी की है।

**भुगतान न करने पर कटेगा कनेक्शन**

# करاटे बेल्ट टेस्ट में देहरा के 17 बच्चों ने दिखाया दमखम

पिंकी, अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** कराटे अकादमी देहरा में आयोजित ग्रेडिंग टेस्ट में देहरा के 17 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अलग-अलग बेल्ट हासिल की। बच्चे पिछले काफी समय से मेहनत कर रहे थे। कराटे अकादमी देहरा पारंपरिक प्रशिक्षण देता है।

टेस्ट में तेनजिन, छेकित, अविग्ना, अमोघ, अर्हत और अनुराग ने परपल बेल्ट, अर्थव ने ब्लू बेल्ट, रियाह ने ऑरेंज बेल्ट, आयुष्मान और युवान ने ग्रीन बेल्ट, कैरवी, नव्या, अव्या, आरव, भुवन, यक्ष, नक्ष और रावी ने येलो बेल्ट हासिल की। रावी कराटे अकादमी देहरा की सबसे छोटी 2 साल की छात्रा है। 2 साल की उम्र में रावी ने येलो बेल्ट हासिल कर ली है। रावी के माता-पिता का कहना है कि बच्चों के शारीरिक विकास के लिए शारीरिक गतिविधियां बहुत जरूरी हैं। रावी छोटी सी उम्र में बहुत सी एक्सरसाइज कर लेती है।



कराटे अकादमी देहरा की सबसे छोटी 2 साल की छात्रा रावी ने येलो बेल्ट हासिल की।

# दिवाली के बाद बढ़ा धर्मशाला का प्रदूषण स्तर, एक्यूआई 120 पहुंचा

## प्रदेश के पांच शहर मॉडरेट रेंज में, गुड रेंज में एक भी शहर नहीं


धर्मशाला शहर का विहंगम दृश्य।

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** दिवाली के बाद धर्मशाला शहर का प्रदूषण स्तर बढ़ गया है। आलम यह है कि धर्मशाला का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 120 तक जा चुका है, जो कि पिछले वर्ष दीपावली के बाद 109 था। प्रदेश के पांच शहर मॉडरेट रेंज में हैं, जबकि गुड रेंज में प्रदूषण की दृष्टि से एक भी शहर शुमार नहीं है।

**सबसे प्रदूषित शहरों में बद्दी टॉप पर, धर्मशाला चौथे स्थान पर**

हिमाचल के सबसे प्रदूषित शहरों में बद्दी टॉप पर है, जबकि दीपावली के बाद इस श्रेणी में धर्मशाला चौथे स्थान पर पहुंच गया है। अगस्त और सितंबर माह में की गई मानिटरिंग में डस्ट 50 माइक्रोन के आसपास थी, तब धर्मशाला संतोषजनक स्थिति में था, जबकि दीपावली के बाद धर्मशाला का एक्यूआई मॉडरेट रेंज में है। प्रदेश में डस्ट की बड़ी समस्या है, जिसमें पर्टीकूलेट मैटर यानी पीएम-10 और पीएम 2.5 है। पीएम-10 के कई स्त्रोत हैं जैसे कि गाड़ियां का प्रदूषण, विकास कार्य, दीपावली के दौरान आतिशबाजी, उद्योग और सड़क से उठने वाली धूल व धुआं है। कुछ वर्ष पहले आईआईटी से एक अध्ययन करवाया गया था, उसकी रिपोर्ट में यह भी सामने आया था कि सड़क की धूल मिट्टी भी पीएम-10 और पीएम 2.5 को बढ़ावा देते हैं।

हिमाचल प्रदेश स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड रिजनल लैबोरेटरी धर्मशाला के प्रिंसिपल साइंटिफिक ऑफिसर संजीव शर्मा ने विशेष बातचीत में बताया कि दीपावली से पहले एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 61 के लगभग था, जो कि धर्मशाला में बढ़कर 120 के करीब पहुंच गया है यानी डबल हो गया है। गाड़ियां तो दीपावली से पहले भी चल रही थी और दीपावली के दिन भी चलीं, लेकिन दीपावली पर फोड़े गए पटाखों व आतिशबाजी ने एक्यूआई को बढ़ाया है।

### ग्रीन पटाखे भी करते हैं प्रदूषण

**हालांकि** दूसरे पटाखे प्रतिबंधित कर सरकार की ओर से ग्रीन पटाखे चलाने की बात कही थी, लेकिन जिस तरह एक्यूआई बढ़ा है, वो स्पष्ट संकेत है कि लोगों ने दूसरे पटाखे भी चलाए हैं। अन्य पटाखे जहां 100 लेवल तक प्रदूषण करते हैं, तो ग्रीन पटाखे भी 30 से 40 के लेवल तक प्रदूषण करते हैं।

### 12 शहरों में हुई एक्यूआई मॉनिटरिंग

**हिमाचल** के 12 शहरों में एक्यूआई मॉनिटरिंग की गई है, जिसमें 5 शहर मॉडरेट श्रेणी में आए हैं, 7 शहर एक्यूआई की दृष्टि से संतोषजनक श्रेणी में हैं, जबकि गुड रेंज में एक भी शहर नहीं है। मॉडरेट रेंज का एक्यूआई 100 से 200 के बीच होता है। धर्मशाला, ऊना, बद्दी, पांवटा साहिब व परवाणु शहर मॉडरेट रेंज में हैं।


एयर क्वालिटी इंडेक्स मापने के लिए प्रयुक्त होने वाली मशीनरी।

### डमटाल में भी होता है एक्यूआई स्टडी



**संजीव** शर्मा ने बताया कि दीपावली के दौरान एक स्टडी डमटाल भी की जाती है, लेकिन वहां एक्यूआई में ज्यादा असर नजर नहीं आया है। पिछली दीपावली के बाद डमटाल का एक्यूआई 98 था, जबकि इस बार 97 दर्ज किया गया है। डमटाल औद्योगिक क्षेत्र है और दीपावली पर्व पर उद्योग बंद रहते हैं, लेकिन पठानकोट से आने वाली धूल से डमटाल का एक्यूआई 97 दर्ज हुआ है।

### प्रदेश में प्रदूषित गैसें कम

**संजीव** शर्मा के अनुसार, प्रदेश में प्रदूषित गैस बहुत कम है। सल्फर डाइआक्साइड, आक्साइड आफ नाइट्रोजन है, वो बहुत कम हैं। 80 माइक्रोग्राम की लिमिट सल्फर डाइआक्साइड की है, उसके मुकाबले 2 माइक्रोग्राम पर क्यूबिक मीटर मिलती है। वहीं, आक्साइड आफ नाइट्रोजन की 80 माइक्रोग्राम के मुकाबले 8 से 9 के करीब आ रही है। हिमाचल प्रदेश में गैसें प्रदूषित नहीं है, बल्कि यहां मुख्य समस्या डस्ट की है। डस्ट के बारीक कण, जो हमारे लंग्स तक असर करते हैं, जो कि लोगों में कई तरह की बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

### 13 अक्तूबर से शुरू हुई मॉनिटरिंग, 27 तक रहेगी जारी: पूजा



हिमाचल प्रदेश स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड रिजनल लैबोरेटरी धर्मशाला की कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी पूजा कौंडल के अनुसार दीपावली के समय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से पीएम-10 और पीएम 2.5 को मेजर करते हैं और हवा में एक्यूआई कितना बढ़ा है, उसका आकलन करते हैं। एक्यूआई की मॉनिटरिंग इस वर्ष 13 अक्तूबर से शुरू हो चुकी है और 27 अक्तूबर तक जारी रहेगी। धर्मशाला के एक्यूआई में पीएम-10 की क्वालिटी इस बार कम है, जबकि पीएम 2.05 की क्वांटिटी बढ़ने से एक्यूआई पिछले वर्ष की अपेक्षा डबल हो गया है। ग्लोबल वार्मिंग व निरंतर जारी विकास कार्य के चलते एक्यूआई बढ़ता रहता है, लेकिन दीपावली के दौरान पटाखों व आतिशबाजी करने के कारण इसका लेवल एकदम बढ़ जाता है। पंजाब व दिल्ली में पराली को जलाने के कारण भी एक्यूआई बढ़ जाता है।

---

# धर्मशाला में लौट रहा है लोक रंग 'धार' 2025 में गूंजेंगे पहाड़ों के सुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**दिसंबर** माह एक बार फिर कला, संगीत और सिनेमा के रंगों में रंगने जा रहा है। आगामी 27 दिसंबर को मैक्लोडगंज में आयोजित होने वाला धार 2025 स्थानीय और लोक कलाकारों को मंच देने की एक अनोखी पहल है, जिसका उद्देश्य धर्मशाला की सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा देना है। धार 2025 को इंटेलिपल्स सॉल्यूशंस की ओर से तैयार किया गया है, यह मंच उभरते हुए कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और पहचान बनाने का अवसर देता है। प्रतिभागी कलाकारों को कलात्मक योगदान प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन तिब्बतन इंस्टिट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स में होगा, जहां दर्शकों को संगीत, फिल्म और कला का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। लेफ्टिनेंट संध्या सूरी, सीईओ, इंटेलिपल्स सॉल्यूशंस ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रसिद्ध फिल्मकार ओनिर एक मास्टरक्लास का संचालन करेंगे और अपनी पुरस्कार-विजेता फिल्म "फहीम एंड करुण" की विशेष स्क्रीनिंग प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात फिल्म निर्माण पर एक संवाद सत्र भी रखा गया है। शाम के सत्र में लोक और इंडी कलाकारों की लाइव प्रस्तुतियां होंगी, जहां लगभग 450 दर्शकों के बीच पहाड़ी और समकालीन सुरों का संगम गूंजेगा। इसके साथ ही स्थानीय संस्कृति को दर्शाने वाले भोजन स्टॉल, कला प्रदर्शनियां और सांस्कृतिक झलकियां पूरे आयोजन को एक जीवंत अनुभव में बदल देंगी।

# कैफे कर्मचारियों से मारपीट सामान तोड़ा, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस चौकी योल में एक कैफे के मालिक ने 3 युवकों पर उसके कैफे के सामान की तोड़फोड़ व कैफे के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई है।

एएसपी बीर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में उदितांशु सेन पुत्र पवन सेन निवासी सिद्धपुर ने बताया कि मंगलवार को शाम करीब सवा 6 बजे रक्कड़ स्थित उनके कैफे में आए 3 युवकों ने उसके कर्मचारियों के साथ मारपीट की और कैफे के सामान में तोड़-फोड़ की है। एएसपी ने बताया कि कैफे मालिक की शिकायत पर पुलिस की ओर से तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इसकी जांच पुलिस चौकी योल की ओर से की जा रही है।

# सलाड़ी में कार से 24 पेटी अवैध देसी शराब बरामद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला


कांगड़ा पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान मिली सफलता।

**जिला** कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार रात को कांगड़ा पुलिस ने इनोवा गाड़ी से 24 पेटी यानी 2 लाख 16 हजार एमएल अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस को यह सफलता ट्रैफिक चैकिंग के दौरान मिली। ट्रैफिक चैकिंग के दौरान इनोवा कार (एचपी-97- 0721) में होशियार सिंह निवासी गांव बासा डाकघर स्पेल तहसील नगरोटा सूरियां के कब्जे से 24 पेटियां देशी शराब की बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना कांगड़ा में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई नियमानुसार प्रगति पर है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस की ओर से नशे के कारोबारियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से लगातार उन पर निगरानी रखी जा रही है तथा लगातार गश्त, ट्रैफिक चेकिंग व नाकाबंदी भी की जा रही है। आरोपी इनोवा कार में भारी मात्रा में अवैध शराब की खेप लेकर आ रहा था तो पुलिस चौकी लंज की टीम ने सलाड़ी लिंक रोड पर ट्रैफिक चेकिंग के दौरान उक्त आरोपी को रंगेहाथों काबू किया और आरोपी द्वारा इनोवा कार की डिक्की में अवैध रूप से ले जाई जा रही 24 पेटियों में 278 बोतलें देसी शराब की भारी खेप बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

---

# धौलाधार स्कूल का होनहार छात्र नमन बना 'ब्रेन ऑफ हिमाचल'

मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान



नमन शर्मा ने स्कूल और जिले का नाम किया रोशन।

**योल।** धौलाधार पब्लिक स्कूल योल कैंट के होनहार छात्र नमन शर्मा ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर हिमाचल प्रदेश में आयोजित 'ब्रेन ऑफ हिमाचल' प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता न केवल उनके विद्यालय के लिए, बल्कि योल कस्बे और पूरे जिला कांगड़ा के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि के लिए नमन शर्मा को 12 अक्तूबर को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में आयोजित राज्यस्तरीय सम्मान समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की ओर से सम्मानित किया गया। नमन शर्मा कक्षा छठी के छात्र है। नमन के पिता रामकुमार शर्मा कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, जबकि माता मोनिका शर्मा एक गृहिणी हैं। परिवार में उनकी बड़ी बहन नैंसी शर्मा भी पढ़ाई में उत्कृष्ट हैं और नमन के लिए प्रेरणास्त्रोत रही हैं। नमन ने कहा कि इस प्रतियोगिता में मेरिट में आना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसका श्रेय मैं अपने अध्यापकों, माता-पिता और विशेष रूप से अपनी बहन नैंसी को देना चाहता हूं, जिनसे मुझे हमेशा प्रेरणा मिलती है। नमन ने आगे बताया कि वे भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहते हैं। धौलाधार पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने नमन की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और कहा कि वह विद्यालय के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। स्कूल प्रबंधन ने भी इस सफलता के लिए नमन और उसके परिवार को बधाई दी। योल क्षेत्र और स्थानीय लोगों में भी इस उपलब्धि को लेकर गर्व की भावना है। सबका कहना है कि नमन जैसे बच्चे ही आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश का नाम देशभर में रोशन करेंगे।

**उपमुख्यमंत्री मुकेश ने किया सम्मानित**

# तिलक राज भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं लोकजन मंच के संयोजक तिलक राज को प्रदेश भाजपा में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गई है। तिलकराज को प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चे का प्रदेश प्रवक्ता का महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। बैजनाथ के युवा नेता एवं पूर्व में जिला परिषद सदस्य रहे हैं। इसके साथ-साथ वह लोकजन मंच संस्था के बैनर तले कई प्रकार की जनहित की गतिविधियों को भी अंजाम देते रहे हैं। तिलक राज ने जिला परिषद का चुनाव भारी बहुमत से जीतकर इलाके में एक नई पहचान बनाई थी। वर्तमान में तिलक राज की धर्मपत्नी रितु कुमारी बैजनाथ नगर परिषद के पार्षद के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। तिलक राज ने बताया कि भाजपा द्वारा जो मुझे जिम्मेवारी दी गई है उसे वह पूरी लगन के साथ निभाएंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में बैजनाथ हलके में जीत का परचम लहराना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। तिलक राज ने भाजपा के सभी शीर्ष नेतृत्व के साथ साथ जगत प्रकाश नड्डा, शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल, जयराम ठाकुर, डॉ. राजीव बिंदल, अनुराग ठाकुर, इंदु गोस्वामी, विपिन सिंह परमार तथा सुधीर शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

# भाजपा और कांग्रेस सरकार ने किया कर्मचारियों का आर्थिक शोषण : भंडारी

## कहा- 43 हजार पेंशनर्स को अभी तक नहीं मिले देय वित्तीय लाभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



हिमाचल प्रदेश के 43,000 सेवानिवृत्त कर्मचारियों, जिन्होंने 1 जनवरी 2016 से 1 जनवरी 2022 के बीच अपनी सेवाएं समाप्त कीं, को छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों के तहत संशोधित ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन, और अर्जित अवकाश नकदीकरण के बकाया एरियर का भुगतान आज तक नहीं किया गया। यह न केवल आर्थिक शोषण है, बल्कि पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकारों द्वारा संवैधानिक मर्यादा को तार-तार करने का घृणित कृत्य है। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि दोनों मुख्यमंत्रियों ने इस मामले में हैरतअंगेज रिकॉर्ड स्थापित किए, जो निंदनीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वित्तीय लाभों को रोककर एक स्थापित विधि-सम्मत परंपरा को तोड़ दिया, जिसमें सेवानिवृत्ति के लाभों का अविलंब एकमुश्त भुगतान सुनिश्चित किया जाता था। उनकी सरकार ने इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया एरियर्स का एक भी नया पैसा अदा न कर उनके साथ विश्वासघात किया। यह कदम न केवल वरिष्ठ नागरिकों के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही की कमी को भी उजागर करता है।

वहीं दूसरी ओर वर्तमान मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी इस मामले में कोई राहत नहीं दी। उन्होंने तो संवैधानिक अनुचितता का परिचय देते हुए विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट भाषण में बकाया एरियर्स के चरणबद्ध भुगतान को प्रस्तावित किया था, लेकिन आज तक इस प्रस्ताव को लागू ही नहीं किया। इस वित्त वर्ष के बजट भाषण में तो सुक्खु सरकार ने इन पेंशनर्स के वित्तीय लाभों के बकाया एरियर के भुगतान का जिक्र करना भी मुनासिब नहीं समझा। भंडारी ने कहा कि यह कर्मचारी, जिन्होंने राज्य की प्रगति के लिए अपने जीवन का स्वर्णिम समय समर्पित किया, आज अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकारों का यह रवैया इन वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और गरिमा पर हमला है। यह केवल 43,000 कर्मचारियों का सवाल नहीं, बल्कि पूरे राज्य की प्रशासनिक विश्वसनीयता और लोकतांत्रिक मूल्यों का मामला है। यदि सरकारें अपनी जिम्मेदारियों से अब भी भागती रहीं, तो सड़कों पर उतर चुके कर्मचारी और पेंशनर्स और भी उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

---

# दस मंडलों में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकारिणी का विस्तार

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला पालमपुर की अध्यक्ष सीमा चौधरी ने शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के उपरांत चार विधानसभा क्षेत्रों के तहत आने वाले दस मंडलों में महिला मोर्चा कार्यकारिणी का विस्तार किया। अपर मंडल महिला मोर्चा कार्यकारिणी में कुंडों देवी, कांता देवी, देवी योगेश्वरी, महामंत्री शकुंतला गोंडल, सकीना वर्मा को उपाध्यक्ष, विद्या देवी, सचिव लता देवी, मधु देवी, ज्योति शर्मा, मीना शर्मा, सदस्य रुक्मणी देवी, कमला देवी, श्रेष्ठ देवी, रंजना देवी, विनीता देवी, रीता देवी, माया देवी, गुड्डू देवी, सुमन देवी, गमरो देवी को कोषाध्यक्ष और मंडल बैजनाथ लोहर मंडल कार्यकारिणी में अनुराधा, सुनीता राणा, अनीता राणा, सुमन लता को महामंत्री, खेमलता, नीलम राणा, सकीना, सचिन सुषमा देवी, शिवानी देवी, राधा देवी, आशा देवी को उपाध्यक्ष व इंदिरा देवी, सदस्य प्रेमलता मीणा सीमा, अंजू, कुसुम, कुसुम कटोच, अंकिता को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

इस दौरान प्रदेश सचिव सुमित शर्मा, प्रदेश सह मीडिया संयोजक संजीव शर्मा और जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल, जिला महिला मोर्चा महामंत्री लता पटियाल और मीरा राणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी गईं और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# पठानकोट के सुजानपुर में एक साल की बच्ची के अपहरण की कोशिश


भूल चक डेसियां गांव की तमन्ना की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** पठानकोट के सुजानपुर क्षेत्र में एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती एक वर्षीय बच्ची के अपहरण की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

थाना प्रभारी मोहित टाक ने बताया कि गांव भूल चक डेसियां निवासी तमन्ना पत्नी विकास ने पुलिस को शिकायत दी कि 21 अक्तूबर की शाम करीब 4 बजे वह अपनी जेठानी की एक साल की बच्ची मन्नत को गोद में लेकर अस्पताल में बैठी थी। इसी दौरान एक अज्ञात युवक अचानक आया और बच्ची को छीनकर वहां से लगभग 40-50 मीटर दूर तक ले गया। तमन्ना ने हिम्मत दिखाते हुए उस युवक का पीछा किया और बच्ची को वापस ले आई। बाद में पता चला कि आरोपी युवक का नाम गोपी है, जो कि खुशीपुर सुजानपुर का निवासी है। तमन्ना ने मांग की कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी युवक गोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

# नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत से दिया आपदा प्रबंधन का संदेश

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने उपमंडल बैजनाथ की पंचायत संसाल एवं पंजयाला में लोगों को आपदा प्रबंधन एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण के प्रति नुक्कड़ नाटक एवं गीत-संगीत के माध्यम से जागरूक किया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्थानीय जनता को संदेश दिया कि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए सजगता, सतर्कता और पूर्व तैयारी ही सबसे बड़ा बचाव उपाय है। उन्होंने लोगों को बताया कि भवन निर्माण कार्यों में आपदा सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे भूकंप, भूस्खलन या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय जान-माल की हानि को कम किया जा सके। नुक्कड़ नाटक में कलाकारों ने विशेष प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि आपदा के समय घबराने के बजाय आपदा प्रबंधन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से जारी दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को आपदा की स्थिति में सुरक्षित स्थानों की पहचान, प्राथमिक उपचार, सामुदायिक सहयोग और त्वरित सूचना प्रणाली के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया कि किस प्रकार प्रत्येक परिवार को एक आपातकालीन किट तैयार रखनी चाहिए, जिसमें सूखा भोजन, दवाएं, टॉर्च, पीने का पानी इत्यादि आवश्यक वस्तुएं शामिल हों, ताकि आपदा की स्थिति में आवश्यक तैयारी बनी रहे। इस अवसर पर प्रधान पंचायत संसाल उर्मिला देवी, प्रधान पंचायत पंजयाला अंजू देवी सहित गांववासी उपस्थित रहे।

# 31 से शुरू होगा एबीवीपी का 46वां प्रदेश अधिवेशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश में छात्रशक्ति का संगम एक बार फिर देखने को मिलेगा। एबीवीपी का 46वां प्रदेश अधिवेशन इस बार कांगड़ा जिले के पावन स्थल गुप्त गंगा में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय यह अधिवेशन 31 अक्तूबर से शुरू होकर 2 नवंबर तक चलेगा। इसमें प्रदेशभर से 500 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

प्रदेश की 19 संगठनात्मक इकाइयों की सहभागिता के साथ यह अधिवेशन न केवल संगठनात्मक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक एवं वैचारिक रूप से भी महत्वपूर्ण साबित होने जा रहा है। विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने धर्मशाला में पत्रकारवार्ता में बताया कि इस बार का अधिवेशन छात्रशक्ति और हिमाचल दर्शन की झलक प्रस्तुत करेगा। अधिवेशन स्थल पर लघु हिमाचल दर्शन प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी, जिसमें परिषद द्वारा वर्षभर किए गए शैक्षिक, रचनात्मक और आंदोलनात्मक कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री अपने वार्षिक मंत्री प्रतिवेदन के माध्यम से संगठन की वर्षभर की गतिविधियों का ब्योरा प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा अधिवेशन के दौरान नए प्रदेश अध्यक्ष और मंत्री का चयन भी किया जाएगा। परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों के अनुसार, अधिवेशन में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। पहला हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था पर और दूसरा प्रदेश के सामाजिक मुद्दों पर विद्यार्थी परिषद की भूमिका को स्पष्ट करेगा। नैंसी अटल ने कहा कि अधिवेशन में केंद्र, प्रदेश एवं क्षेत्रीय स्तर के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा की टीम बीते डेढ़ महीने से तैयारियों में जुटी हुई है। वहीं समाज के विभिन्न वर्गों, पूर्व कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का उत्साहपूर्ण सहयोग अधिवेशन को भव्यता को और बढ़ा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### हर्षोल्लास के साथ मनाया विश्वकर्मा दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में दीपोत्सव के मध्य आने वाले त्योहारों में बाबा विश्वकर्मा पूजन दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शहर के डियारा सेक्टर में स्थित बाबा श्री विश्वकर्मा मंदिर में इस दिवस को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लकड़ी का काम करने वाले, मकान बनाने वाले, मेकेनिक व अन्य हाथ से काम करने वाले मिस्त्रियों ने बाबा विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की तथा कारोबार में उन्नति की कामना की। पंडित ओमप्रकाश द्वारा विधिवत रूप से हवन यज्ञ करवाया गया तथा बाद में प्रसाद भी बांटा गया। इस दौरान हाल ही में स्वर्गवासी हुए कमल किशोर की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### युवक के साथ मारपीट करने पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पुलिस थाना बरमाणा के तहत साई ब्राह्मणा में एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस को दी शिकायत में बाबू राम शर्मा निवासी निवासी साई ब्राह्मण ने बताया कि रात को चार-पांच युवक उसके घर के बाहर गाली-गलौज करने लगे। युवकों ने पत्थर और डंडों से बेटे पर हमला किया और वहां से भाग गए। हमला करने वालों में एक युवक पहले भी इस तरह का विवाद कर चुका है। डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### दो पक्षों में मारपीट पर क्रॉस एफआईआर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पुलिस थाना भराड़ी के तहत दो पक्षों में मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में निशांत निवासी भांबला ने बताया कि पांच लोगों ने मिलकर मारपीट की और गाड़ी की चाबी निकाल ली। दूसरे पक्ष की शिकायत में अजय कुमार निवासी देहरा ने बताया कि कुछ लोगों ने जाहू ले जाने का प्रयास किया। इस पर मना किया, तो उन लोगों ने मारपीट की। भाई के साथ भी मारपीट की और गाड़ी को नुकसान पहुंचाया। डीएसपी घुमारवीं विशाल वर्मा ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### पूर्व विधायक डॉ. बाबूराम को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर सदर के पूर्व कांग्रेस विधायक डॉ. बाबूराम गौतम के निधन से पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। बड़ी संख्या में लोग उनके निवास स्थान पर अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर के लुहणू घाट में किया गया, जहां उनके पुत्र अनूप ने मुखाग्नि दी। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने डा. बाबूराम गौतम के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। धर्माणी ने कहा कि डॉ. गौतम एक सच्चे जनसेवक थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनता की सेवा, सामाजिक उत्थान और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को समर्पित किया। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, विधित्र सिंह, पूर्व विधायक तिलकराज, केके कौशल, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा, एपीएमसी अध्यक्ष सतपाल वर्धन व मंजीत डोगरा सहित अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### नम्होल में कांग्रेस आज करेगी धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुखाला की बैठक गत शुक्रवार को रेस्ट हाउस नम्होल में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर और पूर्व महासचिव विकास ठाकुर ने की थी। बैठक में आगामी धरना-प्रदर्शन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि 23 अक्तूबर को कांग्रेस कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान विकास ठाकुर ने कहा कि आरएसएस देश में मनुवादी विचारधारा फैलाकर समाज को बांटने का काम कर रही है और भाजपा इस विचारधारा को संरक्षण दे रही है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के भाई पर लगे रेप केस का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि भाजपा नेता इस पर चुप क्यों हैं। विकास ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट पर जूता फेंकने की घटना यह दर्शाती है कि जनता में आक्रोश चरम पर है और यह सब केंद्र सरकार की विफल नीतियों का परिणाम है।

# शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

## पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन बिलासपुर में करवाया गया कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पुलिस लाइन बिलासपुर में सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने की। इस अवसर पर देश की सेवा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा। इसके बाद शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पुलिस विभाग की टुकड़ियों ने श्रद्धा और अनुशासन के साथ शहीदों को नमन किया।



पुलिस लाइन बिलासपुर में शहीद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देते एसपी संदीप धवल और अन्य।

### शहीद हमारे साहस के प्रतीक : एसपी

**पुलिस** अधीक्षक संदीप धवल ने कहा कि जिन पुलिस जवानों ने राष्ट्र और जनता की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, वे सच्चे अर्थों में समाज के प्रहरी और प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका साहस, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण सदैव हमें देश सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। हर पुलिस कर्मी का दायित्व है कि वह शहीदों के आदर्शों को अपनाते हुए अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहे। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस बल सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखने का ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी है।

### कर्तव्यनिष्ठा और सेवा का लिया संकल्प

**कार्यक्रम** के समापन पर सभी अधिकारियों ने शपथ ली कि वे शहीदों के आदर्शों पर चलकर निष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी के साथ समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी, उपपुलिस अधीक्षक बिलासपुर मदन धीमान, उपमंडलाधिकारी घुमारवीं विशाल वर्मा, उपमंडलाधिकारी श्री नयना देवी जी विक्रांत बोंसरा, उपपुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी सहित जिला के सभी थाना प्रभारी और पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# केंद्र की घोषणाएं कागजों तक ही सीमित : हीरा पाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव हीरा पाल सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आई आपदा को दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से की गई घोषणाएं अब तक केवल कागजों में सीमित हैं। जनता को राहत पहुंचाने के नाम पर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



**अब भी राहत को तरस रही हिमाचल की जनता**

उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि केंद्र सरकार राहत राशि को किस माध्यम से दे रही है। इस अस्पष्टता के कारण आम जनता आज भी सहायता के इंतजार में है।

हीरा पाल ठाकुर ने कहा कि आपदा में सड़कों, बिजली, पानी की आपूर्ति, स्वास्थ्य संस्थानों और शैक्षणिक ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा था। राज्य सरकार सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद राहत कार्य में जुटी हुई है, जबकि केंद्र सरकार की ओर से कोई विशेष आर्थिक सहायता अब तक नहीं मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आपदा के बाद हिमाचल दौरा केवल बयानों और आश्वासनों तक ही सीमित रहा है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल राज्य में उद्योगपति, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं, कर्मचारी व अधिकारी वर्ग अपनी क्षमता अनुसार मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान दे रहे हैं। लेकिन केंद्र की चुप्पी और औपचारिक रवैये से जनता में गहरा असंतोष व्याप्त है। हीरा पाल ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के नेता आपदा राहत पर बड़ी बातें कर चुके हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रभावित परिवारों को अभी तक राहत के चेक तक नहीं मिले हैं। बरसात खत्म हो चुकी है, सर्दी सिर पर है, और हजारों परिवार अब भी किराए के घरों में रह रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे मानवीय विषयों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

# एसआईवीटी 1 नवंबर को मनाएगा वार्षिक समारोह : सतीश शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**न्यायमूर्ति विवेक ठाकुर करेंगे मेधावियों को सम्मानित**

शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर यानी एसआईवीटी का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एक नवंबर को घुमारवीं के जगन पैलेस में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विवेक ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए एसआईवीटी के मैनेजिंग डायरेक्टर सतीश शर्मा ने बताया कि एसआईवीटी के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 2025 की तैयारियां इन दिनों जोरों पर हैं। इसके लिए समितियों और उपसमितियों का गठन कर दिया गया है। होगा। एसआईवीटी की विभिन्न जिलों में काम कर रही 18 इंस्टीट्यूट के प्रभारियों को कार्यक्रम संबंधी हिदायतें दे दी गई हैं। उन्होंने बताया



कि इस बार सभी शाखाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हिमाचली परंपरा पर निर्धारित होंगी, जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रभारियों और शाखाओं को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित करवाया जाएगा। वहीं एसआईवीटी सोसायटी में बेहतर काम करने वाले पदाधिकारियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। सतीश शर्मा ने बताया कि कंप्यूटर शिक्षा में जिन बच्चों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक दसवीं और बाहरवीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लिए हैं उन्हें निशुल्क कंप्यूटर कोर्स करवाए जाते हैं तथा वर्तमान में एसआईवीटी की प्रदेश की विभिन्न शाखाओं में 40 बच्चे निशुल्क कोर्स कर रहे हैं।

# 80 गार्ड पदों पर भर्ती 30-31 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** एसआईएस सिक्योरिटी, इंडिया लिमिटेड, रीजनल ट्रेनिंग सेंटर हमीरपुर नियर वुड पार्क, सैनिक स्कूल, बड़सर रोड, हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड्स के 80 पदों को भरा जा रहा है। इन पदों के लिए 30 अक्तूबर को उप-रोजगार कार्यालय घुमारवीं में तथा 31 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे से उप-रोजगार कार्यालय श्री नयना देवी जी में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। सिक्योरिटी गार्ड्स के इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं अथवा 12वीं पास तथा उम्मीदवार की आयु 19 से 40 वर्ष होनी अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को 17,500 रुपए से 22,500 रुपए तक मासिक मानदेय प्रदान किया जाएगा। इन पदों के लिए केवल पुरुष उम्मीदवार ही पात्र हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित स्थान, तिथि व समय पर उपस्थित होकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

# आईटीआई बरठीं में 30 को इंटरव्यू लेंगी नामी कंपनियां

## मासिक वेतन के साथ अन्य सुविधाएं भी मुहैया करवाएंगी कंपनियां

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

आईटीआई बरठीं में आईटीआई पास कर चुके युवाओं को नामी कंपनियां रोजगार देंगी। इसके लिए 30 अक्तूबर को बरठीं आईटीआई में कैंपस इंटरव्यू होंगे। कैंपस इंटरव्यू में उत्तीर्ण रहने वाले अभ्यर्थियों को बेहतर मासिक वेतन के साथ ही कंपनी की ओर से अन्य सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाएंगी। बेरोजगार युवा कंपनी के इस कैंपस इंटरव्यू को उतीर्ण कर बेहतर रोजगार हासिल कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार आईटीआई बरठीं में होने वाले कैंपस इंटरव्यू के लिए सोलन जिला के तहत बद्दी बरोटीवाला में स्थित एआर इंटरप्राइजिज, इमफोस ऑटो टैक लिमिटेड झाड़माजरी, इमब्रोस





ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड बद्दी, एमटीए ऑटो क्रॉफ्ट बरोटीवाला, हिम इंजीनियरिंग बद्दी, ग्रोवेल ग्रयू एंड वेल इंडिया लिमिटेड बरोटीवाला, मनीष फार्मासिटीकल झाड़माजरी, बिटा ड्रग बद्दी, पेन्ज्यून इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड नालागढ़, इजल प्रोपैक नालागढ़, खोसला इनोवोपैका झाड़माजरी सहित अन्य कंपनियां भाग लेंगी।

कैंपस इंटरव्यू के लिए आईटीआई पास प्रशिक्षणार्थी फिटर, मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, प्लंबर, कंप्यूटर टर्नर, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिका ट्रेड पास अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरठीं में 30 अक्तूबर को अपने सभी दस्तावेज के साथ पहुंच सकते हैं। इस दौरान अभ्यर्थी को दो फोटो भी साथ लाने अनिवार्य होंगे। कंपनी के कैंपस इंटरव्यू के दौरान उतीर्ण रहने वाले अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा 13 हजार 500 से 18 हजार वेतन के साथ ही अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। आईटीआई बरठीं के प्रिंसीपल सचिन शर्मा व संस्थान के सोशल मीडिया प्रभारी अरूण शर्मा ने बताया कि इस कैंपस इंटरव्यू में भाग लेकर युवा बेहतर रोजगार हासिल कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया है कि युवा बेहतर रोजगार हासिल करें।

# सदर की इंदु डोगरा, घुमारवीं की रीना देवी महामंत्री नियुक्त

## बिलासपुर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रचना ने घोषित की कार्यकारिणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रचना ठाकुर ने भाजपा महिला मोर्चा और जिला भाजपा शीर्ष नेतृत्व से चर्चा करने के बाद अपनी नई जिला कार्यकारिणी और मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि नई टीम में हर क्षेत्र से सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, ताकि संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। रचना ठाकुर ने बताया कि जिला कार्यकारिणी में सदर की इंदु डोगरा और घुमारवीं की रीना देवी को महामंत्री नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी श्री नयना देवी लोअर की सुदेश ठाकुर, सदर की प्रोमिला चंदेल, श्री नयना देवी अप्पर की अरुणा शर्मा और शाहतलाई की सुरेश मन्हास को सौंपी गई है। सचिव के रूप में सदर की अंजू राणा, श्री नयना देवी लोअर की किरण शर्मा, श्री नयना देवी अप्पर की आरती ठाकुर, भराड़ी की प्रतिमा चौहान और घुमारवीं की रीना भारद्वाज को नियुक्त किया गया है। शाहतलाई की वीना शर्मा कोषाध्यक्ष होंगी, जबकि बिलासपुर शहर की संतोष जोशी को कार्यालय सचिव का दायित्व दिया गया है। भराड़ी की ललिता भारद्वाज मीडिया प्रभारी, सदर की रीता सहगल प्रवक्ता, सदर की सुमन गर्ग आईटी सेल प्रभारी और श्री नयना देवी अपर की शर्मिला शर्मा सोशल मीडिया प्रभारी होंगी। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में झंडूता की सत्य धीमान, प्रोमिला देवी और सरिता धीमान, शाहतलाई की वंदना कुमारी और नीलम कुमारी, भराड़ी की विमला देवी, रंजना चौहान और प्रोमिला, घुमारवीं की सुधा शर्मा और व्यासा नड्डा, सदर की मीना, श्री नयना देवी अपर की रीता धीमान और नीलम शर्मा, श्री नयना देवी लोअर की बबली देवी को शामिल किया गया है।

# जुखाला विद्यालय में 26 को होगी जिलास्तरीय खो-खो प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन बिलासपुर आगामी 26 अक्तूबर को सब जूनियर ब्वॉयज एवं जूनियर गर्ल्स जिलास्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। एसोसिएशन जिलाध्यक्ष पवन ठाकुर ने बताया कि यह एकदिवसीय प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुखाला के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। इसके आयोजन की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर-14 हेतु खिलाडियों की आयु 4 फरवरी 2025 तक 14 वर्ष होनी चाहिए। अंडर-18 जूनियर गर्ल्स हेतु आयु सीमा 28 दिसंबर 2025 तक पूरी हो। सभी खिलाड़ियों के लिए अपने साथ आयु प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

# संस्कार सोसायटी ने शुरू किया 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

दीपावली के पावन अवसर पर संस्कार सोसायटी घुमारवीं ने नशा मुक्ति के लिए 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान की शुरुआत की। इस मुहिम का उद्देश्य युवाओं को नशे की आदत से बचाना और समाज को सशक्त बनाना है। अभियान का उद्घाटन एक सादे, लेकिन प्रेरक समारोह में किया गया। सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि चिट्टा और अन्य घातक नशों ने युवाओं और परिवारों का जीवन प्रभावित किया है। उन्होंने बताया कि समाज में असंतुलन और टूट-फूट की स्थिति उत्पन्न हो रही है, इसलिए हर नागरिक को नशे के खिलाफ खड़ा होना चाहिए और युवाओं को सही दिशा दिखानी चाहिए। महेंद्र धर्माणी ने बताया कि यह अभियान केवल बातें करने तक सीमित नहीं है। हर गली, मोहल्ला, विद्यालय और कॉलेज में जाकर जागरूकता फैलाना इसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व प्रकाश और आशा का प्रतीक है, और इसी तरह यह अभियान समाज से नशे का अंधकार मिटाने का प्रयास है।



**महेंद्र धर्माणी बोले- युवाओं को दिखानी होगी सही दिशा**

संस्कार सोसायटी ने अभियान के तहत रैलियां, जन-जागरूकता शिविर, विद्यालयों और महाविद्यालयों में संवाद, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने और नशे के व्यापार के खिलाफ समाज में एकजुटता बनाने का संकल्प लिया है। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं को एक ऐसा क्षेत्र बनाया जाए जो नशा मुक्त, संस्कारवान और प्रेरक हो। युवाओं से अपील की कि वे इस मुहिम में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने साथियों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। संस्कार सोसायटी घुमारवीं ने समाज के सभी वर्गों से आग्रह किया है कि वे एकजुट होकर नशा मुक्त भविष्य बनाने में सहयोग करें।

# दीपावली पर स्पेशल बसें चलाकर एचआरटीसी ने कमाए 32.53 लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल पथ परिवहन निगम एचआरटीसी के बिलासपुर डिपो ने दिवाली त्योहार पर स्पेशल बसें चलाकर 32.53 लाख रुपए का कारोबार किया है। ये स्पेशल बसें दिल्ली, चंडीगढ़, बद्दीं और अमृतसर से चलाई गईं। वापसी में भी स्पेशल बसें भेजने की व्यवस्था की गई है। जैसे जैसे डिमांड मिलती रहेगी उसी हिसाब से स्पेशल बसें भेजी जाएंगी और यह क्रम 27 अक्तूबर तक चलता रहेगा। इस बार दिवाली पर्व के लिए एचआरटीसी बिलासपुर डिपो की ओर से स्पेशल बसें भेजने के लिए शेड्यूल बनाया गया जिसके तहत विभिन्न जगहों के लिए 64 स्पेशल बसें भेजी गई थी। जानकारी के मुताबिक चंडीगढ़ से 42, दिल्ली से 14, लुधियाना से दो, अमृतसर से दो और बद्दीं से 4 स्पेशल बसें चलाई गई। बता दें कि दिवाली पर्व से पहले ही लोगों ने एडवांस में सीटें बुक करवा ली और यह प्रक्रिया कई दिन पहले शुरू हो गई थी।

# जिले में 13 दिसंबर को लगेंगी राष्ट्रीय लोक अदालतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालतें आयोजित की जाएंगी। लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर, घुमारवीं और झंडूता न्यायालय परिसरों में आयोजित होगी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के सचिव प्रतीक गुप्ता ने बताया कि लोक अदालत में मुख्य रूप से लंबित और पूर्व मुकदमेबाजी के मामले निपटाए जाएंगे। इनमें बैंक से संबंधित विवाद, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल, वैवाहिक विवाद तथा मोटर वाहन चालान से जुड़े मामले शामिल हैं। मोटर वाहन चालान के मामलों को ऑनलाइन डिजिटल प्रणाली के माध्यम से या न्यायालय आकर निपटाया जा सकता है। जिन व्यक्तियों के मामले न्यायालय में लंबित हैं, वे लोक अदालत में अपने मामले पेश कर सकते हैं। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन नहीं है, वह भी आपसी समझौते के आधार पर आवेदन कर सकता है।

**लोक अदालत में रखे जाएंगे लंबित मामले**

मुफ्त कानूनी सहायता या परामर्श के लिए प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबरों टोल फ्री 15100, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर 01978-221452, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति बिलासपुर 01978-224887, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति घुमारवीं 01978-254080 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या ई-मेल पर भेज सकते हैं या राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण नई दिल्ली की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-221452 पर संपर्क किया जा सकता है या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

# सीएम का वादा निकला झूठा, फीकी रही ठेकेदारों की दीपावली : आशीष

## दिवाली पर पेमेंटस मिलने की थी आस, हाथ लगी निराशा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

दीपावली से पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू द्वारा ठेकेदारों को किए गए वादे के पूरा न होने से जहां एक बार फिर ठेकेदारों के चेहरों पर मायूसी छाई रही, वहीं रोशनी का त्योहार भी पूरी तरह से फीका रहा। लाखों करोड़ों की पेमेंटस को लेकर लंबे समय से इंतजार कर रहे ठेकेदारों को दीपावली के त्योहार से पहले सीएम सुक्खू ने दस-दस लाख रुपए (क्लब पेमेंट) की पेमेंट देने का लुभावना वायदा किया था, लेकिन यह वादा वायदा ही रहा है। बिलासपुर ठेकेदार यूनियन के प्रधान आशीष ढिल्लों सहित राजेंद्र ठाकुर, विनोद कुमार, रितेश, गोपाल महाजन, रतन लाल, संजय कुमार, धर्मपाल, अंकुश, बाबू राम, कृष्ण लाल आदि ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ठेकेदारों की कोई सुध नहीं ले रहा है।



उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्यों में ठेकेदारों का रोल अहम होता है। ठेकेदारों ने इन कामों को पूरा करने के लिए ऋण या किसी अन्य माध्यमों से उधार लिया होता है तथा आस होती है कि विभागीय पेमेंटस के बाद इन्हें चुकता कर दिया जाएगा लेकिन आश्चर्य की बात है कि काम पूरा होने के बाद, बिल पास होने के बावजूद पेमेंटस नहीं हो रही हैं। अवार्ड हो चुके कामों को करवाने के लिए ठेकेदारों को रॉ मेटेरियल, गाड़ियों का खर्च, बैंक की किश्तें, लेबर की पेमेंटस तथा सभी प्रकार के खर्चों का प्रबंध ठेकेदारों को अपने स्तर पर करना पड़ता है। ऐसे में कमाई गई राशि प्राप्त करने की आस में ठेकेदार अब खुद कर्जदार हो चुके हैं। ठेकेदार राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि करीब डेढ़ महीने से विभाग द्वारा आरजीटीएस कर टोकन (क्लब पेमेंटस) सरकार को भेजे जा चुके हैं, लेकिन सरकार का वित्तिय संकट का रोना नहीं जा रहा है।

**सुविधा** तैयार की जा रही आधुनिक पार्किंग, स्थानीय दुकानदार और व्यापारी परियोजना से गदगद

# जाम मुक्त होगा घुमारवीं शहर, बढ़ेगा व्यापार

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** घुमारवीं शहर में जल्द ही सड़कों पर अव्यवस्थित गाड़ियों की समस्या को खत्म करने के लिए आधुनिक पार्किंग सुविधा शुरू होने जा रही है। इस परियोजना से न केवल यातायात व्यवस्थित होगा, बल्कि नगर परिषद की आमदनी में भी इजाफा होगा।

स्थानीय निवासी अमित कुमार, प्रदीप कुमार, साहनी, नीलम, दीपक और अश्वनी कुमार ने बताया कि नई पार्किंग के बाद शहर की सड़कें जाम मुक्त होंगी और लोगों को गाड़ी खड़ी करने में आसानी होगी। उन्होंने नगर परिषद प्रशासन की इस पहल की खुले मन से सराहना की। स्थानीय दुकानदार और व्यापारी भी इस परियोजना से खुश हैं। उनका



कहना है कि इससे ग्राहकों को पार्किंग की समस्या से राहत मिलेगी और बाजार में आने-जाने की सुविधा बढ़ेगी। इससे घुमारवीं बाजार की रौनक में और इजाफा होगा।

घुमारवीं अस्पताल के पास एनएच-103 शिमला-धर्मशाला मार्ग पर फुटब्रिज के पास यह पार्किंग निर्माणाधीन है। नगर परिषद की ओर से इसकी अनुमानित लागत 20 लाख रुपए बताई गई है।

### 100 वाहनों की पार्किंग की मिलेगी सुविधा

**नगर** परिषद के कार्यकारी अधिकारी खेमचंद वर्मा ने बताया कि कंक्रीट कार्य पूरा किया जा रहा है और इसके बाद सुंदर टाइलें बिछाकर इसे मजबूत और आकर्षक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पार्किंग में करीब 100 वाहनों की पार्किंग सुविधा होगी। वर्मा ने बताया कि परियोजना पूर्ण होने के बाद इसे ठेके पर दिया जाएगा, जिससे नगर परिषद की अतिरिक्त आमदनी बढ़ेगी। यह आय भविष्य में शहर की अन्य विकास योजनाओं में इस्तेमाल की जाएगी। नगर परिषद ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में शहर के अन्य व्यस्त इलाकों में भी इसी तरह की आधुनिक पार्किंग योजनाएं शुरू की जाएंगी, ताकि घुमारवीं शहर को अधिक व्यवस्थित और सुंदर बनाया जा सके।

# भनोडी मठ की उपेक्षा पर बौद्ध समुदाय में रोष

## चुराह में गूंज उठी आवाज, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को सौंपा ज्ञापन, मिला आश्वासन

राहुल सहगल, अनंत ज्ञान

**चुराह।** हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों में शुमार चुराह उपमंडल का प्राचीन भनोडी मठ आज बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। सदियों पुरानी इस बौद्ध विरासत की अनदेखी ने स्थानीय समुदाय के मन में गहरा असंतोष पैदा कर दिया है। यह मठ न केवल बौद्ध समुदाय की आस्था का केंद्र है, बल्कि हिमाचल की सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन संपदा का भी अहम हिस्सा रहा है बावजूद इसके, वर्षों से यह उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

नालंदा पद्मा रिट्रीट सेंटर एसोसिएशन के सचिव ताशी दोरजे खाम्पा का कहना है कि वे सालों से इस विषय पर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। 'हमारी पुकार सुनने वाला कोई नहीं,' ताशी ने कहा कि कभी डीसी चंबा के दरवाजे, कभी हिमाचल सचिवालय, तो कभी विधायकों और अधिकारियों के दफ्तरों में चक्कर काटते-काटते अब उम्मीदें टूटने लगी थीं।


ताशी दोरजे खाम्पा के नेतृत्व में चुराह में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को ज्ञापन सौंपा गया।

ताशी बताते हैं कि भनोडी मठ इस क्षेत्र की पहली बौद्ध शिक्षापीठ रही है, जहां से धर्मगुरुओं ने चुराह और आसपास के इलाकों में बौद्ध संस्कृति का प्रसार किया, लेकिन आज हमारी समुदाय, जो कभी संस्कृति का वाहक था, अब सुविधाओं के अभाव में अपने अस्तित्व के लिए जूझ रहा है।

समुदाय की इस व्यथा को तब नया मोड़ मिला जब राजस्व, जनजातीय विकास और बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी चुराह पहुंचे। ताशी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपा और भनोडी मठ की दुर्दशा से अवगत करवाया।

नेगी ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए कहा कि वे इस विषय को विस्तार से पढ़ेंगे और

- **ताशी दोरजे बोले- आवाज उठाते उठाते उम्मीदें भी थक गईं**
- **धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक संरक्षण की राह पर निर्णायक मोड़**

वास्तविक स्थिति को समझने का प्रयास करेंगे। इस मुलाकात के बाद क्षेत्र में नई चर्चा शुरू हो गई है। क्या अब बौद्ध समुदाय की दशा में कोई परिवर्तन आएगा?

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकार इस प्राचीन मठ के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर ठोस कदम उठाती है, तो इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि प्रवासित समुदाय को अपनी खोई हुई पहचान और गरिमा लौटाने का अवसर भी मिलेगा।

भनोडी मठ आज सवाल बनकर खड़ा है कि क्या हिमाचल अपनी बौद्ध विरासत को बचा पाएगा, या यह इतिहास की धूल में दब जाएगा? अब जवाब सरकार और मंत्री जगत सिंह नेगी के कदमों पर टिका है।

## लिल्ह क्षेत्र में दो माह से बस सेवा ठप

**अनंत ज्ञान, चंबा।** लिल्ह क्षेत्र और उससे जुड़ी पंचायतों—कुनेड़, प्रीना, किलोड़ और गान—में बीते दो महीनों से बस सेवा पूरी तरह से बंद है, जिससे हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने अक्षय ठाकुर और रोहित ठाकुर के नेतृत्व में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपकर स्थिति की गंभीरता से अवगत करवाया।

छात्रों को स्कूल और कॉलेज पहुंचने में कठिनाई हो रही है, वहीं सरकारी कर्मचारी, शिक्षक, बुजुर्ग और मरीजों को भी रोजमर्रा की आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि उन्हें या तो अधिक किराया चुकाकर निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है या खतरनाक रास्तों पर पैदल चलना पड़ता है। ज्ञापन में सड़क की मरम्मत, बस सेवा का पुनः संचालन और आवश्यकतानुसार वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था की मांग की गई है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक ढांचा पूरी तरह चरमरा जाएगा।

## चूड़ी के पास ट्रक फंसा, दो घंटे बंद रहा पठानकोट-भरमौर हाईवे


पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर चूड़ी के पास बीच रास्ते में फंसा ट्रक।

अनंत ज्ञान, भरमौर

बुधवार को पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर चूड़ी के पास एक ट्रक के बीच रास्ते में फंस जाने से हाईवे करीब दो घंटे तक बंद रहा। ट्रक चंबा से भरमौर की ओर जा रहा था कि अचानक तकनीकी खराबी के कारण बीच सड़क पर रुक गया। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

ट्रक को हटाने के लिए क्रेन और हाइड्रा मशीन मंगवाई गई, जिसके बाद मार्ग को साफ किया गया और यातायात बहाल हुआ। इस दौरान कई

- **खस्ताहाल हाईवे बना सिरदर्द यात्रियों को हुई परेशानी**

बसें निर्धारित समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सकीं।

गौरतलब है कि हाल ही में हुई भारी बारिश के चलते यह हाईवे कई जगह से क्षतिग्रस्त है और सड़क की हालत बेहद खराब है। विभाग द्वारा मरम्मत के प्रयास जारी हैं, लेकिन सड़कों की कच्ची और टूटी-फूटी हालत के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही जोखिम भरी बनी हुई है। हर रोज सैकड़ों वाहन चालक इस मार्ग से गुजरते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर में अवैध रूप से तीन पेड़ काटने पर एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर में प्रभ दयाल निवासी डाकघर हरवाणी, तहसील सुंदरनगर ने शिकायत दर्ज करवाई कि नरपत राम निवासी हरवाणी ने उसकी निजी जमीन से तीन पेड़ अवैध रूप से काट लिए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने अभियोग संख्या 129/25 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 323(3) और 303(2) के तहत पंजीकृत किया है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### टीहरा में ठाकुर वुडन इंडस्ट्री में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस चौकी टीहरा के अंतर्गत ठाकुर वुडन इंडस्ट्री, डाकघर कांगू तहसील धर्मपुर में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। जांच के दौरान पाया गया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे इंडस्ट्री में रखी मशीनें, प्लाई बोर्ड, सनमाइका आदि जलकर राख हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों का नुकसान हुआ है। आगजनी की घटना की जांच जारी है और पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### दो सगे भाइयों ने व्यक्ति के साथ की मारपीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना हटली में धनी राम पुत्र प्रभ दयाल निवासी तहसील बल्द्वाडा जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह 21 अक्तूबर को धाम खाकर अपने घर लौट रहा था, तभी सामने से सुखपाल उससे बतमीजी से पेश आया और मां-बहन की गालियां देने लगा। उसी समय उसका बड़ा भाई सोम दत्त भी मौके पर पहुंच गया और दोनों ने मिलकर रास्ता रोककर धनी राम के साथ मारपीट और गाली-गलौज की। पुलिस ने धारा 126(2), 115(2), 352, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अभियोग संख्या 112/25 दिनांक 22.10.2025 को पंजीकृत कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अरविंद ने झटका प्रथम



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** दीपावली के पावन अवसर पर छतराड़ी मंदिर प्रांगण में समाजसेवी एवं एडवोकेट अविनाश शर्मा उर्फ गोगू द्वारा 15 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अरविंद, द्वितीय स्थान नायरा, तृतीय स्थान मनत ने हासिल किया व चौथा स्थान अर्शिता ने हासिल किया। इस मौके पर सभी विजेता बच्चों को अविनाश शर्मा ने सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के बौद्धिक विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होती हैं। भविष्य में भी ऐसे आयोजन समय-समय पर करते रहेंगे।

## चंबा में बारिश व बर्फबारी से बढ़ी ठंड, लोगों ने निकाले गर्म कपड़े


जिला मुख्यालय सहित कई जगहों पर बारिश का क्रम जारी रहा।

अनंत ज्ञान, धरवाला

जिला चंबा के ऊपरी हिस्सों में जहां हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। वहीं जिला मुख्यालय सहित कई जगहों पर बारिश का क्रम जारी रहा। जिला चंबा में हो रही बारिश के दौरान लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए वहीं दुकानों पर भी गर्म कपड़ों की खरीदारी लोगों द्वारा अचानक बदले मौसम को लेकर शुरू हुई।

वहीं एक ओर गांव में जहां अभी घास कटाई का कार्य चला हुआ है ऐसे में घास कटाई को लेकर किसानों की दिक्कतें भी बढ़ गई हैं। किसान जो अपने मवेशियों

- **मौसम की करवट से किसानों की घास कटाई पर असर, बढ़ी मुश्किलें**

के लिए सालभर के लिए घास इकट्ठा करते हैं ताकि बर्फबारी के दौरान मवेशियों को घर के अंदर ही वह घास चारा के रूप में डाला जाता है। ऐसे में अचानक बदले मौसम को लेकर किसानों की परेशानी और बढ़ गई है, वहीं जानकारों के अनुसार इस बार भारी हिमपात के भी कयास लगाए जा रहे हैं।

## नशामुक्ति और शिक्षा की ओर कदम: गरोला पंचायत में स्मार्ट विलेज यूथ क्लब की नई पहल

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर की गरोला पंचायत के स्मार्ट विलेज यूथ क्लब स्वाई ककरी ने बच्चों और युवाओं के लिए एक अनूठी पहल की है। क्लब का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना, शिक्षा दिलवाना और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। क्लब के अध्यक्ष सोनू कुमार, संयोजक डॉ. शिव राज, सलाहकार परस राम और सदस्य योग राज के अनुसार, उनके वार्ड को पिछले वर्ष से पूरी तरह नशामुक्त घोषित कर दिया गया है।

क्लब ने उन बच्चों को पढ़ाने की योजना बनाई है जो किन्हीं कारणों से स्कूल नहीं जा पाते, और कंप्यूटर व बैंकिंग में रुचि रखने वाले युवाओं को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं से आवेदन मांगे गए हैं और अधिक आवेदन आने पर पंचायत स्तर पर रोजगार मेला आयोजित करने की योजना है। अन्यथा, टेलीफोनिक इंटरव्यू के जरिए रोजगार दिलाया जाएगा। डॉ. शिव राज ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई न रोकें, और यदि कोई बच्चा प्रतिभाशाली है लेकिन संसाधन नहीं हैं, तो क्लब उसकी शिक्षा की जिम्मेदारी उठाएगा। जल्द ही क्लब गांव में ही रोजगार सृजन की योजनाएं भी शुरू करेगा।

## राजस्थान से पशु-आवक पर रोक नहीं लगी तो सड़क से सदन तक संघर्ष होगा: डॉ. जनक राज

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

- **कहा- बिना नीति के पशु बिक्री से स्थानीय बाजार व नस्लों पर खतरा**
- **रोग संक्रमण और आजीविका दोनों पर मंडरा रहा है संकट**

**भरमौर।** भरमौर-पांगी के विधायक डॉ. जनक राज ने प्रदेश सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में राजस्थान से आ रहीं भेड़-बकरियों की बिना रोकटोक आवक स्थानीय पशुपालकों के लिए गहरा संकट बन गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में बाहरी राज्यों से आ रहे पशु न



केवल स्थानीय बाजार पर कब्जा कर रहे हैं, बल्कि हिमाचली भेड़पालकों की आजीविका को भी खत्म करने की स्थिति में पहुंचा रहे हैं। डॉ. जनक राज ने आरोप लगाया कि प्रदेश में राजस्थान से बिना सत्यापन और बिना नीति के पशुओं की बिक्री हो रही है। बाहरी पशु कम कीमत पर बिक रहे हैं, जिससे हिमाचल के पारंपरिक भेड़पालन व्यवसाय की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता कमजोर हो गई है।

उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय नस्लों के संरक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और रोग-संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि सरकार की चुप्पी इस पूरे तंत्र को और भयावह बना रही है। उन्होंने कहा कि बाहरी कारोबारियों को फायदा और हिमाचल के असली पशुपालकों को नुकसान यह स्थिति अब असहनीय है।

डॉ. जनक राज ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र नीति बनाकर ऐसी बाहरी पशु-आवक पर रोक नहीं लगाई, तो स्थानीय भेड़पालक सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं प्रदेश के भेड़पालक समुदाय के साथ खड़ा हूं और इस अधिकार-लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक लड़ूंगा।

विधायक जनक राज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया कि पशुपालन विभाग के साथ तत्काल बैठक बुलाकर इस पर ठोस नीति बनाई जाए, ताकि हिमाचल के स्थानीय पशुपालकों को आर्थिक, कानूनी और स्वास्थ्य सुरक्षा दी जा सके। डॉ. जनक राज ने कहा कि यदि सरकार अब भी सोई रही तो प्रदेश की भेड़पालन परंपरा इतिहास बन जाएगी।

# अब तक नहीं मिली 1500 करोड़ राहत राशि: पठानिया

## विधानसभा अध्यक्ष ने जंद्रोग में 43.29 लाख से बने पंचायत भवन का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान, चंबा

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत जन्द्रोग में 43 लाख 29 हजार रुपये की राशि से नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह भवन ग्रामवासियों के लिए विकास का प्रतीक है और पंचायत स्तर पर योजनाओं के सुचारु संचालन का केन्द्र बनेगा।

उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विशेष कार्य योजना के तहत शुरू किए गए विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के निर्माण कार्यों का अधिकांश हिस्सा पूर्ण किया जा चुका है तथा इन परियोजनाओं के लोकार्पण का क्रम अब ग्राम पंचायत जन्द्रोग से आरंभ हो गया है।

कुलदीप सिंह पठानिया ने गत मानसून के दौरान प्रदेश सहित जिले में हुई भारी क्षति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा से सब कुछ गंवा चुके प्रभावित लोगों को वन भूमि उपलब्ध करवाने के लिए वन अधिकार


विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को सम्मानित करते हुए।

अधिनियम (एफआरए) के अंतर्गत केंद्रीय सरकार से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एफआरए नियमों में संशोधन को लेकर केंद्र सरकार के समक्ष कई बार अपना पक्ष मजबूती से रखा है। परंतु अब तक केंद्र सरकार की ओर से कोई सकारात्मक उत्तर नहीं मिला है।

विधानसभा अध्यक्ष ने साथ में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिमाचल प्रदेश को घोषित 1500 करोड़ की आपदा राहत राशि अब तक राज्य सरकार को नहीं मिली है। राज्य सरकार अपने संसाधनों से आपदा प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवा रही है।

विधानसभा अध्यक्ष ने भटियात क्षेत्र में जारी विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि दूरदराज के सभी गांव (टेल एंड विलेज) में संपर्क सड़क, सुचारू पेयजल आपूर्ति तथा निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के दूरदराज चक्की और रखेड गांव वासियों की सुविधा के लिए जल्द संपर्क सड़क का निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। साथ में विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण की गति बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 12 सड़क परियोजनाओं को अनुमोदन के लिए भेजा गया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नाग बिनतरु मंदिर परिसर के लिए 9 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है और इसका उद्घाटन नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा। पठानिया ने में कहा कि जलवायु परिवर्तन के चलते विकासात्मक परियोजनाओं के लिए विशेष कार्य योजना की आवश्यकता है और प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई भी आवश्यक है।

इस अवसर पर सदस्य निर्देशक मंडल राज्य सहकारी बैंक राजकुमार चांबियाल, उपाध्यक्ष नगर पंचायत सुरेंद्र चाढक, एसडीएम पारस अग्रवाल, डीएसपी योगराज चंदेल, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, तहसीलदार सुमन धीमान, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा, अधिशाषी अभियंता राकेश ठाकुर, पंकज राठौर, नरेंद्र चौधरी, प्रधान सरिष्टा देवी सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## बिजली-पानी की समस्याओं ने जीवन किया अस्त-व्यस्त, ग्रामीणों में आक्रोश


तुंदाह गांव के ग्रामीणों ने बिजली और पानी की समस्या को लेकर मांगपत्र सौंपा।

अनंत ज्ञान, भरमौर

भरमौर के तुंदाह गांव के ग्रामीण लंबे समय से बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। गांव में जब भी बारिश होती है या तूफान आता है, कई दिनों तक बिजली नहीं रहती।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती ने बच्चों की पढ़ाई को बाधित किया है और रोजमर्रा के कामों को भी प्रभावित किया है। कई बार घर में अंधेरा और पानी की कमी के कारण स्थिति और बिगड़ जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रशासन और सरकार इस समस्या पर अभी तक ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि गाँव के लोग बिजली-पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। बुनियादी सुविधाओं की कमी ने गाँव का सामान्य जीवन असंभव सा कर दिया है। कई बार पीने के पानी के लिए भी ग्रामीणों को कई किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है। बिजली कटौती और पानी की कमी ने गाँव की रोजमर्रा की गतिविधियों को अस्त-व्यस्त कर दिया है।

स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन तुरंत हस्तक्षेप करे और तुंदाह गांव में बिजली और पानी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करे, ताकि बच्चों की पढ़ाई और आम जीवन प्रभावित न हो।

## आईआईटी मंडी को टाटा ट्रस्ट्स से हिमालयी आपदा प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण अनुदान

# सेफर हिल्स परियोजना: लचीलापन और नवाचार का मेल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

- **समुदाय और तकनीक को जोड़ने की दिशा में कदम**
- **वैज्ञानिक नवाचार से टिकाऊ पर्वतीय भविष्य की ओर**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी, जो देश के अग्रणी द्वितीय पीढ़ी के आईआईटी में से एक है, ने गर्वपूर्वक घोषणा की है कि उसे टाटा ट्रस्ट्स से एक प्रतिष्ठित अनुदान प्राप्त हुआ है अपने दूरदर्शी परियोजना के लिए टाटा ट्रस्ट्स समर्थित ऑगमेंटेड फैसिलिटीज फॉर एम्पावरिंग रेजिलिएंस इन हिमालयन हिल्स (टाटा ट्रस्ट्स सेफर हिल्स) यह पांच वर्ष की परियोजना (अगस्त 2025 से जुलाई 2030 तक) हिमालयी क्षेत्र में आपदा तैयारी और सामुदायिक नवाचार को सशक्त बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। यह परियोजना आईआईटी मंडी के सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज एंड डिजास्टर मैनेजमेंट के तत्वावधान में लागू की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य उन्नत अनुसंधान सुविधाओं का निर्माण, स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना, और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाओं के प्रभाव को कम करने हेतु सतत प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप विकसित करना है। इस शोध का परिणाम न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए लाभकारी होगा।

आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मिधर बेहेरा ने कहा कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भूस्खलन और बाढ़ से हुई तबाही ने हमें लचीले तंत्रों की तत्काल आवश्यकता की याद दिलाई है। टाटा ट्रस्ट्स के उदार सहयोग से हम अत्याधुनिक अनुसंधान को आगे बढ़ाएंगे, सामुदायिक लचीलापन को मजबूत करेंगे, और ऐसे नवाचारी समाधान विकसित करेंगे जो जीवन और आजीविका दोनों की रक्षा करेंगे। यह पहल दर्शाती है कि कैसे अकादमिक जगत और परोपकार मिलकर समाज पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। आईआईटी मंडी के संसाधन सृजन एवं पूर्व छात्र संबंध डीन प्रो. वरुण दत्त ने कहा कि हम टाटा ट्रस्ट्स के प्रति आभारी हैं जिन्होंने टाटा ट्रस्ट्स सेफर हिल्स पहल का समर्थन किया है। यह सहयोग आईआईटी मंडी को भूस्खलन जोखिम में कमी और हिमालयी समुदायों में लचीलापन बढ़ाने के लिए प्रभावशाली समाधान विकसित करने में सक्षम बनाएगा। वैज्ञानिक नवाचार और स्थानीय सहभागिता को जोड़ते हुए, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और टिकाऊ पर्वतीय समुदायों का निर्माण करना चाहते हैं।

टाटा ट्रस्ट्स सेफर हिल्स अनुदान अकादमिक संस्थानों और परोपकारी संगठनों के बीच साझेदारी की शक्ति को दर्शाता है, जो समाज में वास्तविक परिवर्तन लाने का माध्यम बनती है। टाटा ट्रस्ट्स के सहयोग से आईआईटी मंडी भूकंप, भूस्खलन और बाढ़ जैसी आपदाओं में जोखिम न्यूनीकरण हेतु नवाचार का नेतृत्व करेगा, साथ ही हिमालयी समुदायों में लचीलापन को सुदृढ़ करेगा। सीउडीएआर की चेयरपर्सन डॉ. कला वी. उदय ने कहा कि सीउडीएआर में हमारा मिशन उन्नत तकनीकों को सतत प्रथाओं के साथ जोड़कर लचीलापन विकसित करना है। टाटा ट्रस्ट्स सेफर हिल्स पहल के अंतर्गत प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का विस्तार, भूकंप तैयारी को सुदृढ़ करना, तथा सामुदायिक एवं प्रकृति-आधारित समाधानों का एकीकरण किया जाएगा, जिससे देश के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के लिए भी अनुकरणीय मॉडल तैयार होंगे।

टाटा ट्रस्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि मंडी में हाल की तबाही इस क्षेत्र के जोखिमों और यहां के लोगों एवं पारिस्थितिकी तंत्र की लचीलापन की सख्त परीक्षा का प्रमाण है। टाटा ट्रस्ट्स का हमेशा से यह संकल्प रहा है कि हम ऐसे संस्थानों और साझेदारियों को विकसित करें जो अनुसंधान और स्थानीय ज्ञान को सतत कार्यों में रूपांतरित करें। आईआईटी मंडी के साथ सेफर हिल्स पहल के तहत यह सहयोग उसी विश्वास का प्रतीक है।

## करेर में तीखे मोड़ पर अनियंत्रित हुई कार चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के ऊना-कलखर नेशनल हाईवे पर बुधवार दोपहर करीब 1 बजे करेर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। दिल्ली नंबर की कार एक तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत हमीरपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने चालक पिंटू को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे युवक का इलाज जारी है।

प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तीखा मोड़ माना जा रहा है। साथ ही आशंका है कि एयरबैग न खुलने या सीट बेल्ट सही तरीके से न पहनने के कारण चोटें जानलेवा साबित हुईं।

पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और विस्तृत जांच जारी है। यह हादसा फिर एक बार तेज रफ्तार और मोड़ों पर लापरवाही से ड्राइविंग के खतरों की चेतावनी दे गया है।

## नागरिक अस्पताल तीसा की नई बिल्डिंग हुई उपेक्षा की शिकार, शुरुआत में रखे थे मरीज अब वीरान पड़ी इमारत




हाशू शेख, अनंत ज्ञान

**चुराह।** जिला चंबा के तीसा में बनी नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग आज सरकारी लापरवाही की मिसाल बन चुकी है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की गई यह इमारत कुछ वर्ष पहले मरीजों के लिए शुरू तो की गई थी, लेकिन छत से पानी टपकने और दीवारों में नमी आने के कारण जल्द ही इसे बंद कर दिया गया। तब से लेकर आज तक यह बिल्डिंग वीरान पड़ी है। सूत्रों के अनुसार, इस इमारत की छत से बरसात के दौरान पानी रिसता है, जिससे कमरे गीले हो जाते हैं और मरीजों के ठहरने योग्य माहौल नहीं बन पाता। मजबूरन अस्पताल प्रशासन ने सभी मरीजों को दोबारा पुरानी बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया, जहां अब भी इलाज जारी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नई इमारत का उपयोग न होना जनता के धन की खुली बर्बादी है। वर्षों बीत जाने के बाद भी विभाग ने इसकी मरम्मत या सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द इस बिल्डिंग की जांच कर मरम्मत शुरू नहीं की गई, तो वे चक्का जाम आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उनका कहना है कि यह स्थिति न केवल स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाती है, बल्कि विभागीय जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

अपने मन और प्रकृति को अशुद्धियों से शुद्ध रखने के लिए, अपने आलोचकों के लिए अपने पिछवाड़े में एक झोपड़ी बनाएं और उन्हें पास रखें। -कबीर

## संपादकीय

# कैसे हो महिलाओं की सुरक्षा?

विडंबना है कि 21वीं सदी में भी महिलाओं की स्थिति समाज में सुरक्षित नहीं कही जा सकती। घर से बाहर निकलने वाली हर महिला के मन में एक अनजाना डर समाया रहता है कि कहीं कोई राह चलते छेड़ न दे, कहीं कोई बस में धक्का मारने की आड़ में छू न ले, कहीं अकेले होने का फायदा उठाकर कोई उस पर बुरी नजर न डाल दे। यह स्थिति हमारे समाज के उस चेहरे को उजागर करती है, जिसे हम अक्सर छिपाने की कोशिश करते हैं। राजधानी शिमला की एक बस में युवती के साथ हुई अश्लील हरकत ने फिर से इस सवाल को खड़ा कर दिया है कि आखिर महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? क्या यह केवल सरकार और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी है या समाज के हर व्यक्ति की? हमारा समाज पुरुष प्रधान मानसिकता से ग्रस्त है, जिसमें महिलाओं को अब भी एक वस्तु की तरह देखा जाता है। महिलाओं के पहनावे, चाल-ढाल, यहां तक कि उनके अकेले बाहर जाने पर भी सवाल उठाए जाते हैं, लेकिन कभी उन पुरुषों की मानसिकता पर सवाल नहीं उठते जो महिलाओं को सिर्फ अपने मनोरंजन की चीज़ समझते हैं।

बेशक सरकारों ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए हैं- जैसे यौन उत्पीड़न के खिलाफ कड़े प्रावधान, सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्पलाइन नंबर (जैसे 112) और तेज कार्रवाई की बात, लेकिन जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक ये कानून सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएंगे। हर बार जब कोई युवती या महिला ऐसी घटनाओं का शिकार होती है, तो उससे यह उम्मीद की जाती है कि वह चुप रहे क्योंकि यह इज्जत का सवाल है, बदनामी हो जाएगी, समझौता कर लो आदि, लेकिन अब समय आ गया है कि महिलाएं खुद आवाज उठाएं, डटकर विरोध करें और चुप रहकर इन मानसिक दरिंदों को बढ़ावा न दें। शिमला की युवती की हिम्मत काबिल-ए-तारीफ है कि उसने उस व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया। यह सिर्फ उसकी नहीं, बल्कि हजारों-लाखों महिलाओं की आवाज है, जो इस तरह की घटनाओं से डरकर चुप रहती हैं। जब एक महिला साहस दिखाती है, तो वह औरों को भी प्रेरणा देती है। यह बात हमें समझनी होगी कि महिलाओं की सुरक्षा केवल एक महिला मुद्दा नहीं है, यह पूरे समाज का मुद्दा है।

हर पुरुष की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास की महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराए, न कि उनके लिए भय का कारण बने। बसों, ट्रेनों, सड़कों या दफ्तरों में जब कोई महिला असहज महसूस कर रही हो, तो वहां मौजूद अन्य लोगों को हस्तक्षेप करना चाहिए, न कि तमाशबीन बनकर चुपचाप सबकुछ देखना चाहिए। समाज को यह समझना होगा कि जब किसी महिला के साथ कुछ गलत होता है, तो यह केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरी मानवता के सम्मान पर आघात होता है। यदि हम चाहते हैं कि हमारी बहनें, बेटियां, पत्नियां और मित्र सुरक्षित रहें, तो हमें हर महिला को उसी नजर से सम्मान के साथ देखना होगा। बच्चों को बचपन से ही महिलाओं का सम्मान करना सिखाना होगा। केवल लड़कियों को सावधान रहने की सलाह देना काफी नहीं, लड़कों को भी यह सिखाना जरूरी है कि महिलाओं की सीमाओं और सहमति का सम्मान करें। जिन लोगों की नीयत ही गंदी हो, उनके खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई जरूरी है। इससे समाज में एक सख्त संदेश जाएगा कि महिलाओं से छेड़छाड़ या अश्लील हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित करना समय की जरूरत है। उन्हें यह समझाने की जरूरत है कि विरोध करना कोई शर्म की बात नहीं, बल्कि यह उनके अधिकारों की रक्षा का तरीका है।

बसों, ट्रेनों, और सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, महिला सुरक्षा बल और ज्यादा तैनात किए जाने चाहिए तथा ड्राइवर-कंडक्टरों को संवेदनशीलता का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। जब कोई महिला आवाज उठाती है, तो उसे अकेला न छोड़ा जाए। समाज को उसके साथ खड़े रहना चाहिए ताकि उसे यह अहसास हो कि वह अकेली नहीं है। महिलाओं की सुरक्षा केवल एक महिला का विषय नहीं है। यह एक पूरे समाज की नैतिक परीक्षा है।

क्या हम इस परीक्षा में पास हो रहे हैं? शायद नहीं, लेकिन सुधार की शुरुआत आज, अभी और हमसे ही हो सकती है। शिमला की युवती की हिम्मत हमें यही सिखाती है कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाइए, चुप मत रहिए। यह दुनिया तभी बेहतर बनेगी जब महिलाएं खुद को कमजोर नहीं, बल्कि सक्षम समझेंगी और जब समाज उनके साथ खड़ा होगा, न कि उनके खिलाफ। महिलाओं की सुरक्षा केवल कानूनों से नहीं, बल्कि सोच बदलने से होगी और यही सबसे बड़ा सुधार है, जिसकी हमें सबसे ज्यादा जरूरत है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


### जनता के नेता, राष्ट्र के उपराष्ट्रपति

भैरोंसिंह शेखावत (23 अक्तूबर,1923-15 मई, 2010) भारतीय राजनीति के एक सशक्त, कर्मठ और लोकप्रिय नेता थे। वे भारत के ग्यारहवें उपराष्ट्रपति और तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे। उनका जन्म राजस्थान के सीकर जिले में धनतेरस के दिन एक मध्यमवर्गीय राजपूत परिवार में हुआ। उनके पिता देवीसिंह एक शिक्षक थे। बचपन में ही पिता का देहांत हो गया, जिससे परिवार की जिम्मेदारी भैरोंसिंह शेखावत पर आ गई। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव में और हाई स्कूल जोबनेर से किया। पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें खेत में हल भी चलाना पड़ा। कुछ समय उन्होंने पुलिस की नौकरी भी की, लेकिन मन न लगने के कारण त्यागपत्र दे दिया और खेती में लग गए। 1941 में उनका विवाह सूरज कंवर से हुआ। उनकी एक पुत्री रतन कंवर हैं। राजनीति में उनकी शुरुआत 1952 में हुई, जब वे दातारामगढ़ से विधायक चुने गए।



भैरोंसिंह शेखावत
जन्म : 23 अक्तूबर,1923
निधन : 15 मई, 2010

वे जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में रहे और बाद में जनता पार्टी व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बने। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में वे दस बार विधायक राज्यसभा सदस्य (1974-1977), तीन बार मुख्यमंत्री और तीन बार नेता प्रतिपक्ष रहे। साल 2002 में वे भारत के उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए। उनके समर्थकों द्वारा दिया गया नारा- 'राजस्थान का एक ही सिंह, भैरोंसिंह...' वर्षों तक गूंजता रहा और उनकी लोकप्रियता का प्रमाण बना। भैरोंसिंह शेखावत का जीवन संघर्ष, सादगी और सेवा की मिसाल है, जो आज भी प्रेरणा देता है। आजीवन भाजपा को समर्पित भैरोंसिंह शेखावत दलगत राजनीति से सदैव दूर रहे। न केवल मुख्यमंत्री के रूप में, बल्कि उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए भी उन्होंने सभी दलों के लोगों से चाहे वे कांग्रेस के हों या साम्यवादी दल के, सभी के साथ समान व्यवहार किया। ■



गज़ल

### गीत खुशी के

राजेंद्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार, हिमाचल प्रदेश

चल गुमां दिल में कोई रह जाए न
बन चकोरी चांद से फिर प्यार कर लें
मोल तो बढ़ता या कम होता रहेगा
आ दिल का दिल से फिर व्यापार कर लें
हम हैं क्या यह है जहां का ही रिवाज
कि बुराई क्या है आंखें चार कर लें
जिस्म-ओ-जां का हाल यह रहता सदा
अदला-बदली करके आ कुछ उधार कर लें
जाने क्यों है यह सब छुप छुपके खेलें
चलो आओ जरा हम सब सरे बाजार कर लें
कुछ तो मुफलिस है जो आए और गए
हम तो सौदागर हैं चल कारोबार कर लें

# स्वदेशी की लौ : उपभोक्ता बना आत्मनिर्भरता का शिल्पकार



डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दिवाली की इस बार की जगमगाहट दीपों तक सीमित नहीं रही है, उसने भारतीय अर्थव्यवस्था के हर कोने में आत्मनिर्भरता की लौ जलाई। बाजारों की रौनक और उपभोक्ताओं के उमंग में इस बार जो बात सबसे अधिक झलकी, वह है 'मेड इन इंडिया' के प्रति अभूतपूर्व विश्वास। देश के व्यापारी, कारीगर और उपभोक्ता, तीनों एक साथ उस दिशा में चलते दिखाई दिए, जहां स्वदेशी विकल्प से अधिक प्राथमिकता बनता दिखा।

वस्तुतः कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ताजा रिपोर्ट ने इस परिवर्तन को अंकों में पिरोकर सामने रखा है। त्योहारी सीजन में देशभर में लगभग 6.05 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हुआ, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसमें सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि 87 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ताओं ने विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी उत्पादों को चुना। यह सीधे तौर पर भारत के आर्थिक उछाल का संकेत तो है ही साथ में आत्मनिर्भर भारत के विचार की वास्तविक विजय को भी दर्शाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान किया था, तब ध्यान में आया था कि पीएम देशवासियों के माध्यम से भारतीय अस्मिता और स्थानीय उत्पादन के पुनरुद्धार को नई दिशा देना चाहते हैं। आज परिणाम भी उसी अनुरूप आया है, जैसा वे चाहते हैं। इस बार दीपावली के बाजारों में चीनी उत्पादों की चमक लगभग गायब रही, वहीं भारतीय वस्तुओं की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज हुई। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर जैसे प्रमुख शहरों के बाजारों में स्थानीय उत्पादों की बहार थी। हर स्टॉल पर, हर दुकान में यह विश्वास झलक रहा था कि भारत की मिट्टी में बने उत्पाद किसी भी अंतराष्ट्रीय ब्रांड से कम नहीं। यही वह स्वदेशी चेतना है जो उपभोक्ता व्यवहार को बदल रही है।

यहां इस सत्य को भी खुले मन से स्वीकार करना होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उससे प्रेरित संगठनों ने वर्षों से इस स्व से जुड़ी स्वदेशी चेतना को जीवित रखा है। स्वदेशी खरीदो, देश बनाओ जैसे अभियानों ने इस वर्ष जनांदोलन का रूप ले लिया। संघ के आर्थिक दर्शन का मूल ही यह है कि आत्मनिर्भरता सिर्फ उद्योग तक सीमित नहीं है, यह राष्ट्र निर्माण का आधार है। यही कारण है कि इस बार दीपावली के उत्सवों में सांस्कृतिक भावना के साथ आर्थिक स्वराज का भाव भी उतना ही प्रबल दिखा है। आरएसएस से प्रेरित संगठनों ने 'स्वदेशी उत्सव' और 'हस्तशिल्प मेले' जैसे आयोजन कर यह संदेश दिया कि




स्वदेशी केवल व्यापार नहीं, बल्कि विचार है। मोदी सरकार की नीतियों में भी इसी दिशा में गूंथी हुई हैं, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, वोकल फॉर लोकल, और मेक इन इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने स्वदेशी भावना को संस्थागत रूप दिया है। इन योजनाओं ने छोटे व्यापारियों और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाया है, जो अब त्योहारी अर्थव्यवस्था के केंद्र में हैं।

कैट ने बताया है कि कैसे छोटे व्यापारियों की ऐतिहासिक वापसी हुई है। इस वर्ष कुल बिक्री में 85 प्रतिशत योगदान गैर-कारपोरेट और पारंपरिक बाजारों से आया। दिल्ली के सदर बाजार, चांदनी चौक, शास्त्री नगर और लाजपत नगर जैसे इलाकों में पैर रखने की जगह नहीं थी। पहले जहां ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स बिक्री पर हावी रहते थे, इस बार उपभोक्ताओं ने स्थानीय दुकानों से खरीदारी का अनुभव फिर अपनाया। यह प्रवृत्ति बताती है कि डिजिटल युग में भी पारंपरिक बाजारों की आत्मा जीवित है। खरीदारी के आंकड़े भी इस बदलाव की गवाही देते हैं; किराना और एफएमसीजी उत्पादों ने कुल बिक्री में 12%, सोना-चांदी ने 10%, इलेक्ट्रॉनिक्स ने 8% और रेडीमेड परिधानों ने 7% योगदान दिया। यह विविधता दर्शाती है कि भारतीय उपभोग अर्थव्यवस्था तक फैल चुका है। इस वर्ष ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों ने 28 प्रतिशत भागीदारी दी। यह आंकड़ा ग्रामीण भारत की बढ़ती शक्ति और स्थानीय उत्पादन की सशक्तता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आरंभ की गई योजनाओं ने गांव-गांव में छोटे उद्योगों और स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया है। आज ग्रामीण महिलाएं दीपावली सजावट से लेकर मिठाई पैकेजिंग तक, अनेक उत्पाद तैयार कर रही हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित हुआ है और मांग-पूर्ति का पूरा चक्र अब स्वदेशी ढांचे में घूम रहा है।

इस बार ट्रेडर कॉन्फिडेंस इंडेक्स 8.6 और कंज्यूमर कॉन्फिडेंस इंडेक्स 8.4 तक पहुंच गया, जो पिछले दशक का सर्वोच्च स्तर है। यह आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि व्यापारी और उपभोक्ता दोनों भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं। 72 प्रतिशत व्यापारियों ने माना है कि जीएसटी दरों के तर्कसंगत पुनर्गठन और डिजिटल भुगतान प्रोत्साहन ने इस उछाल में निर्णायक भूमिका निभाई।

सरकार की पारदर्शी नीतियों ने व्यापार वातावरण में स्थिरता और विश्वास लौटाया है। त्योहारी सीजन में वस्तुओं के साथ सेवा क्षेत्र ने भी शानदार प्रदर्शन किया। पैकेजिंग, ट्रैवल, होटल, इवेंट मैनेजमेंट और डिलीवरी नेटवर्क में लगभग 65,000 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। साथ ही, लगभग 50 लाख अस्थायी रोजगार सृजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं शामिल थीं। इससे यह स्पष्ट हुआ कि आत्मनिर्भर भारत का भाव निर्माण तक सीमित नहीं रहा है, सेवा और सृजन दोनों में बराबर प्रवाहित है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लोकोत्सवों में स्थानीय लोक कलाकारों की घुटती आवाज



रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार
बिलासपुर (हि.प्र.)

मेले और लोकोत्सव हमारे समाज में न केवल मनोरंजन और थकान से राहत का माध्यम रहे हैं, बल्कि ये आपसी मेल-जोल और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के भी सशक्त मंच हैं। ऐसे आयोजनों में आम लोगों को अपनी कला और हुनर दिखाने का अवसर मिलता है, जिससे उन्हें प्रोत्साहन और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

सरकार और निजी संस्थाओं के सहयोग से इन आयोजनों में बड़ी धनराशि खर्च होती है, जिनमें स्मारिकाओं के विज्ञापन, हाट-बाजार और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होते हैं। इसके लिए आयोजन समिति अस्थायी प्लॉट आवंटित करती है। उससे भी काफी राशि एकत्रित होती है। कई सांस्कृतिक संध्याएं सजती हैं। अनेक खेलों की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाती हैं। कई मेलों में कुश्तियां विशेष आकर्षण हैं। इसके लिए भी लाखों खर्च किए जाते हैं। ग्रामीण एवं खंड स्तर के आयोजन पर कम से कम 10 लाख रुपए और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों पर एक करोड़ या इससे अधिक राशि खर्च होती है। स्थानीय लोक कलाकारों पर कुल खर्च का दसवां भाग भी नहीं मिल पाता।

जबसे ग्रामीण स्तर पर महिला मंडलों का गठन हुआ है तब से लोक आयोजनों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी। उन्हें भी मंचीय कार्यक्रमों भाग लेने के अवसर मिलने लगे। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक नए कलाकार उभरते रहे। उन्हें भी मौका मिलता रहा। सरकार या आयोजन समिति की ओर से उसे इनाम दिया जाता रहा है। ये बातें अब बीते कल की हो गई हैं। सरकार और प्रशासन के अनावश्यक हस्तक्षेप से आम लोगों से जुड़े ये लोकोत्सव दिन-प्रतिदिन अपनी चमक खोते जा रहे हैं। जब से मेले या उत्सवों



का सरकारीकरण हुआ है। तब से स्थानीय लोगों की निरंतर भागीदारी कम हो गई है। आयोजन की विभिन्न समितियों में विशेषकर सांस्कृतिक उपसमिति में अनुभवहीन व्यक्तियों को शामिल किया जाता है।

उन्हें इसके बारे में ज्ञान ही नहीं होता। सत्तासीन नेताओं को खुश करने के लिए प्रदेश के बाहर से महंगे कलाकारों को आमंत्रित करते हैं। आयोजन से जुड़े मुख्य अधिकारी हां में हां मिलते रहते हैं। यदि अधिकारी महंगे कलाकारों बुलाते हैं तो संबंधित उपसमिति के सदस्य चुप्पी साध लेते हैं। नतीजन उस क्षेत्र से संबंधित लोक कलाकारों को अपना कार्यक्रम पेश करने के लिए काफी पापड़ बेलने पड़ते हैं। यदि कार्यक्रम रख भी दिया जाता है तो उन्हें इतने कम पैसे दिए जाते हैं कि कार्यक्रम का खर्च भी पूरा नहीं होता।

उपसमिति में कई ऐसे प्रभावशाली सदस्य होते हैं जो बाहर से अपनी पसंद के कलाकारों को बुलाने के लिए स्थानीय कलाकारों को नजरअंदाज करते हैं। इसलिए, बहुत से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रस्तुति के लिए मंच ही नहीं मिलता। यदि मिल भी जाए तो मुश्किल से तीन-चार मिनट का ही समय मिलता है। बदले में मानदेय भी नाममात्र का मिलता है।

इसके विपरीत प्रदेश से बाहर से बुलाए जाने वाले कलाकारों को कुछ ही समय की प्रस्तुति के लाखों रुपए लुटाए जाते हैं। इससे स्थानीय कलाकारों में हीनता की भावना पनप रही है। दूसरे प्रदेशों के कलाकारों को आमंत्रित करने से दूसरे प्रदेशों की संस्कृति के बारे में नजदीक से जानने का मौका मिलता है, लेकिन इसकी एवज में स्थानीय कलाकारों का शोषण भी नहीं होना चाहिए। प्रदेश से बाहर और प्रदेश के कलाकारों को बराबर की भागीदारी मिलनी चाहिए। नतीजन पिछले कुछ वर्षों से स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देने से पीछे हटने लगे हैं तथा सरकार के खिलाफ हवा बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या क्लस्टर व सीबीएससी से सुधरेगी सरकारी स्कूलों की दशा?



योगिंद्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक), जिला मंडी

हिमाचल प्रदेश में 85% सरकारी स्कूलों में 58% विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और दूसरी तरफ 15% निजी स्कूलों में 42% विद्यार्थियों ने दाखिला ले रखा है। सच्चाई यह भी है कि सरकारी स्कूल शहरों, कस्बों के अतिरिक्त दूरदराज के गांवों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि निजी स्कूल शहरों व कस्बों तक सीमित हैं।

आंकड़े दिखा रहे हैं कि लोगों का रुझान निजी स्कूलों की तरफ अधिक है। कारणों को देखा जाए, तो देखने को मिलता है कि निजी स्कूलों में प्रतिदिन जवाबदेही रहती है। कक्षाओं को वर्गीकरण में पढ़ाया नहीं जाता, बल्कि नर्सरी से जमा दो तक की समस्त कक्षाएं एक मुखिया के अधीन संचालित होती हैं। निजी स्कूल प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापक विषय वार उपलब्ध रहता है, जबकि सरकारी प्राथमिक कक्षाओं में विद्यार्थी अनुपात का मापदंड अपनाया जाता है। सरकारी स्कूलों में विकेंद्रीकरण है, जैसे प्राथमिक, मिडिल, हाई, जमा दो। यह भी एक कारण है कि प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा की नींव कमजोर रह जाती है, और परिणाम स्वरूप ऊपर की कक्षाओं में बच्चे अपनी पढ़ाई में पिछड़े रहते हैं।

सरकार व शिक्षा विभाग ने कमियों को महसूस करते हुए, शिक्षा हित में क्लस्टर प्रणाली को लागू करने का निर्णय सरकार को सराहनीय पहल है। वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के नजदीक प्राथमिक माध्यमिक 6-7 पाठशालाओं का समूह बनाया जाएगा जिसका प्रमुख वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला का प्रधानाचार्य होगा। शिक्षा में गुणवत्ता सुधार लाना, स्कूलों का नियमित निरीक्षण करना, स्कूलों की संस्थानों का उपयोग, स्कूलों को ग्रेड में बांटना, आपसी प्रतिस्पर्धा पैदा करना आदि प्रावधान क्लस्टर नीति के उद्देश्य निर्धारित किए है। अध्यापकों की कमी की शिकायतें जो मिलती हैं, उसमें सुधार लाना, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी।



अध्यापक संघ विरोध कर रहे हैं, लेकिन नई व्यवस्था से आशा की किरण दिख रही है। वर्तमान विकेंद्रीकरण व्यवस्था से समूह केंद्रीयकरण बनने से सफलता की उम्मीद करनी चाहिए, लेकिन देखना होगा कि समूह प्रमुख को कितनी शक्तियां मिलती हैं और उन शक्तियों का कितना उपयोग किया जाता है? सरकार का दूसरा निर्णय प्रदेश के 100 स्कूलों को सीबीएसई के साथ जोड़ने का है, जो की हैरान करने वाला है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड पर सरकार ने स्वयं प्रश्न चिन्ह लगा दिया। तर्क दिया जा रहा है कि देश की प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिस्पर्धा के लिए सीबीएससी जरूरी है। क्या आज तक प्रदेश के शिक्षा बोर्ड के माध्यम से उत्तीर्ण बच्चे सफल नहीं हुए हैं? प्रदेश के शेष स्कूलों के बच्चों को यह सुविधा क्यों नहीं? बोर्ड के नाम से चयन तो होता नहीं, फिर यह निर्णय क्यों? प्रदेश बोर्ड की अहमियत को कम करना कितना सही है? सरकारी और निजी स्कूलों के बच्चों में शिक्षा बंटी हुई है और अब दो बोर्डों में बच्चों की शिक्षा बंट जाएगी। अध्यापकों और प्रध्यापकों का भी वर्गीकरण होगा, जो आने वाले समय में सरकार के सामने प्रशासनिक समस्या पैदा करेगा। 20 वर्ष पूर्व का उदाहरण देना चाहता हूं, जब प्रदेश बोर्ड ने सीबीएससी की तरह प्रश्नपत्रों में सुधार किया था। 15 नंबर की असेसमेंट स्कूलों पर छोड़ी गई और 85 नंबर के प्रश्नपत्र में ऑब्जेक्टिव प्रश्नों को शामिल किया गया था। समय-समय पर सुधार करना फायदेमंद रहता है, जो बोर्ड ने किया था। सरकार को चाहिए कि सीबीएससी के पैटर्न को आधार मानकर बोर्ड में लागू करें, ताकि पैटर्न प्रदेश के तमाम स्कूलों के बच्चों पर लागू हो जाए। परीक्षाओं के साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन भी करवाया जाए। स्कूल स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने की जिम्मेदारी विषय पढ़ाने वाले अध्यापकों और प्रध्यापकों को देने की जरूरत है। सीबीएससी को अपनाना और प्रदेश बोर्ड की अहमियत कम करना उचित नहीं है। सरकार सुधार करना चाहती है, तो सुधारात्मक कदम बोर्ड के माध्यम से लागू करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जात-पात की राजनीति में दम तोड़ती पंचायतीराज व्यवस्था



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर

लोकतंत्र की सबसे बुनियादी इकाई पंचायतें हैं, लेकिन वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों को लेकर स्थिति असमंजस से भरी हुई है। एक ओर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को परिसीमन और आरक्षण प्रक्रिया पूरी कर चुनाव करवाने का आदेश दिया है, वहीं दूसरी ओर सरकार और मीडिया के बीच विरोधाभासी बयानबाजी जारी है। सरकार जहां समय पर चुनाव के दावे कर रही है, वहीं जिलाधीशों द्वारा अभी तक आरक्षण रोस्टर तक तैयार न किए जाने से संदेह की स्थिति बनी हुई है।

सोशल मीडिया पर लोग चुनावी भागीदारी को लेकर बहस कर रहे हैं, लेकिन इन चर्चाओं में पंचायतों में बढ़ते भ्रष्टाचार और जातिवाद पर भी चिंता जताई जा रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब पंचायत चुनाव भी जाति, क्षेत्रवाद और राजनीतिक पकड़ के आधार पर लड़े जा रहे हैं। नौकरी न मिले तो पंचायत प्रधानी में कूदो जैसी सोच रखने वाले उम्मीदवार पंचायतों को सशक्त बनाने की बजाय उन्हें स्वार्थ की राजनीति का माध्यम बना रहे हैं।

पंचायती चुनाव राजनीतिक दलों के निशान पर नहीं लड़े जाते, लेकिन असल में प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत उनकी पार्टी या जाति से जुड़ी होती है। मतदाता आज भी उम्मीदवार की योग्यता के बजाय उसकी जाति और क्षेत्र को तरजीह देते हैं, जिससे योग्य प्रत्याशी अक्सर नजरअंदाज हो जाते हैं। इस प्रवृत्ति से न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का ह्रास होता है, बल्कि आरक्षण व्यवस्था के औचित्य पर भी प्रश्नचिह्न लग जाता है। सरकार ने क्लस्टर आधारित आरक्षण रोस्टर लाकर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की कोशिश की है, लेकिन इसका भी कई लोग विरोध कर रहे हैं।

आरक्षण व्यवस्था को लेकर आए दिन आर्थिक बनाम सामाजिक आधार की बहस सामने आती है, जबकि सच्चाई यह है कि चुनावों में केवल जातिवाद ही नहीं, क्षेत्रवाद भी गहराई से जड़ें जमा चुका है। पंचायत चुनावों में अब प्रत्याशियों से ज्यादा उनके आकाओं की प्रतिष्ठा दांव पर होती है। बड़े नेता अपने उम्मीदवारों के लिए पूरे चुनावी तंत्र को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। इसके चलते योग्य और स्वाभिमानी प्रत्याशियों को उचित मंच नहीं मिल पाता और राजनीति में नए व ईमानदार चेहरे पीछे छूट जाते हैं।




आज पंचायतें सामाजिक सरोकार की जगह राजनीति का अखाड़ा बन गई हैं। पहले पंचायत प्रतिनिधि गांवों की समस्याओं को सुनकर खुद समाधान निकालते थे। आज स्थिति यह है कि पंचायतें केवल सरकारी फंड के उपयोग तक सीमित हो गई हैं और जनसेवा की भावना कम होती जा रही है। प्रधानों की भूमिका कभी गांव के सर्वेसर्वा की हुआ करती थी, लेकिन अब स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि ग्राम सभा में कोई प्रतिनिधि को अपशब्द कहकर भी निकल जाए, कोई कार्यवाही नहीं होती।

नशाखोरी, अपराध, विवादों की बढ़ती घटनाएं पंचायत प्रतिनिधियों की निष्क्रियता और जनहित से दूरी का परिणाम हैं। पहले गांव के छोटे विवाद भी पंचायत स्तर पर निपट जाते थे, लेकिन अब हर छोटी बात पुलिस थानों तक पहुंच रही है, क्योंकि पंच-सरपंचों में वह नेतृत्व क्षमता और समाधान की शक्ति नहीं रही। पंचायत चुनावों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन यदि मतदाता सही प्रतिनिधि नहीं चुनते, तो यह लोकतंत्र के साथ मजाक बनकर रह जाता है। हमें जाति, क्षेत्र, या राजनीतिक दबाव के आधार पर नहीं, बल्कि योग्यता, ईमानदारी, मिलनसारिता और सेवा-भावना के आधार पर पंचायत प्रतिनिधियों का चयन करना चाहिए। तभी पंचायती राज व्यवस्था सशक्त और सफल हो सकेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोटेक इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# दर्द की आग में झुलसा खुशी का दिन

## बेटी की शादी से पहले राख हुआ सुधीर ठाकुर का कारखाना, लाखों का नुकसान

रितेश, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की ग्रेयोह पंचायत में बुधवार को एक हृदयविदारक हादसा हुआ। सुधीर ठाकुर की लकड़ी की इंडस्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे पूरा उद्योग जलकर राख हो गया। आग की लपटें इतनी तेज़ थीं कि कुछ ही मिनटों में लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

दुर्भाग्य यह रहा कि आज सुधीर ठाकुर की बेटी की शादी का शुभ दिन था और बारात आने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही यह दर्दनाक हादसा घट गया। इससे कुछ ही दिन पहले वह अपने 22 वर्षीय बेटे को सड़क दुर्घटना में खो चुके थ, और अब यह दूसरी बड़ी विपत्ति परिवार पर टूट पड़ी है।

ग्रामीणों ने मौके पर आग बुझाने का प्रयास किया, जबकि दमकल विभाग को तुरंत सूचना दी गई। राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जानी नुकसान की सूचना नहीं मिली। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।



धर्मपुर के ग्रेयोह में भीषण अग्निकांड से लकड़ी का कारखाना जलकर राख हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही पूर्व ज़िला पार्षद एवं माकपा नेता भूपेंद्र सिंह सिंह पंचयात प्रधान, बीडीसी व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और सुधीर ठाकुर उर्फ जट्ट को हुए लाखों रुपए के नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने मीडिया को बताया कि प्रथम दृष्टि में ऐसा लगता है कि ये आग बिजली के शॉर्ट सर्किट होने लगी जिससे वहां रखी लाखों रुपए की ईमारती लकड़ी, आरा मशीन, बिजली की मोटरें और स्विच बोर्ड इत्यादि सब राख हो गए। ये आग सुबह लगभग चार बजे के आसपास सुलगी और परिवार के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे और लगभग साढ़े पांच बजे जब एक बुजुर्ग महिला सो कर उठी तब उसने धुंआ बाहर निकलते देखा और शोर मचाने पर घर और पड़ोस के लोग उठे और सभी ने मिलकर आग बुझाने का काम किया।

**जिंदगी की दूसरी बड़ी चोट बेटे की मौत के बाद अब आग ने छीन लिया रोजगार**

गनीमत ये रही कि बेटी की शादी के लिए लगे टैंट और ऊपर की मंजिल में आग की लपटें नहीं पहुंची अन्यथा बहुत ज्यादा नुकसान हो सकता था।भूपेंद्र सिंह ने पहले सुधीर के बेटे की दुर्घटना पर हुई मौत और अब उसके जीवनयापन का जरिया भी इस आगज़नी से छीनने पर शोक व्यक्त किया है और उन्हें इस क्षति से उबरने की हिम्मत प्रदान करने की कामना की है और सरकार से उन्हें मुआवज़ा देने की मांग की है।

## सास के साथ मारपीट करने पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना धनोटू में गीता रानी पत्नी पवन कुमार निवासी तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई कि 22 अक्तूबर 2025 को प्रियंका, प्रिया, रणजीत और अजय कुमार ने मिलकर उसकी सास को रोककर मारपीट की, जिससे उन्हें हल्की चोटें आई हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अभियोग संख्या 112/25 दिनांक 22.10.2025 के तहत धारा 126(2), 115(2), 352, 351, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज किया है और मामले की आगामी जांच जारी है।

## पत्नी संग मारपीट व गाली-गलौज पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना धनोटू में जय कुमार पुत्र लाला राम निवासी तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी ने शिकायत दी कि जय राम, संध्या देवी और गीता कुमारी ने उसके आंगन के पास उसकी पत्नी प्रियंका कुमारी के साथ गाली-गलौज की और संध्या व गीता ने रास्ता रोककर प्रियंका के साथ मारपीट की। उक्त शिकायत पर धनोटू थाना में क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई हैं। अभियोग संख्या 112/25 दिनांक 22.10.2025 के तहत मामला भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में दर्ज कर जांच जारी है।

## मंडी पुलिस ने किए 360 चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत 360 चालान किए गए हैं जबकि कोटपा (सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम) के अंतर्गत 22 चालान कर 2200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं माइनिंग एक्ट के तहत कोई चालान नहीं किया गया। पुलिस प्रशासन ने नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# दिल्ली-मंडी रूट की बस को अचानक हमीरपुर भेजने पर यात्रियों का हंगामा

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान

**महादेव।** देश की राजधानी दिल्ली के बस अड्डा (आईएसबीटी) में मंडी की सवारियों को उस वक्त देर रात मजबूर होकर एचआरटीसी प्रबंधन के खिलाफ अड़कर हंगामा करना पड़ा जब दीपावली पर्व के लिए स्पेशल चलाई जा रही दिल्ली-मंडी बस को अचानक ही हमीरपुर के लिए चलाए जाने का फरमान आ गया। यह फरमान कहां से आया इससे कोई सरोकार न रखकर दीपावली मनाने आ रही मंडी की सवारियों ने एडवांस टिकट बुकिंग करवा दी थी और अपने सामान सहित बस में सवार भी हो चुके थे कि अचानक कहा गया कि बस का रूट हमीरपुर के लिए डायवर्ट कर दिया गया है। यह मालूम होते ही बस में सवार यात्रियों की त्योरियां चढ़ गईं और मंडी सहित उच्चाधिकारियों आदि संबंधित के यहां फोन पर फोन कर वहां अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए जोर डालते रहे और अपनी बात पर अड़े रहे कि मंडी जा रही बस जो वाया बिलासपुर एवं सुंदरनगर से होकर मंडी जाती है, किस प्रकार हमीरपुर जा सकती है। कथित ऊपर से आया फरमान बताकर सवारियों को समझाने की कोशिश की जाती रही ये ऊपर क्या बला है। दिल्ली-मंडी रूट की सवारियों ने जानना जरुरी नहीं समझा और सख्त नाराज-गुस्से से भरी सवारियां जो अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ परेशान हो रहे थे के तेवर अब इसलिए भी सातवें आसमान पर थे क्योंकि उन्हें जायज रुट के बावजूद भी जान बूझकर लेट किया जा रहा था जो असहनीय से कम नहीं लग रहा था। यह सब अपने हक के लिए लड़ा जाना बताते हुए एक प्रभावित परिवार ने यह भी बताया कि इस हंगामे ने बस को एक घंटा लेट कर दिया है। इसके लिए संबंधित विभाग और हिमाचल प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराना शायद गलत नहीं होगा जो भी हो तमाम सवारियों ने एकजुटता दिखाई और नीचे से ऊपर वालों को झुका दिया। सवारियों के बढ़ते आक्रोश की बातें आगे जाना स्वाभाविक सी बात है। हैरानी की बात है अपने ही रुट के लिए लड़ना पड़ा और अंततः बस अपने गंतव्य यानि निर्धारित रूट दिल्ली से मंडी के लिए चल पड़ी। इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण भी बताकर एक बड़े वर्ग में अफसोस जाहिर किया जा रहा है।

**टिकट बुकिंग के बाद रूट बदला, यात्रियों ने किया विरोध**

# रमेश कुमार, विक्रांत, हरी सिंह और मनदीप को उपप्रधान की जिम्मेदारी

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**भाजपा युवा व महिला मोर्चा पद्धर के कार्यकारिणी घोषित**

**बरोट।** भाजपा युवा मोर्चा पद्धर के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बुधवार को द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, मंडल भाजपा अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर तथा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष योगराज डोगरा के साथ विचार-विमर्श करने के बाद अपनी कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। इस कार्यकारिणी में रमेश कुमार, विक्रांत, हरी सिंह और मनदीप को उपप्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि झटिंगरी के विजय कुमार और कुफरी के अजय ठाकुर को महामंत्री बनाया गया है। कथोग के वेद प्रकाश को कोषाध्यक्ष और पद्धर के प्रिंक्षित शर्मा, पद्धाहन के नवीन, पेखरा के रमन, खलेहल के त्रिलोक चंद को सचिव नियुक्त किया गया है। कोटरुपी की प्रिया को कार्यालय सचिव, गवाली के रमेश चंद को मीडिया प्रभारी, चुक्कू के सुशांत को आईटी संयोजक और थल्टूखोड़ के भोले राम को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा अक्षय, ललित, राजेश, जसवीर, विशाल, सुरेश कुमार, कुष, जिएंद्र कुमार, सचिन, यादव सिंह, सुषमा और मंजू को सदस्य के रूप में चुना गया है। इसी दिन पद्धर मंडल भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त अध्यक्ष सपना देवी ने भी अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें सुधार से चंद्रकला, उरला की ममता देवी, बड़ीधार की संजू देवी और रोपा की चन्द्रकला को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गवाली की शिक्षा शर्मा और बरोट की हिमा देवी को महामंत्री बनाया गया है, जबकि रोपा की निर्मला को कोषाध्यक्ष, जिल्हण की सकीना कुमारी, बुलंग की रवीना, वरधान की विमला देवी और कुन्नु की भवानी देवी को सचिव नियुक्त किया गया है। सरला देवी और निशा देवी को सोशल मीडिया प्रभारी तथा सुभद्रा देवी को आईटी संयोजक बनाया गया है, वहीं नागण की बीतू देवी, भड़वाहन की प्रोमिला देवी, गवाहन की सुमन देवी, थुनाग की मीना देवी, टिक्कर की ममता देवी, भटयारी की सुनीता देवी और डलाह की संतोष कुमारी को कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### सड़क की खस्ताहालत को लेकर पूर्व सीपीएस से मिले टिहरी के ग्रामीण

# पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने ग्रामीणों को हरसंभव मदद करने का दिया आश्वासन

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

सुंदरनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत टिहरी के प्रधान सुख राम की अगुवाई में आधा दर्जन गांव के ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर से सुंदरनगर स्थित उनके कार्यालय में मसोग-टिहरी-जदरीन सड़क की खस्ताहालत को लेकर मिला और एक मांग पत्र दिया।

ग्रामीणों ने पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर को बताया कि वर्ष 2017 में संपर्क मार्ग योजना के प्रथम चरण में पूर्ण रूप से कनेक्ट हो गया था और उसके बाद आज दिन तक 8 वर्ष बीत जाने के बाबजूद इसके दूसरे चरण का कार्य नहीं हो पाया है ,जिससे संपर्क मार्ग खस्ताहाल बनी हुई है,जिससे आधा दर्जन गांव माहला चोरट,घेहरा,घीड़ी सहित अन्य गांव के लोगों को खस्ताहालत सड़क से जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ रहा है और भारी परेशानियों व समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



मसोग-टिहरी-जदरीन सड़क की खस्ताहालत को लेकर टिहरी पंचायत प्रधान सुख राम की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर को मांग पत्र सौंपते हुआ।

पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने समस्त ग्रामीणों की बात को ध्यानपूर्वक सुनते हुए तुरंत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से संपर्क मार्ग की स्थिति को लेकर फीडबैक ली और ग्रामीणों को समस्या के जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रधान टिहरी सुख राम, चलेहली गांव से जय सिंह, कुन गांव से श्याम लाल और सोनू, चोरट गांव ज़के हरि सिंह, जीतराम, लेखराम, घेरा गांव श्याम लाल, सोहन लाल और रड़ा गांव से ख्याली राम व लक्ष्मण उपस्थित रहे।

# खेलों से होता मानसिक व शारीरिक विकास : राणा

## सीयून में चल रही शहीद अजय मेमोरियल क्रिकेट स्पर्धा का समापन

अनंत ज्ञान, पधर

उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत सीयून के डायना पार्क क्रिकेट मैदान में आयोजित शहिद अजय मेमोरियल क्रिकेट कप का धुंमधाम के साथ समापन हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता द्रंग विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी जय सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर की। राणा का खेल मैदान में पहुंचने पर क्रिकेट आयोजको और खिलाड़ियों ने जोरदार स्वागत किया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र और बाहरी टीमों ने भाग लिया।

मुख्यतिथि जय सिंह राणा ने बताया कि खेलकूद से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। राणा ने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। कहा किसी भी प्रकार की खेल गतिविधियों में वो हर संभव खिलाड़ियों का सहयोग करेंगे। वही उन्होंने कहा कि खिकादियों को खेलकूद को खेल की भावना से खेलना चाहिए ताकि गांव से अच्छे खिलाड़ी निकलकर जिला और स्टेट लेवल तक अपना अच्छा प्रदर्शन कर सके। उन्होंने कहा कि जब खिलाड़ी अपने गांव का नाम रोशन करेंगे तो प्रदेश का नाम रोशन होगा।



शहीद अजय मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ।

वही उन्होंने इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को 21000 की नगद राशि भेंट की। राणा ने सेमी फ़ाइनल में खेली सभी चार टीमों को अपनी ओर से ₹2500 -2500 की नगद राशि भेंट की। वही विजेता टीम को 51 हजार ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 31 हजार ट्रॉफी सहित समानित किया गया।

**युवा समाजसेवी जय सिंह राणा ने की बतौर मुख्यतिथि शिरकत**

## न्यूज ब्रीफ

### गोवर्धन पूजा की धूम से गूंजा महादेव क्षेत्र

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** सोमवार से दीपावली का लगातार मनाए गए पर्व और मंगलवार की रात को भी बाकी दीपावली का पर्व जहां धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। वहीं बुधवार को गोवर्धन पूजा की गई। प्रकृति एवं गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रतीक गोवर्धन पूजा का पर्व धार्मिक श्रद्धा-धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बाजारों में खूब रौनक मेले देखने को मिले तथा किसानों ने अपनी धार्मिक परम्परानुसार अपने कृषि यंत्रों की पूजा-अर्चना की, जिसमें पुराने लकड़ी-बांस के कृषि यंत्र हल आदि भी देखने को मिले।

### रात में फ्री अस्पताल पहुंचाने की सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान, बरोट।** हिमाचल ब्लड टाईगर बैजनाथ महाकाल समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष राज कुमार शर्मा ने बताया कि संस्था के गठन के समय से ही जरूरतमंद लोगों को रक्त की आपूर्ति तथा आपदा के समय त्वरित सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब संस्था ने एक और सराहनीय कदम



उठाते हुए बैजनाथ से लगभग दस किलोमीटर के दायरे में आने वाले लोगों के लिए रात के समय इमरजेंसी में बीमार व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाने की सुविधा भी शुरू कर दी है। यदि किसी व्यक्ति के पास रात में अस्पताल ले जाने का कोई साधन न हो तो वे संस्था से संपर्क कर सकते हैं और संस्था द्वारा तुरन्त वाहन भेजकर बीमार व्यक्ति को उसके घर से अस्पताल तक निशुल्क पहुंचाया जाएगा। राज कुमार शर्मा ने बताया कि इस सेवा के बदले में संस्था किसी से कोई शुल्क नहीं लेगी बल्कि वह केवल भगवान से संस्था के लिए दुआ मांगने की अपील करता है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के इस उद्देश्य को लेकर संस्था द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि हर जरूरतमंद तक समय पर सहायता पहुंचाई जा सके और कोई व्यक्ति उपचार से वंचित न रहे।

# चोलथरा में 16 नवंबर को नशामुक्ति के लिए मिनी मैराथन व सांस्कृतिक कार्यक्रम



अनंत ज्ञान, सरकाघाट

धर्मपुर उपमंडल की चोलथरा पंचायत में 16 नवंबर को नशा मुक्ति अभियान के तहत मिनी मैराथन दौड़, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए पंचायत घर चोलथरा में बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एथलेटिक्स कोच और धर्मपुर नशा मुक्ति समिति के अध्यक्ष भूपिंद्र भूप्पी ने की।

इस आयोजन में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति, सर्वोदय जन कल्याण समिति, सजाओ कमेटी, महिला मंडल, स्थानीय व्यापारी व पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना है। महिलाओं की भूमिका को भी इस अभियान में अहम माना गया है। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा 10 नवंबर को मंडी से कला जत्था निकाला गया है, जो 16 को चोलथरा व टिहरा में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करेगा।

**बढ़ते नशे के खिलाफ एकजुट हुआ धर्मपुर, जागरूकता के लिए आयोजित होगी दौड़ और नुक्कड़ नाटक**

बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमें बिहारी लाल ठाकुर को मुख्य संयोजक, कैप्टन पवन सिंह को अध्यक्ष, वेदप्रकाश को महासचिव और अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों को सदस्य नामित किया गया। यह आयोजन पूरे क्षेत्र में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## संधोल में बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल विद्युत उपमंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में पिछले करीब दो हफ्तों से जारी बिजली की आंख मिचौली ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। दिनभर में कई बार बिजली का आना-जाना अब आम बात बन गई है। इससे न केवल घरेलू जीवन प्रभावित हुआ है, बल्कि बाजार, स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में भी कामकाज बुरी तरह बाधित हो रहा है। आज भी पूरा दिन बिजली गुल रही जिससे लोगों में रोष है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि लगातार बिजली कटने से फ्रिज, बिलिंग मशीनें और अन्य उपकरण सही से काम नहीं कर पा रहे। ग्राहकों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं सरकारी दफ्तरों में कंप्यूटर आधारित कार्य ठप पड़े हैं, जिससे आम जनता के जरूरी काम लटक रहे हैं। घरों में छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई बाधित हो रही है और गृहिणियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिकायतें करने के बावजूद विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि वह जल्द समस्या का स्थायी समाधान करें। वहीं अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग मंडल धर्मपुर संतोष ने बताया कि तकनीकी खराबी व लाइन मेंटेनेंस के कारण आपूर्ति बाधित हो रही है। विभाग द्वारा समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं व जल्द ही बिजली आपूर्ति की जाएगी।

# असामाजिक तत्वों का करें बहिष्कार और नशे से दूर रहें युवा : नरेंद्र अत्री



क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेंद्र अत्री की अध्यक्षता में हुआ।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

कुजावलह मैदान में आरबीएल युवक मंडल द्वारा आयोजित एनआरएसएस मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेंद्र अत्री की अध्यक्षता में हुआ।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे असामाजिक तत्वों और उनके संरक्षकों का बहिष्कार करें, जो उन्हें नशे जैसी गंभीर समस्याओं की ओर धकेल रहे हैं। नरेंद्र अत्री ने कहा कि युवाओं में समाज और प्रदेश को सही दिशा में ले जाने की क्षमता है, बशर्ते वे अपने अंदर की शक्ति को पहचानें और दृढ़ विश्वास के साथ आगे बढ़ें।

उन्होंने खेलों को नशे से दूर रहने का एक सशक्त माध्यम बताया। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया, जिसमें लखरैहड़ विजेता और फनैहल उपविजेता रही। विजेता टीमों को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार दिए गए। आयोजन में हेमराज ठाकुर, प्रवीण पप्पू, अनिल काका, प्रवीण पिंकू, अश्विनी कुमार और रितेश अब्बू ने विशेष योगदान दिया। मुख्य अतिथि का खिलाड़ियों व आयोजकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

# मंडी बाईपास पर दो करोड़ से बनेगी रेहड़ी फहड़ी मार्केट, डिग्री कॉलेज भवन की भी शिवरात्रि में हो जाएगी शुरुआत : अनिल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी सदर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा ने कहा कि वह विरोधी दल में हैं मगर मुख्यमंत्री के साथ उनके अच्छे संबंध हैं जिसकी बदौलत वह जो भी करना चाह रहे हैं उसके लिए उन्हें पैसा मिल रहा है। बुधवार को यहां श्री विश्वकर्मा दिवस समारोह में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत व अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मंडी डिग्री कालेज का भवन अधूरा था मगर वह पैसा ले आए और अब काम तेजी से चल रहा है। शिवरात्रि तक यह तैयार हो जाएगा।

इसी तरह से मंडी बाइपास पर रेहड़ी फहड़ी मार्केट का काम चल रहा है। इसके लिए वह 2 करोड़ रूपए सरकार से लाए हैं, इसके फर्श का काम गुरूवार से शुरू हो रहा है। गुरूवार को यहां पर चल रही पार्किंग को बंद कर दिया जाएगा और काम पूरा होने पर यहां लोकल बस स्टैंड, पार्किंग व रेहड़ी फहड़ी मार्केट शुरू हो जाएगी। इन कामों को शिवरात्रि महोत्सव के मौके पर शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनिल शर्मा दूर की सोचते हैं और मंडी में उन्होंने अपनी सोच से बहुत कुछ करके दिखाया है। वह चाहते हैं कि डेढ़ करोड़ की लागत से जो विश्वकर्मा भवन के सामने 2023 में बहुत बड़ा भूसख्लन आधुनिक तकनीक से ठीक किया गया था वह तकनीक फेल हो गई। अब इसे कंकरीट से तैयार करके यहां पर पार्किंग व सामुदायिक भवन तैयार किया जाएगा। पड्डल जालपा मंदिर से पुरानी मंडी को बनाए गए पुल के पास एक विशाल पुस्तकालय बनाने की योजना बनाई जा रही है।

### विश्वकर्मा मंदिर को भव्य बनाने में देंगे सहयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी सदर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा ने 74 वें वार्षिक विश्वकर्मा दिवस समारोह के मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में कहा कि शिल्प जगत के भगवान श्री विश्वकर्मा को याद करते हुए कहा कि आज विश्व में जो भी निर्माण हो रहे हैं उनके पीछे भगवान विश्वकर्मा का ही संदेश छिपा है। उन्होंने कहा कि मंडी में इस जगह पर श्री विश्वकर्मा का भव्य भवन बने, इसके लिए उनका पूरा सहयोग रहेगा। श्री विश्वकर्मा सभा सामाजिक दायित्व को



अच्छी तरह से निभा रही है ऐसे में उनका सहयोग करना और इस परिसर को और अधिक भव्य बनाना हमारा नैतिक फर्ज है। उन्होंने अपनी विधायक निधि से ट्रस्ट को 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले विश्वकर्मा सभा के प्रधान ज्ञान चंद शर्मा, उपप्रधान महेंद्र राणा, महासचिव पृथ्वी राज धीमान, कोषाध्यक्ष सुखदेव सिंह व कार्यालय सचिव खरैती लाल धीमान ने अनिल शर्मा को शॉल टोपी पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। महापौर वीरेंद्र भट्ट व पार्षद योग राज योगा को भी सम्मानित किया गया।

**बागवानी** एचपी शिवा परियोजना ने बदली धर्मपुर के 41 किसानों की तकदीर, 20 क्विंटल की फसल राजपुरा भेजी

# ललाणा क्लस्टर में लहलहा रही मौसंबी की फसल

रितेश, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** प्रदेश में बागवानी न केवल किसानों व बागवानों के लिए आजीविका का एक स्त्रोत है बल्कि यह ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक स्थिरता का भी प्रमुख स्तंभ है। मुख्यमंत्री सुक्खू की अगुवाई में राज्य सरकार बागवानी क्षेत्र को नए आयाम देने में जुटी है। बागवानी को बढ़ावा देते हुए प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश उपोष्णकटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्यवर्द्धन (एचपी शिवा) परियोजना के माध्यम से 100 करोड़ रुपए व्यय करने का प्रावधान किया है। सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम से न केवल प्रदेश के निचले क्षेत्रों में शिवा परियोजना के माध्यम से बागवानी को बल मिल रहा है, बल्कि प्रदेश सरकार के यह प्रयास धरातल में फलीभूत भी हो रहे हैं।

इस परियोजना का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखने लगा है। मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल के ललाणा कलस्टर में बागवानी की सफलता की कहानी खुद किसानों की जुबानी बयां हो रही है। उपमंडल धर्मपुर के अंतर्गत ललाणा क्लस्टर में इन दिनों मौसम्बी की फसल लहलहा रही है। एचपी शिवा परियोजना के तहत लगभग 5 हैक्टेयर भूमि में स्थापित इस बगीचे में मौसम्बी की फसल तैयार हो चुकी है तथा लाभार्थी किसान अब इसे बाजार भेजने की तैयारी में जुट गए हैं।



मौसंबी की फसल के साथ लाभार्थी।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**विषयवाद्** विशेषज्ञ (बागवानी) धर्मपुर डॉ. अनिल ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश शिवा परियोजना के माध्यम से जिला मंडी के धर्मपुर में कुल 63 क्लस्टर स्थापित किए गए हैं। इनके अंतर्गत मौसम्बी (नींबू प्रजाति), अमरूद और लिची की खेती को बढ़ावा दिया गया है तथा लगभग 250 हेक्टेयर भूमि को कवर किया गया है। यह क्लस्टर धर्मपुर के लगभग 1500 किसानों की आमदनी सुदृढ़ कर रहे हैं। बागवानी विभाग किसानों को मार्केटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करवा रहा है ताकि फसल के बेहतर दाम मिल सकें।

इस क्लस्टर में ब्लड रेड व जाफा प्रजाति के लगभग 4700 मौसंबी के पौधे रोपित किए गए हैं। क्लस्टर में जुड़े किसानों की विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने के लिए कम्यूनिटी हॉर्टिकल्चर प्रोडक्शन मार्केटिंग एसोसिएशन व वाटर यूजर एसोसिएशन का भी गठन किया गया है। लाभार्थी किसान एवं क्लस्टर के अंतर्गत गठित कम्यूनिटी हॉर्टिकल्चर प्रोडक्शन मार्केटिंग एसोसिएशन व वाटर यूजर एसोसिएशन के उपप्रधान अमर सिंह बताते हैं कि करीब 4 वर्ष पूर्व बागवानी विभाग के माध्यम से बतौर एफएलडी मौसंबी के पौधे रोपित किए गए। वर्तमान में लगभग 41 किसान इससे जुड़ चुके हैं। इस क्लस्टर में बागवानी एवं जलशक्ति विभाग के माध्यम से भूमि विकास, बेड व पिट तैयार करना, सोलर बाड़बंदी, ड्रिप सिंचाई सुविधा व उठाऊ सिंचाई परियोजना के माध्यम से जल उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त लगभग 50 हजार लीटर क्षमता का पानी का टैंक भी निर्मित किया गया है। क्लस्टर में उनके लगभग 200 मौसंबी के पौधे हैं, जिनसे औसतन प्रति पौधा 50 से 60 किलोग्राम मौसंबी उत्पादन की उम्मीद है।

अन्य लाभार्थी किसान अच्छर सिंह व रमेश चंद का कहना है कि ब्लड रेड और जाफ़ा प्रजाति की मौसम्बी में छिलके पतले होते हैं और रस की मात्रा अधिक होती है। यह स्वाद में भी अत्यंत उत्तम व मीठी है। किसानों को उम्मीद है कि इस बार उन्हें अच्छे दाम मिलने से आमदनी में और अधिक वृद्धि होगी। बागवानी विभाग धर्मपुर की मदद से इस बार रिलायंस स्टोर राजपुरा ललाणा से मौसंबी खरीद कर रहा है। ललाणा क्लस्टर से पहली 20 क्विंटल की फसल राजपुरा भेजी गई है। इस बार मौसंबी बाजार में 35 से 40 रुपए प्रति किलो बिक रही है।

बागवानी विभाग ने किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के लिए फैसिलिटेटर, क्लस्टर इंचार्ज तथा फील्ड ऑपरेटर भी तैनात किए हैं। युवाओं से भी बागवानी के साथ जुड़ने का आह्वान किया है ताकि घर के समीप ही न केवल रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकें बल्कि वह स्वावलंबी बनकर दूसरों के लिए रोजगार सृजन का कार्य भी कर सकें।

# सड़क निर्माण के लिए पंजावर के ग्रामीणों ने दी 2 कनाल भूमि

**अनंत ज्ञान, हरोली**

विधानसभा क्षेत्र के गांव पंजावर के ग्रामीणों ने अपनी निजी भूमि रास्ता निर्माण के लिए दान देकर पुण्य का कार्य किया है।

करोड़ों की कीमत की करीब 2 कनाल भूमि सड़क निर्माण के लिए डोनेट करके दानियों ने आमजन का दिल जीत लिया है। सड़क निर्माण को लेकर पंचायत के प्रयास भी रंग लाए। पक्की सड़क को बुधवार को पंचायत प्रधान नीलम मनकोटिया व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा की मौजूदगी में 90 वर्षीय वयोवृद्ध समाजसेवी मुख्तियार सिंह मनकोटिया द्वारा रिबन काट कर सड़क को लोकार्पित किया गया । इसी के साथ ग्रामीणों की चिरलम्भित मांग पूरी भी हो गई। मुख्तयार सिंह ने कहा कि निजी भूमि के पचड़े के चलते इस रास्ता निर्माण को लेकर उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि सड़क बन जाएगी । लेकिन आज जीते जी मुझे सड़क बनने का सपना हकीकत में पूरा हो गया है।जिससे वे पंचायत प्रधान नीलम मनकोटिया का हमेशा के लिए आभारी रहेंगे। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान नीलम मनकोटिया ने कहा कि जनसहयोग से गांव का विकास संभव है। उन्होंने भूमि डोनेट करने बालों का आभार जताया और विकास की गति ओर तेज करने वायदा किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा ने रास्ता पक्का निर्माण के लिए पंचायत पंजावर,जिला प्रशासन व डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री का आभार जताया । उन्होंने कहा कि पंजावर में सड़क का कायाकल्प करना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहा।ओर सरकार के आशीर्वाद से गांव में विकास को चार चांद लग रहे हैं। उल्लेखीय है कि ग्राम पंचायत पंजावर के अथक प्रयासों से पक्का रास्ता निर्माण के लिए निजी भूमि मालिकों को राजी किया गया। भूमि मालिकों ने प्रधान की बात मान ली ओर प्रधान ने बदले में सड़क निर्माण के लिए बजट का प्रावधान करने का वादा किया। इसके चलते मालिकों ने करीब 2 कनाल भूमि सड़क निर्माण के लिए दान दे दी और पंचायत प्रधान सड़क निर्माण के बजट के लिए मामले को जिला प्रशासन व डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के समक्ष उठाया। तदोपरांत सरकार की ओर से पक्का रास्ता निर्माण के लिए 10 लाख की राशि जारी कर दी। प्रधान ने औपचारिकताओं को पूरा कर वार्ड नंबर 5 में पूर्व पेंच बलराम व गुरबख्श के घर से लेकर 300 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

# भाजपा के लिए चुनाव नहीं, कुटलैहड़ में अस्तित्व की लड़ाई बनता जा रहा मुकाबला

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में इस समय घमासान मचा हुआ है, जहां भाजपा वर्षों से अजेय मानी जाती रही है, वहीं अब पार्टी के भीतर ही टिकट को लेकर मचे घमासान ने स्थिति को पूरी तरह उलझा दिया है। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर और पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो के बीच टिकट को लेकर चल रही रस्साकशी के बीच युवा समाजसेवी शिवेंद्र पाल की भाजपा में एंट्री ने सियासी गणित को पूरी तरह बदल दिया है। अब पार्टी के भीतर तीन मजबूत चेहरे टिकट के दावेदार के रूप में सामने हैं वीरेंद्र कंवर, देवेंद्र भुट्टो और शिवेंद्र पाल, लेकिन और भी कई युवा चेहरे प्रकट होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वहीं, दूसरी ओर, कई अन्य युवा नेता, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य और यहां तक कि सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारी भी एवं कुछ और लोग भी मौके की तलाश में हैं। इन सभी दावेदारों ने पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व से संपर्क साधना शुरू कर दिया है, जिससे स्थिति और भी अधिक जटिल हो गई है।

## भाजपा की अंदरूनी खींचतान बन सकती है विपक्ष के लिए सुनहरा मौका

**जैसे** कभी कांग्रेस पार्टी आंतरिक मतभेदों और गुटबाजी से जूझती रही थी, अब वैसी ही स्थिति भाजपा में उभरती नजर आ रही है। अगर समय रहते पार्टी हाईकमान ने हस्तक्षेप नहीं किया तो यह अंदरूनी मतभेद चुनाव में भारी पड़ सकते हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि कुटलैहड़ का विधानसभा चुनाव न सिर्फ भाजपा और कांग्रेस के बीच, बल्कि भाजपा के भीतर शक्ति संतुलन, युवा नेतृत्व और संगठनात्मक सूझबूझ की परीक्षा भी होगा।

## शिवेंद्र पाल की एंट्री से सियासी तापमान चरम पर

**शिवेंद्र** पाल जैसे युवा, तेजतर्रार और जनसरोकार से जुड़े चेहरे की भाजपा में एंट्री ने समीकरणों को गहराई से प्रभावित किया है। शिवेंद्र पाल का राजनीतिक अनुभव भले सीमित हो, लेकिन जनसंपर्क, युवाओं में लोकप्रियता और सामाजिक कामों की बदौलत वे तेजी से उभरते हुए चेहरे बन गए हैं।

## कांग्रेस से भाजपा तक का सफर

**विधानसभा** चुनाव में जब कांग्रेस के देवेंद्र भुट्टो ने भाजपा के विजय रथ को रोककर इतिहास रचा था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि कुछ ही महीनों में वे कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लेंगे। इसके बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने विवेक शर्मा विक्कू को मैदान में उतारा और लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर भाजपा को करारा झटका दिया, जबकि देवेंद्र भुट्टो भाजपा के मंडलाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य हैं, यह कयास लगाई जा रही है कि आगामी चुनाव में उन्हें ही उम्मीदवार बनाया जाएगा, लेकिन पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने भी संकेत दे दिए हैं कि वे चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं और लड़ेंगे।

## भाजपा कार्यकर्ता असमंजस में, हाईकमान की चुप्पी चिंताजनक

**पार्टी** के कार्यकर्ताओं के बीच असमंजस की स्थिति है, कौन होगा प्रत्याशी? किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा? क्या पार्टी संगठन एकजुट रह पाएगा? इन सवालों का जवाब समय के साथ तो मिलेगा, लेकिन अगर नेतृत्व ने जल्द और सटीक निर्णय नहीं लिया, तो भाजपा के लिए यह राह और कठिन होती जाएगी। कुटलैहड़ में भाजपा के सामने सिर्फ विपक्ष से लड़ने की चुनौती नहीं है, बल्कि अपने ही भीतर चल रहे असंतुलन और नेतृत्व के भ्रम से पार पाना बड़ी जिम्मेदारी बन गया है, अगर पार्टी संगठन ने सही समय पर सही निर्णय नहीं लिए, तो यह सीट भाजपा के हाथ से फिर से फिसल सकती है। शिवेंद्र पाल जैसे नए चेहरों की मौजूदगी ने जहां संभावनाएं बढ़ाई हैं, वहीं चुनौतियों की रेखाएं भी और गहरी कर दी हैं। मतदाता उलझन में हैं कि आखिर कौन भाजपा की ओर से चुनावी मैदान में होगा। भाजपा हाई कमान को इस और विशेष ध्यान देकर समाधान करना ही बहुत जरूरी है।

# नुक्कड़ नाटकों से दिया भूकंपरोधी भवन निर्माण की तकनीकों का संदेश



कलाकार ग्रामीणों को भूकंपरोधी भवन निर्माण की विभिन्न विधियों बारे जागरूक करते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना के समर्थ-2025 कार्यक्रम के तहत उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत ग्रामीणों को भूकंपरोधी भवन निर्माण की विभिन्न विधियों बारे जागरूक किया गया।

इस दौरान सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से संबद्ध ग्रुप आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकारों ने बंगाणा उपमंडल के खुरवाईं और बंगाणा में लोगों को भूकंप के दौरान जान-माल की क्षति के नुकसान को कम करने के लिए भूकंप सुरक्षित मकान में प्रयोग होने वाली विभिन्न विधियों और गुणवत्तायुक्त सामग्री बरतने को लेकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आपदा से होने वाले नुकसान को न्यून करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। साथ ही, आपदाओं से सुरक्षित रहने के लिए उचित तकनीक होना भी अत्यंत जरुरी है।

आरके कलामंच के कलाकारों ने जागरूकता संदेश देते हुए कहा कि भवनों में किसी भी प्रकार का संरचनात्मक बदलाव करने से पहले अभियंता से परामर्श अवश्य लें ताकि भूकंप से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। साथ ही, उत्तम सीमेंट मोर्टार, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, इंट की दीवारों का सुदृढ़ीकरण, उद्घघाटनों के जांब्स में खड़ी सुदृढ़ीकरण, पिलर निर्माण, पायलिंग के तरीके, कंक्रीट के मानक और नींव बनाने में प्रयोग होने वाले आवश्यक तत्वों बारे जागरूक किया और भवन निर्माण के समय बरती जाने वाली सावधानियों पर भी बल दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टे के साथ जलग्रां टब्बा का युवक काबू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कांगड़ा पुलिस के खुफिया दस्ते ने उपनिरीक्षक सुनील पटियाल के नेतृत्व में मैहतपुर के युवक को चिट्टा की खेप के साथ काबू किया है। पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की थी। टीम द्वारा मैहतपुर बाजार में दीपक कुमार पुत्र बलदेव चंद निवासी जलग्रां टब्बा जिला ऊना के कब्जा से 6.94 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया।

### बाबा विश्वकर्मा मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आरंभ

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** स्थानीय नगर के प्राचीन बाबा विश्वकर्मा मंदिर संतोषगढ़ में 77वां तीन दिवसीय सलाना धार्मिक कार्यक्रम मंगलवार शाम को दीपमाला के साथ शुरू हुआ। इसमें जगमग लाईट से मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया। दूसरे दिन बुधवार की सुबह मंदिर कमेटी द्वारा झंडा रस्म अदा की गई। स्टेज सेक्रेटरी भजन सिंह मान ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम लगातार 70 वर्ष से चल रहा है। बाबा विश्वकर्मा मंदिर में माथा टेकने के लिए भक्तों की लाइनें सुबह से ही लगनी शुरू हो गईं। इस मंदिर में व कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए हिमाचल, पंजाब व अन्य राज्यों से बाबा विश्वकर्मा मंदिर में माथा टेकने के लिए आते हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम में सर्व समाज के लोग शामिल होते हैं। तीन दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम में लगातार लंगर का प्रसाद भी लगाया जाता है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भगत गुरुदेव सिंह एंड पार्टी धलेत, राम चन्द्र रागी एंड पार्टी मल्लपुर, शाम सुंदर शास्त्री प्रसिद्ध कथावाचक पठानकोट, देवी कृष्ण प्रिया दासी पुखोवाल ऊना, भगत प्रकाश प्रेमी एंड पार्टी भवानीपुर ने जगत पिता बाबा विश्वकर्मा की जीवनी पर प्रवचन किए। इस अवसर पर विश्वकर्मा मंदिर कमेटी के प्रधान बलदेव सिंह मान, वरिष्ठ उपप्रधान, कुलदीप सिंह मुख्तियार, उपप्रधान कुलदीप सिंह मान (विक्की), सचिव परमिंद्र सिंह मान व कोषाध्यक्ष, अर्जुन सिंह मान, उपसचिव, भजन सिंह मान मंच सचिव, रमेश चंद धीमान उप-मंच सचिव, मनदीप सिंह मान उप-मंच सचिव सहित अन्य मौजूद रहे।

### तीन फीसदी डीए मिलने से कर्मचारी संघ गदगद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल सरकार ने प्रदेश के 3.62 लाख कर्मचारियों-पेंशनरों को दिवाली से पहले तीन फीसदी महंगाई भत्ते (डीए) का तोहफा दे दिया है। जिला ऊना अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने इसका स्वागत किया है । एनजीओ अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने कहा कि सरकार के कर्मचारी हितैषी निर्णय से अक्तूबर के वेतन व पेंशन में बढ़ा हुआ डीए जुड़कर आएगा। अप्रैल से सितंबर 2025 तक का एरियर दिवाली से पहले दे दिया जाएगा। जुलाई 2023 से मार्च 2025 की बकाया राशि पर अलग आदेश जारी किए जाएंगे। वित्त विभाग ने तीन फीसदी डीए देने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। अब दिवाली पर तीन फीसदी महंगाई भत्ता दिया मिल जाएगा । उन्होंने कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों को 58 फीसदी महंगाई भत्ता मिल चुका है। हिमाचल में अभी तक 42 फीसदी डीए ही दिया गया है। बुधवार को हुई तीन फीसदी की घोषणा लागू होने के बाद प्रदेश में महंगाई भत्ता 45 फीसदी हो जाएगा। केंद्रीय कर्मचारियों की तुलना में अब भी 13 फीसदी डीए प्रदेश के कर्मचारियों का लंबित है। लंबित डीए को जारी करके सरकार कर्मचारी हितों को उनके हक देकर राहत प्रदान करे। हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना रजनीश शर्मा ने मुख्यमंत्री के कर्मचारी हितैषी दृष्टिकोण की सराहना करते हुए इसे कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक कदम बताया।

### सूबेदार ने एक लाख राशि आपदा राहत में भेजी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की डोहगी पंचायत के तहत कोटला खास गांव के पूर्व सैनिक सूबेदार प्रभु राम गांव कोटला खास तहसील बंगाणा ने अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय तुलसी देवी के नाम पर विधायक विवेक शर्मा के माध्यम से एक लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए भेजी है। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में ऐसा सहयोग प्रभावितों के जख्मों पर मरहम का काम करता है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पूर्व सैनिक सूबेदार प्रभु राम मानवता की सेवा में कार्य करते रहे हैं। आपदा के लिए प्रभु राम के इस व्यक्तिगत सहयोग के लिए विधायक ने सरकार की ओर से उनका धन्यवाद भी व्यक्त किया।

# याद की शहीदों की कुर्बानियां

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक में होमगार्ड्स 12वीं गृह वाहिनी की ओर से स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर होमगार्ड्स कमांडेंट मेजर विकास सकलानी ने देश की आन बान शान के लिए कुर्बान हुए शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनकी शहादत को याद किया गया। इस दौरान कमांडेंट ऊना ने दिवाली व अन्य त्यौहारों के समय ड्यूटी कर रहे होमगार्ड्स, अग्निशमन कर्मचारियों, सिविल डिफेंस, एनडीआरएफ की सेवाओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्दीधारी जवान सब की सुरक्षा के लिए दिवाली व अन्य त्योहारों को अपना परिवार छोड़ कर ड्यूटी पर मनाते हैं, ताकि सभी खुशहाली से त्योहारों का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि हम सब को इनकी सेवाओं पर गर्व करना चाहिए। स्मृति दिवस पर होमगार्ड्स वाहिनी ऊना के बैंड ने शहीदों की याद में स्मृति धुनें भी बजाईं और शहीदों को याद किया। देश हित के तमाम प्रहरियों के कार्यों को सेल्यूट किया।

# गरीब परिवार की बेटी की शादी में सभा ने बढ़ाया मदद का हाथ

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

समाज सेवा की भावना का जीवंत उदाहरण पेश करते हुए सर्वहितकारी सभा पंजोआ की कमेटी ने पंचायत सूरी के गांव प्राण सूरी में रहने वाले सतपाल की बेटी की शादी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की।

सतपाल एक गरीब परिवार से संबंध रखते हैं और दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनकी बेटी की शादी आगामी 24 अक्टूबर को तय की गई है, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण शादी के खर्च पूरे करना उनके लिए कठिन हो रहा था। हर माता-पिता का सपना होता है कि वह अपनी संतान के जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों को खुशी से मनाए, लेकिन परिस्थितियों के आगे कई बार मजबूरी आ जाती है। जैसे ही इस बात की जानकारी सबोहीतकारी सभा पंजोआ की कमेटी को मिली, तुरंत सभी सदस्य एक बैठक में एकत्र हुए। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभा सतपाल जी की बेटी की शादी में हर संभव आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

उसी समय मदद करने का निर्णय लिया गया और आर्थिक सहयोग मुहैया करवाई गई। कमेटी ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा-सेवा से बड़ा कोई कर्म नहीं। सभा के प्रधान मदन धीमान, उपप्रधान अधिवक्ता अनिल शर्मा, सचिव कुशल धीमान, फतेह सिंह पंजोआ ग्राम पंचायत के प्रधान बलविंदर सिंह व अन्य सदस्यों ने समाज के अन्य लोगों से भी अपील की कि वे जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं ताकि समाज में एकता और मानवता की भावना को और मजबूती मिले। सभा की इस पहल की ग्रामीणों ने खूब सराहना की और कहा कि इस तरह की सामाजिक संस्थाएं समाज में आशा की किरण बनकर उभरती हैं।

# लाखों रुपए के आभूषणों पर किया हाथ साफ

**अनंत ज्ञान, अंब**

उपमंडल अंब के तहत मंगलवार रात चोरों ने पंजोआ लडोली में दो अलग अलग घरों में लाखों रुपए के गहनों का नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

पहला मामला रक्षपाल सिंह पुत्र देवराज के घर का है, जहां चोर घर के दरवाजे तोड़कर घर के अंदर घुसे और घर के अंदर पड़े लाखों रुपए के गहने और नकदी चुरा ली। जानकारी अनुसार रक्षपाल सिंह अपने बेटे और बहु के पास ऑस्ट्रेलिया गए हुए है और उनके पीछे घर में कोई भी मौजूद नहीं था। रक्षपाल के भाई कस्तूरी लाल के अनुसार बुधवार सुबह जब उठे तब उन्होंने अपने पड़ोसी चंद्र मोहन के घर पर भीड़ लगी हुई देखी । जब वह वहां पर पहुंचे तब उन्हें पता चला कि चोर चंद्र मोहन के घर से सोने की अंगूठी व 15000 हजार रुपए चोरी कर के ले गए। वहां से वापस आते समय उन्होंने



ऑस्ट्रेलिया गए अपने भाई के घर की लाइट जलती हुई देखी, जब वह घर के अंदर घुसे तो वहां का मंजर देखकर वह हैरान रह गए। चोरों ने उनके भाई रक्षपाल के घर के दरवाजे तोड़कर चोरी को अंजाम दे दिया। कस्तूरी ने जब अपने भाई से ऑस्ट्रेलिया में व्हाट्सएप कॉल कर बात की तो उन्होंने बताया कि उनके घर में उनकी पत्नी व उनकी बहू के लगभग 20 लख रुपए के गहनों सहित 100000 नकद पड़ा हुआ था। कस्तूरी ने घर के अंदर जाकर देखा कि वहां से गहने और कैश गायब था। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस थाना अंब को दी, जहां से पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का दौरा करने के बाद आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी अंब वासुदा सूद ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। पंजोआ लड़ोली में घटना के बाद ग्राम पंचायत प्रधान ने कहा कि क्षेत्र में घूमने वाले फेरी वालों पर लोगों को नजर रखनी चाहिए, जिससे के कुछ फेरी वाले जो क्षेत्र की रेकी करते हैं उन पर अंकुश लगेगा। प्रधान ने कहा क्षेत्र मैं अब फेरी वालों को घूमने के लिए ग्राम पंचायत की अनुमति भी अनिवार्य होगी। बिना अनुमति क्षेत्र में फेरी वालों के घूमने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य सरकार कर्मचारियों की हितैषी : विवेक

## मुख्यमंत्री सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में कर्मचारियों को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार एक सच्ची कर्मचारी हितैषी सरकार है, जो हमेशा से कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता देती आई है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को दीपावली से पहले तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाकर एक बड़ी राहत दी है। यह निर्णय कर्मचारियों की खुशहाली और सम्मान के प्रति सरकार की संवेदनशील सोच को दर्शाता है। विधायक ने बताया कि डीए की बढ़ी हुई राशि दीपावली से पूर्व कर्मचारियों के खातों में जमा कर दी जाएगी, जिससे लाखों कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। इसी खुशी के अवसर पर कुटलैहड़ क्षेत्र के अनेक शिक्षकों और कर्मचारियों ने जोगी पंगा स्थित विधायक कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री का



कुटलैहड़ के शिक्षकों-कर्मचारियों ने कार्यालय जोगी पंगा में इक्ट्ठे होकर विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार प्रकट किया।

आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने विधायक विवेक शर्मा का भी अभिनंदन किया और सरकार की कर्मचारी-हितैषी नीतियों की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद किए गए वादों को एक-एक कर पूरा किया है।

पुरानी पेंशन योजना की बहाली इसी का प्रमाण है, जिससे लाखों कर्मचारियों को भविष्य की सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं एक कर्मचारी परिवार से हैं, इसलिए उन्हें कर्मचारियों की समस्याओं की गहराई से समझ है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी सरकार शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करती रहेगी। इस अवसर पर मौजूद शिक्षकों ने कहा कि सरकार के निर्णय से उनकी दीपावली की खुशियां दोगुनी हो गई हैं। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि कुटलैहड़ में विकास व जनसेवा की गति निरंतर जारी रहेगी।

# पंजोआ में प्रतिभाशाली बेटियों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** दीपावली के शुभ अवसर पर सर्वहितकारी सभा कमेटी पंजोआ की ओर से गांव की होनहार बेटियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बेटियों को प्रतीक चिन्ह व मिठाई देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रजनीश कुमार की पुत्री को डॉक्टर की पढ़ाई के लिए चयनित होने पर तथा तानिया सोनी व सानिया सोनी, पुत्री रमन सोनी को कंप्यूटर में मास्टर डिग्री के लिए सम्मानित किया गया। सभा के प्रधान मदन धीमान, उपप्रधान अधिवक्ता अनिल शर्मा सचिव कुशल धीमान पंजोआ ग्राम पंचायत प्रधान बलविंदर सिंह व अन्य सदस्यों ने कहा कि दीपावली का पर्व समृद्धि और ज्ञान का प्रतीक है, और जैसे इस दिन देवी लक्ष्मी का आगमन होता है, वैसे ही बेटियां भी हर घर की लक्ष्मी मानी जाती हैं। बेटियां माता भगवती का स्वरूप हैं और उनका सम्मान समाज के उत्थान का प्रतीक है।

# विदेश में नौकरी का सुनहरा अवसर, आईटीवी ट्रेलर चालक के पदों के लिए साक्षात्कार 27 को

**अनंत ज्ञान, ऊना**

विदेश में रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। वी वन (मै. जालंधर कौशल विकास निगम) की ओर से आईटीवी ट्रेलर चालक के पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है।

यह साक्षात्कार 27 अक्तूबर, प्रात: 9 बजे उपमंडल हरोली के कौशल विकास केंद्र, पालकवाह में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि यह साक्षात्कार श्रम, रोजगार व ओवरसीज प्लेसमेंट विभाग, हिमाचल प्रदेश तथा हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास तथा बेसिक अंग्रेजी ज्ञान होना आवश्यक है। उम्मीदवार की आयु 24 से 41 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही अभ्यर्थी के पास वैध भारतीय पासपोर्ट एवं भारी मोटर वाहन (एचएमवी) ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए तथा शरीर पर किसी प्रकार का टैटू नहीं होना चाहिए। यह नियुक्ति दुबई के जेबेल अली पोर्ट में की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 2250 संयुक्त अरब अमीरात दिरहम (लगभग 52,000 भारतीय रुपए) मासिक वेतन के साथ ओवरटाइम, आवास एवं अन्य भत्तों की सुविधा प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, बायोडाटा की प्रति, वैध भारतीय पासपोर्ट तथा भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस सहित साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार में आने-जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय ऊना के दूरभाष नंबर 01975-232087 पर संपर्क किया जा सकता है।

**समस्या** बड़ूही बाजार में नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियां बन रहीं जाम व दुर्घटना का कारण

# होमगार्ड की ड्यूटी बंद, पुलिस व्यवस्था फिर ढीली

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** बंगाणा उपमंडल के तहत स्थित बड़ूही बाजार में एक बार फिर नो पार्किंग जोन में गाड़ियां खड़ी करने की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है।

बाजार में दिनभर लगने वाले जाम से स्थानीय लोग, दुकानदार और राहगीर परेशान हैं। कुछ समय पहले लगातार बढ़ते जाम की समस्या को देखते हुए स्थानीय समाचार पत्रों में इस विषय पर खबर प्रकाशित हुई थी। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बाजार में होमगार्ड के जवानों की ड्यूटी लगाई थी। इससे कुछ दिन तक यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला था, लेकिन दीपावली पर्व के बाद से होमगार्ड की ड्यूटी हटा दी गई है, जिसके चलते स्थिति फिर से पहले जैसी हो गई है। वाहन चालक अब बेखौफ होकर नो पार्किंग जोन में गाड़ियां खड़ी कर रहे हैं, जिससे पूरे बाजार में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। बड़ूही बाजार ऊना-अंब के मध्य एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है और यह चंडीगढ़-धर्मशाला राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित है।



बड़ूही बाजार में नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियां, जिससे लोगों को हो रही परेशानी।

यह बाजार क्षेत्र की 20 से 30 पंचायतों के लोगों की खरीदारी का मुख्य केंद्र है। प्रतिदिन सैकड़ों वाहन और सैकड़ों महिलाएं व पुरुष बाजार में पहुंचते हैं, लेकिन नो पार्किंग जोन में गाड़ियों के खड़े होने से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। पैदल चलने वाले राहगीरों को किनारे से निकलने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय दुकानदारों व बाजार आने वाले लोगों का कहना है कि यदि होमगार्ड की ड्यूटी लगातार जारी रहती, तो बाजार में यह स्थिति नहीं बनती। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए होमगार्ड या ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती की जाए, ताकि जाम और संभावित दुर्घटनाओं से राहत मिल सके।

बड़ूही व्यापार मंडल के प्रधान नरेंद्र शर्मा ने बताया कि दीपावली के बाद बाजार में वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या फिर से बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि बड़ूही बाजार मुख्य मार्ग पर होने के कारण थोड़ी सी लापरवाही भी जाम और दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि होमगार्ड या ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी दोबारा शुरू की जाए और नो पार्किंग जोन में पार्किंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। नरेंद्र शर्मा ने कहा कि व्यापार मंडल भी इस समस्या के समाधान में प्रशासन को पूरा सहयोग देने के लिए तैयार है, ताकि बाजार में सुचारु यातायात व्यवस्था कायम रह सके।

# लेक्चरर संघ ने शुरू की अनुकरणीय पहल

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने बताया कि लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी ने एक प्रेरणादायक पहल शुरू की है जिसके अंतर्गत पूरे प्रदेश मे आपदा प्रभावितों को राहत राशि बांटने का लेक्चरर संघ ने निर्णय किया है लेक्चरर संघ के हिमाचल प्रदेश के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने बताया कि इस पुनीत कार्य में प्रदेश महासचिव इंदर सिंह ठाकुर मुख्य संरक्षक लोकेंद्र नेगी चेयरमैन सुरिंदर पुंडीर कार्यकारी प्रधान दीप सिंह खन्ना जिला प्रधान देवेंद्र वर्मा राजपाल ठाकुर सिकंदर मिन्हास ओम प्रकाश राजेश ठाकुर एवं अन्य सभी के मार्गदर्शन से इस सप्ताह प्रदेश के विभिन्न जिलों में आपदा प्रभावित परिवारों को राहत राशि वितरित की जाएगी। यह राशि वहां के लोकल एसडीएम के माध्यम से प्रभावितों को सौंपी जाएगी, राजन शर्मा ने बताया कि यह राशि लगभग सभी जिलों से लेक्चरर साथियों ने जुटाई थी जो आपदा प्रभावितों को बांटी जाएगी। उन्होंने बताया हिमाचल प्रदेश को लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी ने इस कार्य के लिए प्रदेश में टीम में तैनात कर दी है।

# प्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता का क्या होगा : स्वर्ण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के हटली पंचायत के प्रधान स्वर्ण सिंह राणा ने बंगाणा में मीडिया के समक्ष बात हुए कहा कि जब पंचायत प्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि दीपावली के दिन, 20 अक्तूबर को बंगाणा बाजार में उनपर हटली पंचायत के गांव हटली दनोह के निवासी द्वारा जानलेवा हमला किया गया। प्रधान स्वर्ण सिंह राणा ने कहा कि यह हमला न केवल एक जनप्रतिनिधि पर किया गया दुस्साहस है, बल्कि समाज के लिए भी गंभीर चिंता और निंदनीय घटना है। उन्होंने बताया कि मामूली बात को लेकर उस व्यक्ति ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उसके बाद उन पर जानलेवा हमला किया। उन्होंने कहा कि इस घटना से न केवल उनके परिवार, बल्कि आसपास की कई पंचायतों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। स्वर्ण सिंह राणा ने कहा कि वह व्यक्ति पिछले कुछ समय से अपने आप को बॉक्सर बताकर बंगाणा क्षेत्र की कई पंचायतों के लोगों को डरा-धमकाकर परेशान कर रहा है। उनके आतंक से न केवल हटली, बल्कि आस-पास की करीब आधा दर्जन पंचायतों के लोग भयभीत हैं। उन्होंने कहा कि दर्जनों परिवार इस परिवार के सताए हुए हैं और लोग खुलकर अपनी बात रखने से भी डरते हैं। प्रधान स्वर्ण सिंह राणा ने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज के लोग एकजुट होकर ऐसे असामाजिक तत्वों का विरोध करें और समाज को सुधारने के लिए आगे आएं। उन्होंने बंगाणा प्रशासन और जिला ऊना के वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया कि इस मामले में तुरंत संज्ञान लिया जाए और पीड़ित पक्ष अपने आप को सुरक्षित महसूस करें, स्वर्ण सिंह राणा ने कहा कि यह बहुत दुखद है कि एक जनप्रतिनिधि को ही अगर दिनदहाड़े बाजार में निशाना बनाया जाए, तो आम नागरिकों की स्थिति का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर कानून-व्यवस्था का सख्ती से पालन करवाए। प्रधान स्वर्ण सिंह राणा ने यह भी अपील की कि उक्त व्यक्ति के परिवारजन भी इस पूरे मामले में पहल करते हुए उसे समझाने का प्रयास करें, ताकि समाज में शांति और सौहार्द बना रहे।



हटली पंचायत के प्रधान स्वर्ण सिंह राणा के साथ अन्य गणमान्य।

उन्होंने कहा कि दीपावली के शुभ पर्व के दिन इस प्रकार की घटना ने पूरे क्षेत्र को आहत किया है। इस दौरान प्रधान स्वर्ण सिंह राणा के साथ आए प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर उपप्रधान सुरेंद्र हटली, बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू, मदन राणा, शशि राणा, संजय सोनी, जीत राणा, मदन गोपाल सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने सर्वसम्मति से कहा कि यदि प्रशासन ने इस पर तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो पंचायत स्तर पर आंदोलन भी किया जा सकता है। सभी ने कहा कि बंगाणा क्षेत्र में कानून और व्यवस्था का माहौल कायम रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, और किसी को भी समाज में दहशत फैलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

# दिवाली खत्म, अब भैयादूज के लिए सजे बाजार

## कुल्लू में सस्ते दामों पर एक छत के नीचे उपलब्ध हो रहा जरूरत का हर सामान, बाजारों में रौनक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में दिवाली का त्योहार संपन्न होते ही भाई-बहन के पवित्र रिश्ते भैयादूज को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बुधवार को जिलेभर के बाजारों में खरीदारी को लेकर खूब रौनक दिखी।

बहनें जहां अपने भाइयों को तरह-तरह की गिफ्ट लेने में व्यस्त दिखी। वहीं, भाई भी बहनों के लिए कपड़े, सोने-चांदी की चीजें और अन्य सामान लेने में मशगूल रहे। हालांकि, जिले के अन्य बाजारों में ग्राहकों की खूब चहल-पहल रही, लेकिन कुल्लू के बाजार इन दिनों सूने पड़े हैं क्योंकि ढालपुर में अभी तक व्यापारिक मेले की धूम मची हुई है और लोग बाजारों से कम ही खरीदारी कर रहे हैं। इसके कारण जिला मुख्यालय कुल्लू के लोअर ढालपुर, अखाड़ा बाजार, सरवरी, गांधीनगर की स्थायी दुकानों में इतनी भीड़ नहीं दिखी जितनी कि



कुल्लू में सजे व्यसपारिक मेले में खरीदारी करने पहुंचे लोग।

**आज जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक भैयादूज पर्व**

**गर्म कपड़ों की हो रही खूब खरीदारी, व्यापारिक मेले में खूब चांदी कूट रहे व्यापारी**

ढालपुर में सजे मेले में लोगों का तांता लगा रहा है, अब यह व्यापारिक मेला दो-तीन दिनों में उठने वाला है और बाजारों से कम दाम में यहां पर एक छत के नीचे लोगों को जरूरत का हर तरह का हर सामान सस्ते दामों में उपलब्ध हो रहा है, इसलिए लोग बाजार की बजाए व्यापारिक मेले में ही खरीददारी करना बेहतर समझ रहे हैं। सोमवार को शहरवासियों व दुर्गम क्षेत्र के लोगों ने डोम सहित कबाड़ मार्केट, मीना बाजार में भैयादूज को लेकर जमकर खरीददारी की। कुल्लू में सजे इस व्यापार मेले में सबसे अधिक गर्म कपड़ों की खरीद-फरोख्त हो रही है और बाहरी रा'यों से आए व्यापारी खूब चांदी कूट रहे हैं। हालांकि दशहरा उत्सव के शुरूआती दिनों में व्यापारी को थोड़ी मंदी जरूर झेलनी पड़ी थी, लेकिन दशहरा उत्सव के संपन्न होते ही शुरू हुए व्यापार मेले में लोग हर दिन सुई से लेकर कार तक की खरीददारी कर रहे हैं और इससे अब कारोबार बढ़ गया है और व्यापारियों के भी चेहरे खिल उठे हैं। गर्म कपड़े ट्रैकर्स लोअर, जैकेट, स्वेटर के व्यापारी डेविल का कहना है कि वह पिछले काफी वर्षों से अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में दुकान लगाते हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला में दशहरा उत्सव के दौरान हर वर्ष गर्म कपड़ों का ही करोड़ों रुपए का कारोबार होता है और व्यापारी भी इस उत्सव में अपनी दुकान लगाकर खुश होते हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर छोटे से लेकर हाई प्रोफाइल लोग तक फ्ली मार्केट में गर्म कपड़ों की खरीददारी करते हैं।

कुल्लू में सजे व्यापार मेले में हर दिन लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है और ढालपुर सहित अन्य मैदानों में ग्राहकों का खूब तांता लगा हुआ है, इससे व्यापारियों के भी चेहरे खिल उठे हैं। लिहाजा, दिवाली पर्व संपन्न होते ही कुल्लू जिला के बाजारों में बुधवार को भैयादूज को लेकर खूब खरीदारी हुई और आज जिला में धूमधाम से भैयादूज पर्व मनाया जाएगा।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद में जुटा हिमालयन ब्रदर्स ट्रस्ट

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** हिमालयन ब्रदर्स ट्रस्ट फॉर आर्ट, कल्चर एंड हेरिटेज ने बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में अपना राहत कार्य जारी रखा है। ट्रस्ट की एक टीम ने हाल ही में श्यागली धार और दियार क्षेत्र का दौरा किया, जहां 15 परिवार गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। जरूरतमंदों को नकद चेक और आवश्यक सामग्री वितरित कर प्रभावित परिवारों को जीवन को पुन: स्थापित करने में मदद करने के लिए, ट्रस्ट ने कई प्रकार की सहायता प्रदान की। इनमें फूड किट, मेडिकल किट, सोलर लाइट, मदर केयर किट शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, उन्हें आर्थिक सहायता के रूप में नकद चेक भी वितरित किए गए। ट्रस्ट के सदस्यों में बृघु आचार्य, मोहित ठाकुर, भारत भूषण, आकांक्षा ठाकुर और मनीषा ठाकुर शामिल थे, जिन्होंने बताया कि उनका राहत कार्य लगातार जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि टीम हर प्रभावित क्षेत्र तक पहुंचने का प्रयास कर रही है और इस मुश्किल समय में प्रभावित लोगों की मदद करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हिमालयन ब्रदर्स ट्रस्ट के सदस्यों ने इस राहत कार्यक्रम को संभव बनाने के लिए अपने सभी दानदाताओं और सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद किया। ट्रस्ट ने यह विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से ये प्रभावित परिवार जल्द ही संकट से उबरकर एक बेहतर जीवन की ओर बढ़ेंगे। ट्रस्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में भविष्य में भी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

## एसडीएम मनाली से मिले एनएचएआई की सुस्त चाल से चिंतित ट्रैवल एजेंट

**अनंत ज्ञान, मनाली**

**ज्ञापन सौंपकर की जल्द हाइवे सहित वामतट की हालत सुधारने की मांग**

हिमाचल प्रदेश ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के सदस्य बुधवार को एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा से मिले।

एसोसिएशन के सदस्यों ने एनएचएआई की सुस्त चाल पर चिंता जताई। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जल्द हाइवे सहित वामतट की हालत सुधारने की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से तो एनएचएआई का कार्य बिलकुल ही कछुआ गति से चल रहा है। उन्होंने एसडीएम को अवगत कराया कि मनाली नग्गर रोड में गड्ढे ही गड्ढे पड़े हैं, जिससे सफर जोखिम भरा हो गया है। इन ट्रैवल एजेंटो ने कहा कि 26 अगस्त को ब्यास नदी में आई बाढ़ से हाइवे सहित वाम तट मार्ग क्षति ग्रस्त हो गया था। हालांकि, वामतट मार्ग ने लाइफ लाइन की भूमिका निभाते हुए मनाली को कुल्लू से जोड़े रखा, लेकिन एक महीने तक बड़े बड़े वाहनों की आवाजाही होने से वाम तट की हालत भी अब नाजुक हो गई है। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष हीरा लाल, चेयरमैन बुद्धि प्रकाश ठाकुर, महासचिव शेनव शर्मा ने कहा कि मनाली में हालात सामान्य होने पर पर्यटकों का आना तो शुरू हो गया है, लेकिन सड़कों की हालत अभी खस्ता है। उन्होंने कहा कि एनएचएआई युद्धस्तर पर तो छोड़ो कुछ दिनों से कछुआ गति से भी काम भी नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग भी काम के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि मनाली के समीप अलेऊ के पास सड़क की स्थिति जस की तस है जिस कारण ट्रैफिक जाम लग रहा है। उन्होंने कहा कि सर्दी आने वाली है लेकिन सड़कों की हालत नहीं सुधरी है।उन्होंने एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा से आग्रह किया कि एनएचएआई व पीडब्ल्यूडी विभाग को जल्द सड़क तैयार करवाने के निर्देश दें। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के सदस्यों की यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 46वां अधिवेशन कांगड़ा में होगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश का 46वां अधिवेशन आगामी 31 अक्तूबर, 1 और 2 नवंबर को कांगड़ा जिले के गुप्त गंगा में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। एबीवीपी की प्रदेश सचिव नैंसी अटल ने बताया कि इस अधिवेशन में प्रदेशभर से लगभग 500 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

प्रदेश के 19 संगठनात्मक जिलों की सहभागिता इस अधिवेशन को विशेष बनाएगी, जिसमें लघु हिमाचल दर्शन भी देखने को मिलेगा। अधिवेशन स्थल पर लगाई जाने वाली प्रदर्शनी में पूरे वर्षभर संगठन द्वारा किए गए शैक्षिक, रचनात्मक और आंदोलनात्मक कार्यों का विस्तृत चित्रण प्रस्तुत किया जाएगा। प्रदेश मंत्री अपने वार्षिक मंत्री प्रतिवेदन के माध्यम से वर्षभर की गतिविधियों का विस्तृत विवरण अधिवेशन में प्रस्तुत करेंगे।इस अधिवेशन में नए प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री का चयन किया जाएगा। साथ ही वर्तमान परिदृश्य और शैक्षिक परिदृश्य पर आधारित दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे, जिनमें हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था तथा सामाजिक मुद्दों पर विद्यार्थी परिषद की स्पष्ट भूमिका रखी जाएगी। अधिवेशन में केंद्र, प्रदेश एवं क्षेत्रीय स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जिला कांगड़ा के कार्यकर्ता पिछले डेढ़ महीने से अधिवेशन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। समाज के विभिन्न वर्गों, पूर्व कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों का उत्साहपूर्ण सहयोग अधिवेशन की सफलता में चार चाँद लगा रहा है।यह अधिवेशन न केवल संगठन के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगा बल्कि हिमाचल के विद्यार्थी आंदोलन की दिशा और दशा तय करने वाला ऐतिहासिक अवसर बनेगा।

## बर्फ में अठखेलियां करने के शौकीन पर्यटक चले आएं मनाली

### अटल टनल व गुलाबा से लेकर रोहतांग तक बिछी है बर्फ की सफेद चादर

**अनंत ज्ञान, केलांग/ मनाली**

अगर आप बर्फ की सफेदी में अठखेलियां करने के शौकीन हैं, तो जनजातीय जिला लाहौल व कुल्लू, मनाली चले आएं।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। वहीं, रोहतांग सहित शिंकुला, बारालाचा व कुंजम दर्रे भी बर्फ की सफेदी से चमक उठे हैं। अटल टनल व गुलाबा से लेकर रोहतांग तक बर्फ की सफेद चादर बिछी है। कोकसर व अटल टनल स्नो प्वाइंट बने हुए हैं। सब जगह साहसिक खेलों की धूम मची हुई है। अटल टनल रोहतांग लाहौल घाटी के लोगों के लिए तो वरदान बनी हुई है साथ ही सैलानियों के लिए भी लाभकारी सिद्ध हुई है। अटल टनल से पहले पर्यटकों को बर्फ के दीदार करने रोहतांग ही जाना पड़ता था। लेकिन अब रोहतांग के बजाय अटल टनल



लाहौल घाटी में बिछी बर्फ की परत।

सहित सिस्सु व कोकसर बेहतरीन स्नो प्वाइंट बन गए हैं। टनल बनने से पहले अचानक होने वाली बर्फबारी सैलानियों पर भारी पड़ जाती थी, लेकिन अब अटल टनल ने सैलानियों की राह को आसान किया है। बुधवार को सुबह बर्फबारी हुई, लेकिन 10 बजे तक मौसम ने करवट बदली और घाटी में धूप खिली। पर्यटक सुबह सात बजे ही कोकसर व अटल टनल का पहुंचे। पर्यटकों ने सुबह बर्फ के फाहों का आनंद लिया। हालांकि, तापमान माईनस में होने से प्रतीकों की दिक्कत भी हुई, लेकिन कुछ देर बाद धूप खिलते ही पर्यटकों को ठंड से राहत मिल गई। पर्यटकों ने खिली धूप में बर्फ का आंनद लिया। स्नो प्वाइंट बने कोकसर में पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा।

खिली धूप के बीच पर्यटक यहां फोटोग्राफी के साथ साथ स्नो स्लेज और स्नो स्कीइंग जैसे साहसिक खेलों का आनंद ले रहे हैं।लाहुल का कोकसर अब बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है। बर्फ़बारी ने सैलानियों को कोकसर की ओर आकर्षित किया है। कोकसर के पर्यटन कारोबारी सचिन, दोरजे व रतन ने बताया कि सुबह ही पर्यटकों की भीड़ उमड़ी और पर्यटकों ने बर्फ के फाहों का आनंद लिया। उन्होंने बताया बुधवार को करीब आठ सौ पर्यटक वाहन कोकसर पहुंचे हैं। पर्यटक यहां बर्फ का भरपूर आनंद ले रहे हैं। इससे कोकसर वासियों का कारोबार भी चल पड़ा है।

## निरमंड क्षेत्र में रोष : सीबीएसई सूची से बाहर हुआ निरमंड स्कूल

**अनंत ज्ञान, आनी**

प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई सीबीएसई स्कूलों की सूची से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निरमंड को बाहर किए जाने पर पूरे निरमंड क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों, छात्रों और अभिभावकों ने इसे क्षेत्र के बच्चों के साथ अन्याय बताया है। उल्लेखनीय है कि पीएम श्री राजकीय राजमाता शांतिदेवी आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निरमंड प्रदेश के सबसे पुराने स्कूलों में से एक है और यहां भवन, संसाधन, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय सहित सीबीएसई के सभी आवश्यक मापदंड पूरे हैं।

इसके बावजूद इसे सूची से हटाया जाना क्षेत्र के लोगों को खल रहा है। क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोतम ठाकुर और भाजपा आईटी सेल के एरिक कायथ ने संयुक्त बयान में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की राजनीति बेहद निंदनीय है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने पहली सूची में पुन: निरमंड स्कूल का नाम शामिल नहीं किया तो भाजपा इस मुद्दे को गंभीरता से उठाएगी। वहीं स्कूल के छात्र-अभिभावक संघ के अध्यक्ष प्रदीप सनेही ने कहा कि यह संस्थान सीबीएसई मानकों को पूरी तरह पूरा करता है और इसे सूची से बाहर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि जल्द इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए स्कूल को फिर से सीबीएसई सूची में शामिल किया जाए। उनका कहना है कि निरमंड जैसे ऐतिहासिक विद्यालय को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ना समय की आवश्यकता है, ताकि यहां के विद्यार्थियों को भी बेहतर अवसर मिल सकें।



ताजा बर्फबारी के बाद जब धूप खिली, तो कुछ यूं नजर आया रोहतांग दर्रे का नजारा।

## कारीगर और शिल्पकारों ने मनाया विश्वकर्मा दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में विश्वकर्मा वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा बुधवार को विश्वकर्मा दिवस मनाया गया। इस दौरान शिल्पकारों तथा कारीगरों ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया और अपने कारीगरी में नई कुशलता लाने का भी भगवान से आग्रह किया।

विश्वकर्मा वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष बॉबी ने बताया कि हर साल कार्यक्रम के द्वारा गोवर्धन पूजा के साथ-साथ विश्वकर्मा दिवस मनाया जाता है। इस दिन भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया जाता है और खास बात यह है कि इस दिन कारीगरों के द्वारा कोई भी काम नहीं किया जाता है। सभी कारीगर और शिल्पकार मिलकर अपने-अपने औजारों का भी पूजन करते हैं और एक दिन के लिए उन्हें भी विश्राम देते हैं। ऐसे में गोवर्धन पूजा के साथ-साथ विश्वकर्मा पूजन भी उनके लिए खास महत्व रखता है।

## दमकल विभाग ने जागरूक किए एनएसएस के स्वयंसेवी

**अनंत ज्ञान, सैंज**



सैंज स्थित पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को अग्निशमन उपकेंद्र लारजी द्वारा आग बुझाने के तरीकों तथा अग्निकांड से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई।

दमकल विभाग की टीम द्वारा यह जानकारी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों को विशेष शिविर के दौरान प्रदान की गई। स्कूल प्रांगण में 18 अक्तूबर से चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन दमकल विभाग लारजी के फायरमैन आलम चंद अपनी टीम सहित बतौर स्रोत व्यक्ति उपस्थित हुए। दमकल विभाग की टीम का स्कूल की एनएसएस यूनिट ने शिविर में पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मीना ठाकुर ने कुल्लवी परंपरा के अनुसार सम्मानित किया। रिसोर्स पर्सन आलम चंद ने शिविर में भाग ले रहे 56 स्वयंसेवियों को अग्निशमन यंत्रों, एलपीजी सिलेंडर आदि के माध्यम से आग लगने के खतरों व उनसे होने बाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने स्वयंसेवियों को जागरूक करते हुए बताया कि गांवों में घास व लकड़ी का भंडारण रिहायशी मकानों से दूर रखा जाना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी मीना ठाकुर ने बताया कि पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने परियोजना कार्य के दौरान अस्पताल परिसर में भी साफ सफाई की ।

## सड़क हादसे ने बुझा दिए दो परिवारों के चिराग

**अनंत ज्ञान, सैंज।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन ली हैं। इस हादसे में करटाह गांव के झाबे राम का जवान बेटा राजकुमार और मातला गांव का एक अन्य युवक जीवन की जंग हार गए। इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। दो गांवों के आंगनों से हंसी-खुशी गायब हो गई है और मातम का माहौल छा गया है। हादसे के बाद दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जवान बेटों की असमय मौत ने मां-बाप से उनके बुढ़ापे का सहारा छीन लिया है। गांव में हर आंख नम है और हर दिल इस हादसे से उदास। यह हादसा परिवारों के लिए ऐसा घाव बन गया है, जो समय के साथ भी शायद ही कभी भर पाए।

**हादसे के बाद दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है**

## पर्यटन नगरी मनाली में फिर सुहावना हुआ मौसम

### रोहतांग समेत घाटी की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी, पर्यटकों के लिए फिर बंद हुआ रोहतांग दर्रा



मनाली में मौसम फिर सुहावना हो गया है। बुधवार सुबह रोहतांग समेत घाटी की ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी। पर्यटक मस्ती करते हुए।

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में मौसम फिर सुहावना हो गया है। बुधवार सुबह रोहतांग समेत घाटी की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई। ताज़ा बर्फबारी के कारण रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए फिर बंद हो गया है।

पुलिस ने पर्यटकों को संता बंता मोड़ तक ही भेजा। इससे आगे किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं दी गई। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी रोहतांग दर्रा में लगभग तीन फीट बर्फबारी हुई थी। अब फिर लगभग एक फीट बर्फबारी होने की सूचना है।

इसके अलावा मनाली की ऊंची चोटियों सेवन सिस्टर पीक, मनाली पीक, पतालसु पीक, घेपन पीक में बर्फबारी से सौंदर्य निखर गया है। बुधवार को रोहतांग जाने के लिए 374 वाहनों ने ऑनलाइन परमिट हासिल किए थे, लेकिन बर्फबारी होने के कारण यह वाहन संता बंता मोड़ से आगे नहीं जा पाए। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि रोहतांग दर्रा में बर्फबारी हुई है। इसलिए पर्यटकों को संता बंता मोड़ तक ही भेजा गया। उधर, बर्फबारी के बाद मनाली में धीरे धीरव पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

होटल कारोबारी भुपेश रावत, मनोहर लाल, चंदन कुमार ने कहा कि मनाली का पर्यटन सीजन पटरी पर आने लगा है। धीरे धीरे पर्यटक मनाली आ रहे है। अगले महीने तक मनाली में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

**पूजा-अर्चना** मंदिर में भजन कीर्तन का भी हुआ आयोजन, रघुनाथ जी के 40 उत्सवों में से एक है अन्नकूट पर्व

# चावलों के पर्वत पर विराजमान हुए भगवान रघुनाथ जी

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के अधिष्ठाता भगवान रघुनाथ की नगरी रघुनाथपुर में बुधवार को परंपरागत तरीके से अन्नकूट पर्व मनाया गया। इस दौरान भगवान रघुनाथ जी को चावलों का पर्वत बनाकर उस पर विराजमान किया गया और उसके बाद विशेष पूजा-अर्चना हुई।

भगवान रघुनाथ जी के जयकारों के बीच मंदिर में श्रीराम के भजन-कीर्तन का दौर भी चलता रहा। अन्नकूट पर्व की इस रस्म को निभाने के बाद रघुनाथ जी को पवित्र स्नान करवाया गया और उसके बाद रघुनाथ जी को भोग लगाया गया। इसके पश्चात मंदिर में श्रद्धालुओं क लिए भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर घाटी सहित जिलाभर के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भगवान रघुनाथ के मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। भगवान रघुनाथ जी के पुरोहित कमल किशोर ने बताया कि रघुनाथ मंदिर में हर साल इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। अन्नकूट पर्व को गोवर्धन पूजा के नाम से भी जाना जाता है। जिस तरह से भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर गोवंश व ग्वालों की रक्षा की थी। उसी तरह कुल्लू में मनाए जाने वाले अन्नकूट त्योहार को भी गोवर्धन पूजा से जोड़ा जाता है। अन्नकूट के दिन हर साल भगवान रघुनाथ जी को नए अनाज का भोग लगाया जाता है। इस मौके पर भगवान रघुनाथ जी का श्रृंगार करके नए चावलों का पर्वत (ढेर) लगाकर उस पर उन्हें विराजमान करवाया जाता है। मान्यतानुसार इस दिन भगवान रघुनाथ को नया अनाज चढ़ाए जाने से भगवान रघुनाथ जी फसलों की रक्षा करते हैं और अन्न की कमी न होने का आशीर्वाद भी देते हैं। अन्नकूट त्योहार हर वर्ष दिवाली के दूसरे या तीसरे दिन मनाया जाता है, जिसके लिए शास्त्र पद्धति के अनुसार दिन का चयन किया जाता है। अन्नकूट उत्सव में रघुनाथ मंदिर पहुंचे श्रद्धालु अंशुल पराशर, विमला ठाकुर, नैना शर्मा व अन्य ने बताया कि वे कई सालों से इस उत्सव के लिए भगवान रघुनाथ के मंदिर आते हैं और प्रसाद ग्रहण कर भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं।

गोवर्धन पूजा द्वापर युग से लेकर चली आ रही है और जब से लेकर कुल्लू में रघुनाथ भगवान पदार्पण हुआ है, तब से लेकर अन्नकूट का त्योहार दिवाली के तुरंत बाद मनाया जाता है और इसे गोवर्धन पूजा कहा जाता है। वहीं, भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने कहा कि भगवान रघुनाथ जी के कुल्लू में पदापर्ण के बाद से मंदिर में गोवर्धन पूजा (अन्नकूट) द्वापर युग से की जा रही है। भगवान के सालभर मनाए जाने वाले मुख्य 40 पर्वों में से अन्नकूट पर्व भी एक है। यह उत्सव नई फसल के निकलने के बाद भगवान रघुनाथ जी को नए अनाज का भोग लगाने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्षभर मनाए जाने वाले रघुनाथ जी के 40 पर्व में से अन्नकूट भी एक पर्व है। लिहाजा, रघुनाथपुर कुल्लू में इस परंपरा का परंपरागत तरीके से निवर्हन किया गया।



अन्नकूट पर्व के मौके पर चावलों के ढेर के बने पर्वत पर विराजमान भगवान रघुनाथ जी।



अन्नकूट पर्व के मौके पर भगवान रघुनाथ जी की पूजा-अर्चना करते हुए पुजारी।

## आज उदयपुर में होंगे ड्राइविंग टेस्ट वाहनों की पासिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, कुल्लू ने जानकारी दी है कि 23 अक्तूबर को जिला लाहौल-स्पीति के उपमंडल उदयपुर में ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग आयोजित की जाएगी।


यह कार्यक्रम पहले 8 अक्तूबर को प्रस्तावित था, लेकिन प्रतिकूल मौसम और सड़कों की खराब स्थिति के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। अब मौसम में सुधार और सड़क हालात बेहतर होने के बाद विभाग द्वारा पुन: आयोजन सुनिश्चित किया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिल सके। आरटीओ कार्यालय ने वाहन मालिकों और ड्राइविंग लाइसेंस के इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने आवश्यक दस्तावेजों सहित समय पर पहुंचें, ताकि प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। यह पहल लाहौल-स्पीति जैसे दुर्गम क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

## 31 अक्तूबर को लाहौल-स्पीति जिले के दौरे पर आएंगी सांसद कंगना रनौत : रवि ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत 31 अक्तूबर को जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह जिला मुख्यालय केलंग में दिशा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करेंगी और जन सुनवाई भी करेंगी।

पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि कंगना रनौत पूर्व में केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के साथ भी इस क्षेत्र का दौरा कर चुकी हैं। उस दौरे के दौरान मंत्री ने लाहौल-स्पीति के लिए 250 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं को मंजूरी देने की घोषणा की थी, जिन्हें अब धरातल पर उतारने की तैयारी हो चुकी है। दिशा कमेटी के नौ सदस्यों ने इन योजनाओं का खाका तैयार कर केंद्र सरकार को भेज दिया है। इन योजनाओं में रांगरीक नदी में भूमि कटाव रोकने के लिए तटीयकरण, स्पीति घाटी में उठाऊ पेयजल योजना, लोअर क्योमो, क्योटो और चिचोंग में बाढ़ नियंत्रण, गोंधला पंचायत के लिए सिंचाई योजना, मूलिंग नाले से उठाऊ सिंचाई और पेयजल योजना, गुरु घंटाल और तुपचिलिंग गोम्पा में हिमस्खलन से बचाव के लिए चेक डैम, शांशा और गोशाल गांवों के लिए ऐपल ग्रेडिंग मशीन और कोल्ड स्टोर जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। रवि ठाकुर ने बताया कि जाहलमा नाले में आई बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई और आसपास के गांवों के लिए तटीयकरण भी प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यह सभी योजनाएं केंद्र सरकार की देन हैं, जिनके लिए



लाहुल-स्पीति की जनता आभारी है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आपदा राहत राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि यह धन लोक निर्माण विभाग को स्थानांतरित कर पुराने बिलों की अदायगी में लगाया जा रहा है, न कि प्रभावित लोगों की मदद में। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा लगाने का स्वागत करते हुए उन्होंने प्रदेश सरकार को पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर राम लाल के योगदान को भी याद करने की सलाह दी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लाहुल-स्पीति में अब भाजपा संगठन मजबूत हो रहा है, पहले थोड़ी कठिनाइयाँ थीं, लेकिन अब स्थिति

## एनएचएआई की लापरवाही से बढ़ा हादसों का खतरा, शिकायतों के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

अनंत ज्ञान, कसौली



एनएचएआई की कार्यप्रणाली से नेशनल हाईवे में धर्मपुर से कसौली चौक तक हाईवे पर लगाई एलईडी स्ट्रीट लाइटों के जलने के समय में बदलाव नहीं हुआ है। साथ ही कई लाइटें खराब भी हैं।

इसके लिए कई लोगों ने एनएचएआई के टोल फ्री नंबर 1033 पर शिकायतें की हैं। स्थानीय लोग एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर आनंद दहिया से भी अपील कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे लोगों में एनएचएआई के प्रति नाराजगी बढ़ गई है। स्ट्रीट लाइटों के जलने के समय में बदलाव का मुख्य कारण मौसम है। सर्दी में शाम जल्दी अंधेरा हो जाता है और सुबह छह बजे तक लगभग उजाला हो जाता है। जबकि गर्मी में रात सात बजे अंधेरा होता है और सुबह पांच बजे उजाला हो जाता है। लोग मांग कर रहे हैं कि शाम को जल्दी और सुबह देर तक स्ट्रीट लाइटें जलें। कई लाइटें काफी समय से बंद पड़ी हैं और इनकी मरम्मत भी नहीं की जा रही। स्थानीय निवासी मोहन लाल, सुनील, राम लाल, कमला, सुनीता, प्रेम लता और मीना ने बताया कि पढ़ाव से सुक्की जोहड़ी तक हाईवे पर लगी लाइटें कई दिनों से नहीं जल रही हैं। इससे पूरी रात सड़क अंधेरी रहती है। इससे किसी भी समय दुर्घटना होने का खतरा रहता है। इसके अलावा हाईवे पर अन्य स्थानों पर लगाई स्ट्रीट लाइटें भी खराब पड़ी हैं। उन्हें ठीक नहीं किया जा रहा। एनएचएआई के अधिकारियों, स्थानीय विधायक और जिला उपायुक्त सोलन को इस समस्या के बारे में कई बार सूचित किया गया, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

# सोलन नगर निगम में आवारा कुत्तों के आतंक से मिलेगी निजात

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** नगर निगम सोलन की एनिमल बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम की पहल अब सार्थक साबित होने लगी है। 1 सितंबर से शुरू की गई आवारा कुत्तों की नसबंदी कार्यक्रम के तहत अब तक 97 कुत्तों की नसबंदी हो चुकी है। इससे आने वाले समय में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगेगा। साथ ही इनके आतंक से भी निजात मिल पाएगी। इस योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए निगम एनिमल हेल्थ एंड ब्रीडिंग डिपार्टमेंट और एक एनजीओ के साथ मिलकर काम कर रहा है। नगर निगम की कमिश्नर के मुताबिक आगे यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी और हर सप्ताह लगभग 17 कुत्तों की वैक्सीनेशन और नसबंदी का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर में आवारा पशुओं की संख्या को नियंत्रित करना और नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ पशु कल्याण सुनिश्चित करना है।



नगर निगम सोलन की कमिश्नर एकता कप्टा ने बताया कि अब तक 97 कुत्तों की नसबंदी और रेबीज टीकाकरण सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। प्रारंभिक चरण में 100 कुत्तों का एक छोटा टेंडर जारी किया गया था, जिसमें यह उपलब्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा, जिसमें 100 और कुत्तों को शामिल किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि दो साल का दीर्घकालिक टेंडर पहले ही फ्लोट किया जा चुका है, जो फाइनल होने के करीब है।

### स्कूली बच्चों की रहती है चिंता

नगर निगम में हजारों की संख्या में कुत्ते शहर की गलियों, सड़कों और मोहल्लों में झुंड में रहते हैं। कुत्ते के आतंक से रोज स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काटने की घटनाएं सामने आती है। कुत्तों की बढ़ती संख्या से शहर वासी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। कुत्तों के आतंक से लोगों को अकेले चलना खतरे से खाली नहीं रह गया है। ऐसे में अब कुत्तों की नसबंदी कार्यक्रम में तेजी लाने की जरूरत है। ताकि लोगों को आवारा कुत्तों के आतंक से निजात मिल सके।

### रोज आते हैं डॉग बाइट के केस

सोलन हॉस्पिटल में अमूमन रोज डॉग बाइट के केस आते हैं। इसमें अधिकतर बुजुर्ग व बच्चे शामिल हैं। डॉग बाइट की घटना बढ़ने के बावजूद नगर निगम आवारा कुत्तों के आतंक से निजात नहीं दिला पाया है। स्टरलाइजेशन नहीं होने के चलते कुत्तों की आबादी बढ़ती ही जा रही है। कुत्तों के हमले से लोग चोटिल भी हो जाते हैं। यही कारण है कि नगर निगम अब डॉग स्टरलाइजेशन ओटी में नसबंदी कार्यक्रम को तेजी से निपटा रहा है। मोहल्ले और कॉलोनी में कुत्तों की झुंड रात को एक साथ भोंकते हैं जिससे लोगों की नींद हराम हो जाती है। साथ छात्रों की पढ़ाई बाधित होने के साथ-साथ रोगियों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## थियेटर आर्टिस्ट मृदुल ने ओटीटी प्लेटफार्म पर जमाई अभिनय की धाक

अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान

**कसौली।** हिमाचल के थियेटर आर्टिस्ट बॉलिवुड और ओटीटी प्लेटफार्म में अपनी प्रतिभा से अलग पहचान बना रहे हैं। जिला सोलन के कुनिहार का बेटा मृदुल शर्मा भी एक्टिंग की दुनिया में अपना लोहा मनवा रहा है। एक कंटेंट क्रिएटर के साथ-साथ थियेटर आर्टिस्ट मृदुल ओटीटी प्लेटफार्म मैक्स प्लेयर में हाल ही में रिलीज वेब सीरीज जमना पार सीजन-2 में नामचीन अभिनेताओं के साथ अहम भूमिका है और उसकी एक्टिंग व रोल को खूब पसंद किया जा रहा है।



उसकी इस उपलब्धि से पूरे कुनिहार क्षेत्र सहित सोलन जिला में खुशी की लहर है। कुनिहार निवासी भागेश शर्मा व रमा शर्मा के घर जन्मे मृदुल शर्मा की स्कूली शिक्षा एसवीएन स्कूल कुनिहार से हुई है। इस स्कूल में पढ़ते हुए ही कक्षा छठी में उन्होंने स्कूल समारोह में एक नाटक में भाग लिया और उसके बाद उन्हें एक्टिंग में रुचि पैदा हो गई। अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद मृदुल ने स्नातक डिग्री के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय में एडमिशन ली और अपने अभिनय शौक को जिंदा रखते हुए थियेटर करना शुरू किया। विवि में एनएसडी के प्राध्यापक की देखरेख में अपने थियेटर कौशल को निखारा और वर्ष 2020 में अपने सपनों को पूरा करने के लिए मायानगरी मुंबई का रुख किया। मुंबई में उन्होंने थियेटर ज्वाइन किया और छह साल तक थियेटर करते रहे। इसी बीच मृदुल ने यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर 'सिर्फ मृदुल' के नाम से अकाउंट बनाया और कंटेंट क्रिएट करने लगे। यूट्यूब पर उनके 1 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर हैं और इंस्टाग्राम पर 3.50 लाख फॉलोअर्स हैं। कंटेंट क्रिएशन के साथ-साथ उनके थियेटर टेलेंट को देखते हुए उन्हें जमना पार सीजन-2 में छोटा भाटी के रोल के लिए सिलेक्ट किया गया। इस सीरीज में मृदुल को विजय राज, रित्विक सहोर जैसे नामी कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला है। उनके रोल को काफी पसंद किया जा रहा है। मृदुल ने बताया कि उन्होंने अन्य नए प्रोजेक्टस के लिए भी ऑडिशन दिए हैं और आशा है वह उनमें जल्द नजर भी आएंगे। वे कंटेंट क्रिएशन के साथ-साथ एक्टिंग में ही अपना करियर बनाना चाहते हैं। उन्होंने अपने माता-पिता सहित परिवार व अन्य शुभचिंतकों का उनका साथ देने के लिए आभार व्यक्त किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. पीयूष की सर्जरी से महिला को मिलेगा मातृत्व सुख

**अनंत ज्ञान, सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के डॉ. पीयूष वोहरा ने चिकित्सा जगत में एक अद्भुत उपलब्धि हासिल की है। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ की रहने वाली एक महिला, जो पिछले 9 सालों से मां बनने के लिए संघर्ष कर रही थी आज फिर से उम्मीद से भरी है। कई बार के असफल इलाजों और आईवीएफ की सलाह के बाद, जब सब रास्ते बंद लग रहे थे, तब सोलन अस्पताल की दहलीज पर उसे नई दिशा मिली। गायनी स्पेशलिस्ट डॉ. पीयूष वोहरा ने दो दिन पहले एक जटिल सर्जरी के दौरान महिला की बंद फेलोपियन ट्यूब को सफलतापूर्वक खोल दिया। अब महिला सामान्य रूप से गर्भधारण करने में सक्षम है। डॉ. वोहरा ने कहा, कि यह सोलन में इस तरह का पहला केस है। इस ऑपरेशन के बाद मरीज को अब नॉर्मल प्रेग्नेंसी का अवसर मिलेगा। रिकवरी के बाद उसे पूरे तरह काउंसिल किया जाएगा, ताकि सब कुछ सुरक्षित और स्वस्थ रहे। महिला ने भावुक होकर कहा कि मैंने कई जगह इलाज कराया, लेकिन हर बार निराशा मिली। जब डॉक्टरों ने कहा कि अब सिर्फ आईवीएफ ही रास्ता है, तब उम्मीद लगभग खत्म हो गई थी, लेकिन सोलन में डॉक्टर पीयूष से इलाज करवाने के बाद अब मेरी ट्यूब खुल गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। महिला के परिवार की आंखों में खुशी के आंसू हैं और हो भी क्यों न? सालों की जद्दोजहद के बाद आज उनके जीवन में उम्मीद की रोशनी लौट आई है। यह उपलब्धि न केवल एक परिवार की खुशियों की कहानी है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि सरकारी अस्पतालों में भी उच्च स्तरीय इलाज व समर्पित विशेषज्ञ मौजूद हैं। डॉ. पीयूष वोहरा और सोलन अस्पताल की टीम ने यह दिखा दिया है कि जब सेवा भाव व विशेषज्ञता एक साथ आते हैं, तो असंभव भी संभव हो जाता है।

### गिरिपार में सात दिन का दिवाली महाउत्सव

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र में दीपावली का पर्व केवल दो दिन का नहीं, बल्कि सात दिन तक चलने वाला महाउत्सव है। इस दौरान लोग पारंपरिक व्यंजन बनाते हैं, पशुधन की पूजा करते हैं और सदियों पुरानी लोक परंपराओं को जीवित रखते हैं। गिरिपार में दीपावली का महोत्सव अमावस्या से शुरू होकर छठी तक चलता है। इस अवधि में अमावस्या, पड़ोई, दूज, तीज, चौथ, पंचमी और छठी तक हर दिन पारंपरिक रीतियों और पकवानों की खुशबू से गांव महक उठते हैं। दूर-दूर से आए मेहमानों का स्वागत आतिथ्य की परंपरा के साथ किया जाता है। यहां दीपावली सप्ताह का सबसे खास दिन गोवर्धन पूजा होती है। किसान अपने बैलों और खेती के औजारों जैसे हल, जूण, मोईयट और मुंगरा की पूजा करते हैं। पूजा में धूप, दीप, अखरोट और मुंडा का प्रयोग होता है, जबकि बैलों को घरोटी, भात, पटांडा, असकली, सिड्डू, तेलपाकी और लुशके जैसे स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन खिलाए जाते हैं। अमावस्या और पड़ोई के दिन विशेष रूप से अज्जन नामक व्यंजन तैयार किया जाता है। यह चावल को लस्सी के साथ उबालकर बनाई जाने वाली खीर जैसी डिश होती है, जिसे केले के पत्तों में पकाया जाता है। परंपरा के अनुसार मेहमानों को गुड़ और घी के साथ कंजन खिलाना शुभ माना जाता है। सिरमौर का यह सात दिवसीय उत्सव आधुनिकता के दौर में भी ग्रामीण संस्कृति की गहराई को दर्शाता है। यहां प्रकृति, पशुधन और मेहमानों के प्रति सम्मान इस पर्व की आत्मा है, जो सामुदायिक एकता और परंपरा की निरंतरता का प्रतीक है।

### बस स्टैंड पर नशे में धुत युवक भिड़े, एक घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब शहर में नशे का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई के बावजूद नशेड़ियों का आतंक कम नहीं हो रहा है। बुधवार को पांवटा बस स्टैंड पर दो नशेड़ी आपस में भिड़ गए, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में चोट आई और मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस बुलाकर घायल को सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस स्टैंड के आसपास अक्सर नशेड़ियों का जमावड़ा लगता रहता है। यहां झगड़े, चोरी और अन्य असामाजिक घटनाएं रोजाना होती रहती हैं। एक बस चालक ने बताया कि कई बार यात्रियों के बैग गायब हो जाते हैं। वहीं, दुकानदार और स्थानीय लोग भी बताते हैं कि शाम होते ही बस स्टैंड नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है, जिससे आम लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बस स्टैंड क्षेत्र में पुलिस का स्थायी जवान तैनात किया जाए, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की बसें यहां आती हैं और यात्रियों व व्यापारियों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे पुलिस गश्त की आवश्यकता है।

### कर्मचारियों ने की औजारों-उपकरणों की पूजा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** दीपावली के बाद बुधवार को विश्वकर्मा दिवस के मौके पर जिला सिरमौर में विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों ने औजारों की पूजा-अर्चना की। एचआरटीसी नाहन की कर्मशाला और जलशक्ति विभाग नाहन के कार्यालय में कर्मचारियों ने देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कर्मचारियों ने सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा के मंदिर में शीश नवाया। साथ ही अपने औजारों की साफ-सफाई करते हुए उनकी पूजा की। लोक निर्माण विभाग की कर्मशाला में भी सभी कर्मचारियों ने अपने औजारों की पूजा-अर्चना की।

### ग्रामीणों को बचत करने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश राज्य सहकारी बैंक समिति की खैरी शाखा ने रेड़ी गुसान गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। इसमें शिरगुल सोसायटी के सचिव अनुज परमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर खैरी शाखा के प्रबंधन प्रवीण कुमार ने ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न जमा व ऋण योजनाओं से अवगत करवाया। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना सहित किसान क्रेडिट, हिम स्वरोजगार, मुद्रा ऋण, बचत खाता, निरंतर जमा सावधि योजना, पांच साल में लखपति योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को छोटी-छोटी बचत करने, ऑनलाइन ठगी से बचने और इस विषय पर सतर्क रहने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को छोटी-छोटी बचत पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए बैंक में पैसा जमा करवाना एक अच्छा माध्यम हो सकता है। आज की गई छोटी-छोटी बचत कल बुढ़ापे में एक बड़ा सहारा बन सकती है। मुसीबत के समय भी यह राशि काम आ सकती है।

## रेणुका जी मेला पूरी भव्यता व पारंपरिक रूप से होगा आयोजित : विनय कुमार

अनंत ज्ञान, नाहन



विधानसभा उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश व अध्यक्ष श्री रेणुका जी विकास बोर्ड विनय कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला 31 अक्तूबर से 5 नवंबर तक पूरी भव्यता तथा पारंपरिक रूप से मनाया जाएगा, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

यह जानकारी उपाध्यक्ष ने डीसी कार्यालय नाहन के सभागार में रेणुका मेले के आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की विकासात्मक योजनाओं की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी तथा लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त दंगल का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में मेला मैदान, अस्थायी पुल तथा सड़कों की मरम्मत बारे विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस को विशेष दिशा-निर्देश दिए, ताकि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इसके अतिरिक्त मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे ताकि मेले की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इस अवसर पर उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा, पुलिस अधीक्षक एनएस नेगी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## दिवाली का सामान लेकर लौट रहे युवक की ढांक से गिरकर मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। ग्राम पंचायत दुगाना के नेड़ा बास के समीप 30 वर्षीय युवक की ढांक से गिरने के कारण मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में मातम छा गया है। जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान गीता राम पुत्र मिनिया राम, निवासी गांव नेड़ा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह दिवाली का सामान लेने कफ़ोटा बाजार गया हुआ था। देर शाम जब वह सामान लेकर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरी ढांक में जा गिरा। काफी देर तक जब गीता राम घर नहीं पहुंचा तो परिवार और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान ग्रामीणों ने उसे गहरी खाई में मृत अवस्था में पड़ा पाया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पंचायत और प्रशासन को दी। प्रधान इंद्रा देवी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि इस दुःखद घटना की सूचना पटवारी को दे दी गई है।

## भैया दूज पर्व पर कोटली में निकाली देव जातर



लोग परंपरा अनुसार अपने इष्ट देवता को चावल व अखरोट भेंट अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए।

अनंत ज्ञान, राजगढ़

राजगढ़ क्षेत्र की समृद्ध देव संस्कृति के तहत कोटली गांव में देव भेंटना कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा व उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

दीपावली के बाद हर वर्ष आयोजित होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में लोगों ने आस्था के साथ भाग लिया। कोटली के भाट देवता मंदिर से शुरू होकर काली माता मंदिर तक निशान यात्रा यानि जातर पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया। देव भेंट में स्थानीय लोगों ने परंपरा अनुसार अपने इष्ट देवता को चावल व अखरोट भेंट अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दीपावली के बाद आयोजित होने वाला यह प्राचीन पारंपरिक आयोजन आज के आधुनिक समय में भी पूरे विधि-विधान से निभाया जा रहा है। भेंटना कार्यक्रम के उपरांत आयोजित भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय निवासी दिनेश आर्य ने बताया कि यह परंपरा हमारे पूर्वजों से चली आ रही है। हर साल दीपावली के बाद देव भेंटना का आयोजन किया जाता है। इसमें जातर अथवा निशान यात्रा निकाली जाती है। इसमें हम अपने देवता को चावल व अखरोट की भेंट देकर उनकी कृपा की कामना करते हैं। नई पीढ़ी भी इस परंपरा को आगे बढ़ा रही है, यह हमारे लिए गर्व की बात है।

## शिरगुल मंदिर शाया में उमड़ा जनसैलाब

बीआर चौहान, अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** दिवाली पर्व पर परशिरगुल देवता की जन्मस्थली शाया में दिवाली व पड़ेई के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने देवता का आशीर्वाद प्राप्त किया।



शिरगुल मंदिर शाया में श्रद्धालु दर्शन करते हुए।

इस मंदिर में हर वर्ष दिवाली पर्व पर दो दिन का मेला लगता है, जिसमें सिरमौर के अतिरिक्त शिमला, सोलन और सीमा पर लगते उत्तराखंड के जोनसार बावर क्षेत्र के लोग दर्शन करने आते हैं। लोग देवता को भेंट स्वरूप चावल और अखरोट भेंट स्वरूप लाते हैं और मंदिर में प्रसाद के रूप में चावल के दाने दिए जाते हैं जिसे लोग अपने घरों में सहेजकर रखते हैं। हालांकि, इस मेले में देवता के दर्शन के अतिरिक्त कोई अन्य कोई सांस्कृतिक अथवा खेल आदि गतिविधियां नहीं होती हैं। मंदिर समिति के मिडिया प्रभारी व जाने माने साहित्यकार शेरजंग चौहान ने बताया कि शिरगुल देवता का इस गांव में प्रादुर्भाव हुआ था और चूड़धार पर्वत पर शिरगुल ने तपस्या की थी, वैसे तो इस मंदिर में वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, लेकिन वर्ष में पड़ने वाली चार बड़ी साजी बैशाखी अर्थात बीशू की साजी, बरसात के श्रावण मास में पड़ने वाली हरियाली साजी, दिवाली की साजी व मकर संक्रांति अर्थात माघ की साजी में मंदिर में दर्शन करने का विशेष महत्व है।

इसके अतिरिक्त हर माह पड़ने वाली संक्रांति में भी लोग मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि शिरगुल देवता की मान्यता सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र के अतिरिक्त जिला शिमला के उपरी क्षेत्र, सोलन और उत्तराखंड के जोनसार क्षेत्र में प्रचलित है जहां पर शिरगुल देवता को कुलईष्ट के रूप में पूजा की जाती है। शेरजंग चौहान ने बताया कि क्षेत्र के आराध्य देव शिरगुल को चावल और अखरोट की भेंट अर्पित करने की परंपरा सदियों पुरानी है, जबकि अब लोगों द्वारा पैसा चढ़ाना भी शुरू कर दिया है। यह स्थल धार्मिक पर्यटन के रूप में भी बड़ी तेजी से उभर रहा है। इसके चलते इस मंदिर में अब बाहरी क्षेत्रों से लोगों और पर्यटकों का दर्शन करने के लिए आना भी प्रारंभ हो गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर में मेलों के दौरान और माह में पड़ने वाली संक्रांति को लंगर का आयोजन किया जाता है। इसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।

## सनोरा में टेंपो ट्रैवलर में लगी आग, चालक की जलकर मौत

अनंत ज्ञान, राजगढ़

राजगढ़ उपमंडल में बीती रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया है।



राजगढ़ सोलन रोड के सनौरा के पास खड़ी एक टेंपो ट्रैवलर (नंबर 01 9091) में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि वाहन में ही सोया हुआ चालक, उसकी मौके पर ही जलकर मौत हो गई। इसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। सूत्रों के अनुसार मृतक चिड़गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही राजगढ़ व पुलिस चौकी यशवंतनगर की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक विज्ञान टीम जुन्गा शिमला की टीम को मौके पर पहुंच गई है और आग की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसकी पुष्टि एचएसओ राजगढ़ राजविंद्र सिंह ने की है। इस आगजनी की घटना से समूचे क्षेत्र में भयावह की स्थिति बनी हुई है। टेंपो ट्रैवलर में लगी आग की घटना को पुलिस द्वारा गहनता से जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आग किन कारणों से लगी है और वाहन चालक आग लगने के दौरान अपने आप को क्यों नहीं बचा पाया।

## विजय रैली निकाल किया भगवान राम का राज्याभिषेक

**अनंत ज्ञान, अर्की।** ग्राम पंचायत बखालग में रामलीला कला मंच द्वारा भगवान राम का राज्याभिषेक किया गया व प्रभात फेरी द्वारा पूरे बाजार में विजय रैली निकाली गई। रात्रि कार्यक्रम में राज्याभिषेक के दौरान नए सवेरा जन कल्याण समिति अर्की के अध्यक्ष भीम सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजक समिति ने शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया गया, उसके पश्चात लॉटरी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। ठाकुर ने आयोजक समिति को लगातार 47 वर्षों से सुचारु रूप से चलाई गई रामलीला के लिए पूरे क्लब को शुभकामनाएं व बधाई दी व स्थानीय युवाओं को नशे के खिलाफ मुहिम में सहयोग करने की अपील की, उन्होंने सभी को भगवान श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन शैली में अपनाने के लिए कहा। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष हरीश शर्मा, निर्देशक कृपाराम, मनोज शर्मा, दिलीप ठाकुर, पंचायत के पूर्व उपप्रधान सुरेंद्र पाठक, पंकज वर्मा, ईश्वर दास, मनोज वर्मा, अखिलेश ठाकुर, लक्ष्मण आदि शामिल रहे।

### कार्यक्रम — सांस्कृतिक दलों ने गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटकों से दी योजनाओं की जानकारी

## राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना से स्वरोजगार की राह

अनंत ज्ञान, सोलन

सूचना एवं जन संपर्क विभाग से सम्बद्ध सांस्कृतिक दल द्वारा सोलन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

हिम सांस्कृतिक दल ममलीग के कलाकारों द्वारा आज कंडाघाट विकास खंड की ग्राम पंचायत ममलीग व सायरी में गीत-संगीत के माध्यम से सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी। कलाकारों द्वारा ग्रामीणों को प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही राजीव गांधी स्टार्ट अप योजना के बारे में जागरूक किया गया। शिक्षित बेरोज़गार युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में अग्रसर करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्ट-अप योजना आरम्भ की गई है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को ई-



नुक्कड़ नाटक से प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए।

टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत का अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। ग्रामीणों को गाय के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 45 रुपए से बढ़ाकर 51 रुपए प्रति लीटर तथा भैंस के दूध के मूल्य को 55 रुपए से बढ़ाकर 61 रुपए प्रति लीटर करने के विषय में अवगत करवाया गया। उन्हें बताया गया कि सरकार के इस निर्णय से पशुपालकों की आर्थिकी में आशातीत सुधार हो रहा है। ग्रामीणों को अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई। शिव शक्ति कला मंच के कलाकारों ने आज कुनिहार विकास खंड की ग्राम पंचायत बनोह खरड़हट्टी में ग्रामीणों को प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के बारे में अवगत करवाया गया। इस योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद लोगों को घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना में आपदा प्रभावित, विधवा, तलाकशुदा और दिव्यांगजन शामिल हैं। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी अवगत करवाया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलों की और अपनी रुचि बढ़ाने का आग्रह किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सायरी की प्रधान अंजू राठौर, ग्राम पंचायत ममलीग के प्रधान हरिचंद, ग्राम पंचायत बनोह खरड़हट्टी के प्रधान कुष्ण दास, ग्राम पंचायत सायरी के उप प्रधान संजीव मेहता, ग्राम पंचायत ममलीग के उपप्रधान संदीप ठाकुर, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य बनोह खरड़हट्टी लेख राम, चंपा देवी, वीरेंद्र कुमार व ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस ने किया शहीदों को नमन

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** राष्ट्र की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर पुलिसकर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करने के लिए जिला सिरमौर मुख्यालय नाहन की पुलिस लाइन में राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस (शहीदी दिवस) अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। इस भावपूर्ण अवसर पर, हिमाचल पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय सुरक्षा बलों व अर्ध सैनिक बलों के वर्ष भर में शहीद हुए कुल 190 जवानों को सिरमौर पुलिस द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जिला सिरमौर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) निश्चित सिंह नेगी सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा, महिला पुलिस थाना प्रभारी, नाहन सदर पुलिस थाना प्रभारी और नाहन पुलिस लाइन प्रभारी जैसे अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शहीदों के नाम पढ़कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके अदम्य साहस को याद किया। इस वर्ष शहीद हुए 190 जवानों में हिमाचल पुलिस का कोई जवान शामिल नहीं था, जो प्रदेश के लिए राहत की बात रही। पुलिस अधीक्षक निश्चित सिंह नेगी ने इस अवसर पर शहीद जवानों के शौर्य को याद करते हुए बताया कि भारतीय पुलिस कर्मियों के बलिदान को सम्मानित करने के लिए हर साल 21 अक्तूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिन विशेष रूप से 21 अक्तूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सेना द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में शहीद हुए उन दस पुलिस अधिकारियों और जवानों की याद में स्थापित किया गया था।

यह दिवस हमें कर्तव्य पालन करते हुए शहीद होने वाले पुलिस अधिकारियों के सर्वोच्च बलिदान को याद करने व राष्ट्र की सुरक्षा में उनकी अमूल्य भूमिका को पहचानने का अवसर देता है। एसपी और अन्य अधिकारियों ने शहीदों के सम्मान में पुष्पचक्र अर्पित किए। पूरे भारत में इस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित होते हैं और नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर भी केंद्रीय स्तर का कार्यक्रम होता है, जहां देश के सभी राज्यों व पैरामिलिट्री अधिकारियों एवं जवानों के नाम पढ़े जाते हैं और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की जाती है।

# सैनी ने भगवान श्री विश्वकर्मा दिवस पर की पूजा-अर्चना



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज भगवान विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर अपने निवास स्थान ' संत कबीर कुटीर' पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित उनको नमन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सैनी ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, परिश्रम और कौशल के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज को शिल्प, निर्माण और निपुणता के माध्यम से प्रगति का मार्ग दिखाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिल्पकार बंधुओं के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ की गई 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' पारंपरिक शिल्पकारों और हस्तशिल्पियों के कौशल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार ने भी राज्य में कई ऐसी योजनाएं लागू की हैं, जिनसे कारीगरों, तकनीशियनों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और आधुनिक उपकरणों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी नागरिकों को गोवर्धन पूजा और भाई दूज के पावन पर्वों की भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# यूजी व पीजी कक्षाओं के लिए फिर से शुरू हुए दाखिले

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी व एडेड कॉलेजों में यूजी तथा पीजी कक्षाओं में हजारों सीटें खाली होने के चलते सरकार ने एक बार फिर से दाखिलों के लिए आवेदन मांग लिए हैं। राज्य के उच्चतर शिक्षा विभाग ने इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी करते हुए बुधवार से पोर्टल खोल दिया है। उच्च शिक्षा विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर ने सभी सरकारी, एडेड और प्राइवेट कॉलेजों के प्रिंसिपल को इस बारे में पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि स्टूडेंट्स और कॉलेजों की रिक्वेस्ट के बाद एडमिशन पोर्टल को फिर से खोला गया है, ताकि जो स्टूडेंट्स पिछली बार अप्लाई नहीं कर पाए थे, वे एडमिशन ले सकें। ग्रेजुएशन में एडमिशन के लिए हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट ने 19 मई से 16 जून तक पोर्टल खोला था। इसके बाद जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन अप्लाई किया था, उनको नंबरों के हिसाब से एडमिशन मिला। ग्रेजुएशन में एडमिशन के लिए तीन बार काउंसलिंग हुई। इस दौरान खाली सीटों के हिसाब से मेरिट लिस्ट निकाली गई और जिन स्टूडेंट्स का नाम आया, उनको फीस जमा करके एडमिशन लेने का टाइम दिया गया।

# वायु गुणवत्ता खराब स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण को प्रशासन अलर्ट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

एनसीआर के अंतर्गत आने वाले जिला पानीपत में वायु गुणवत्ता खराब होने पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज-टू को तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। जिला उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को कहा कि जिला पानीपत भी एनसीआर क्षेत्र में शामिल है, अतः ग्रैप-स्टेज टू की पाबंदियां को जिले में प्रभावी ढंग से पालना सुनिश्चित करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से ग्रैप स्टेज-टू और टू के तहत जारी नागरिक चार्टर का पालन करने की अपील की गई है।

डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग की सब-कमेटी ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और आईआईएम के पूर्वानुमानों तथा दिल्ली के प्रदूषण स्तर की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया है। पूर्वानुमानों के अनुसार आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता में और गिरावट की संभावना है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर आयोग द्वारा ग्रेप टू की पाबंदियां लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। इससे पहले 14 अक्टूबर को स्टेज-वन लागू किया गया था। अब स्टेज-टू के तहत अतिरिक्त कदम भी उठाए जाएंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रैप के स्टेज- वन और टू के तहत निर्धारित पाबंदियां लागू की जाएंगी। निर्माण एवं ध्वंस गतिविधियों पर निगरानी और धूल नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू किया जाएगा। सड़क की सफाई और पानी का छिड़काव बढ़ाया जाएगा। कोयला, लकड़ी और अन्य ठोस ईंधनों के उपयोग पर निगरानी रखी जाएगी। कचरा जलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जाएगा और निजी वाहनों के उपयोग को कम करने की अपील की जाएगी।

## हरियाणा की हवा हुई जहरीली

**चंडीगढ़।** दीपावली के बाद हरियाणा की हवा फिर जहरीली हो गई है। देशभर के सबसे प्रदूषित शहरों में हरियाणा के कई शहर शामिल हैं। एक दिन पहले जहां जींद (421) और धारूहेड़ा (412) देश के सबसे प्रदूषित दो शहर रहे थे, वहीं अब भी इन दोनों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है। दीपावली के दूसरे दिन भी हवा में सुधार नहीं आया और कई शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से 400 के बीच दर्ज किया गया। हालांकि, बुधवार सुबह 8 बजे तक किसी शहर का अधिकतम प्रदूषण सूचकांक 400 के पार नहीं रहा है। बुधवार को देशभर में ऐसे 15 शहर रहे जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से 400 के बीच पहुंचा, जिनमें हरियाणा के 9 शहर शामिल हैं। इनमें धारूहेड़ा (386), चरखी दादरी (364), जींद (374), रोहतक (353), यमुनानगर (344), फतेहाबाद (314), बल्लभगढ़ (315), भिवानी (291) और बहादुरगढ़ (276) प्रमुख हैं।

# किसी के भी जीवन में अन्न की कमी नहीं रहनी चाहिए : अमिताभ



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

दीपावली के उपरांत मनाए जाने वाले अन्नपूर्णा के अवसर पर पुरुषोत्तम दास रुंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अन्नकूट भंडारा इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, पंचकूला में भक्ति और सेवा भाव से आयोजित किया गया। यह ट्रस्ट का 187वां भंडारा था। भंडारे की शुरुआत माँ अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात सैकड़ों जरूरतमंदों और स्थानीय निवासियों को प्रसाद के रूप में भोजन वितरित किया गया।

ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रुंगटा ने इस अवसर पर कहा कि अन्नकूट भंडारा, जिसे गोवर्धन पूजा या अन्नपूर्णा दिवस के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय संस्कृति में अन्न और श्रम के सम्मान का प्रतीक है। इस दिन अन्न भंडारा लगाने से माँ अन्नपूर्णा से समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हमें किसी के जीवन में अन्न की कमी न रहे इसके लिए काम करना चाहिए — यही सच्ची पूजा और मानवता का धर्म है। यह दिन माँ अन्नपूर्णा की कृपा का स्मरण कर समाज में सहभोजन, करुणा और साझा समृद्धि की भावना को बढ़ाने का प्रतीक है। भंडारे के आयोजन में अनुपमा रुंगटा, चैतन्य रुंगटा, सुरेश जांगरा और निधि संधु विशेष रूप से उपस्थित रहे और ट्रस्ट के सदस्यों के साथ सेवा कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### पानीपत के वंश जागलान ने जीता कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत इसराना के रहने वाले वंश जागलान ने हरियाणा राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर पानीपत का नाम रोशन किया है। उन्होंने करनाल जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए यह उपलब्धि हासिल की, जिससे गांव और जिले का नाम रोशन हुआ। बुधवार को इसराना पहुंचने पर वंश ने अपना कांस्य पदक अपने दादा धर्मपाल जागलान को समर्पित किया। धर्मपाल जागलान भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष रहे हैं। इस अवसर पर वंश जागलान ने बताया कि यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भिवानी के भीम स्टेडियम में आयोजित की गई थी। उन्होंने अंडर-17 वर्ग में करनाल जोन की टीम से खेलते हुए यह पदक जीता है।

### भाजपा सरकार में हो रहा सामाजिक न्याय : रामचंद्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जुलाना के हांसी मार्ग पर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा जयंती बुधवार को बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत हवन के साथ की गई। हवन में गणमान्य लोगों ने आहुति डाली। मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शिरकत की। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा का जो विराट स्वरूप है, उसको और ज्यादा विराट करें। हरियाणा में बहुत से हुक्मरान रहे। चौटाला का राज आया तो चौधरी देवीलाल पार्क, देवी लाल यूनिवर्सिटी, देवी लाल स्कूल, देवीलाल चौराहा बनाया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा का दांव लगा तो जींद में रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी, रोहतक में रणबीर सिंह ओपीडी, रणबीर सिंह पार्क सब कुछ अपने बाप दादाओं के नाम कर दिया लेकिन पहली बार जब मनोहर लाल आए तो पहली यूनिवर्सिटी बनी। जिसमें सभी टेक्नोलॉजी थी।

# दृष्टि आई हॉस्पिटल ने नेत्र देखभाल में उत्कृष्टता के 30 वर्ष पूरे किए

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंचकूला दृष्टि आई हॉस्पिटल ने अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाई, जिसमें पूर्व थलसेनाध्यक्ष जनरल वी.पी. मलिक (सेवानिवृत्त) मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए।



हॉस्पिटल की सेवाओं की सराहना करते हुए जनरल मलिक ने कहा, दृष्टि ने न केवल दृष्टि, बल्कि हजारों लोगों को आशा और गरिमा भी लौटाई है। इस कार्यक्रम में अस्पताल के स्टाफ को सम्मानित किया गया, तीन दशकों की नेत्र चिकित्सा में उत्कृष्ट सेवाओं को रेखांकित किया गया, और सभी के लिए सुलभ व उन्नत पचार सुनिश्चित करने की दृष्टि की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। डॉ. अशोक गुप्ता, चेयरमैन एवं चीफ आई सर्जन, ने कहा: दृष्टि आई हॉस्पिटल में हम नैतिकता और पारदर्शिता के साथ चिकित्सा सेवा देने में विश्वास करते हैं, जहां हर मरीज का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और पारदर्शी दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करते हैं कि हर मरीज को विश्वास और करुणा के साथ सर्वोत्तम उपचार मिले। डॉ. अर्जुन गुप्ता, मेडिकल डायरेक्टर, ने यह वचन दिया कि वे नवीनतम तकनीकों को अपनाते हुए, नैतिक चिकित्सा प्रथाओं का पालन करते हुए, प्रत्येक मरीज की सेवा सहानुभूति और सम्मान के साथ करते रहेंगे।हमारा लक्ष्य है कि जो भी मरीज अस्पताल में प्रवेश करे, वह स्वस्थ आंखों के साथ एक मुस्कान लेकर वापस जाए।

# छठ पूजा की तैयारियों को लेकर किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आगामी छठ पूजा पर्व के मद्देनजर, यूटी चंडीगढ़ के मुख्य अभियंता श्री सीबी ओझा ने इंजीनियरिंग विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ सेक्टर-42 झील का विस्तृत निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण झील पर चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया, ताकि इस पारंपरिक और बड़े पैमाने पर मनाए जाने वाले पर्व के सुचारू और सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान झील की सफाई, आधारभूत संरचनाओं की मरम्मत व रखरखाव, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना है।

# श्री चैतन्य गौड़ीय मठ में गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



श्री चैतन्य गौड़ीय मठ, सेक्टर 20 में श्री गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास एवं विधि विधान से मनाया गया।

मठ के प्रवक्ता जयप्रकाश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः मंगल आरती के पश्चात प्रभात फेरी व श्री हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। तत्पश्चात दोपहर तक कथा संकीर्तन चलता रहा। इस अवसर पर भक्तों को संबोधित करते हुए त्रिदंडी स्वामी श्री वामन जी महाराज जी ने भक्तों को कहा कि आज ही के दिन ब्रजमंडल स्थित स्थान पर भगवान श्री कृष्ण जी ने अपनी सबसे छोटी उंगली पर गोवर्धन गिरिराज पर्वत को उठाकर देवराज इंद्र के घमंड चकनाचूर किया था और ब्रजवासियों की रक्षा की थी। ब्रजवासियों ने इंद्र देवता की पूजा करने की बजाय भगवान श्री कृष्ण की पूजा करनी प्रारंभ कर दी थी, इसलिए क्रोध में आकर देवराज इंद्र ने ब्रज मंडल को वर्षा के द्वारा पानी से डुबोने के लिए अपना संकल्प कर लिया था और भारी वर्षा प्रारंभ कर दी थी लेकिन भगवान श्री कृष्ण जी ने गोवर्धन पर्वत को अपनी तर्जनी उंगली पर उठाकर अतिवृष्टि के प्रकोप से भक्तों की रक्षा की थी। इसी उपलक्ष्य पर हजारों वर्षों से यह पावन पर्व पूरे विश्व में गोवर्धन पूजा के रूप में भक्तों द्वारा मनाया जाता है। मथुरा से थोड़ी दूरी पर विराजमान गोवर्धन पर्वत की भक्त लोग पूरे वर्ष परिक्रमा करते हैं। कई भक्त लोग अपनी मनोकामना पूरी होने के पश्चात 22 किलोमीटर की परिक्रमा जमीन पर लेट-लेट कर भी करते हैं। आज मठ मंदिर में सुबह से ही भक्तों में उल्लास का माहौल था। दोपहर को भगवान गोवर्धन गिरिराज जी की महाआरती एवं 56 तरह के व्यंजनों का भोग लगाया गया और परिक्रमा की गई। इस अवसर पर आज गाय की विशेष रूप से पूजा-अर्चना, वंदना-आरती की गई। गाय के शुद्ध देसी घी से प्रज्वलित दीपकों से महा आरती की गई। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं यजमान प्रसिद्ध समाजसेवी राकेश गुप्ता रहे। भक्तों ने इस अवसर पर नृत्यगान हरि नाम संकीर्तन एवं फूलों की वर्षा कर आनंद प्राप्त किया। उसके पश्चात स्वादिष्ट प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया व हजारों भक्तों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण कर आनंद प्राप्त किया।

## देश-विदेश

# दुनिया का नौवां सबसे बड़ा वन क्षेत्र वाला देश बना भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** ने वन क्षेत्र के मामले में वैश्विक स्तर पर 10वें स्थान से बढ़कर 9वां स्थान हासिल कर लिया है और वार्षिक वन वृद्धि में तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति बरकरार रखी है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की ओर से बाली में जारी ग्लोबल फॉरेस्ट रिसोर्स असेसमेंट 2025 रिपोर्ट में दी गई है। पर्यावरण मंत्रालय ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में किए गए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और सामुदायिक वन सुरक्षा प्रयासों की सफलता बताया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसे सतत वन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण में भारत की एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियानों और राज्यों द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई है। (अनंत ज्ञान)

## दुनिया में कुल वन क्षेत्र 4.14 अरब हेक्टेयर

**विश्व** के कुल वन क्षेत्र का आकार 4.14 अरब हेक्टेयर है, जो पृथ्वी की 32% जमीन को घेरता है। इनमें से 54% हिस्सा केवल पांच देशों रूस, ब्राजील, कनाडा, अमेरिका और चीन के पास है। भारत अब ऑस्ट्रेलिया, कांगो और इंडोनेशिया के बाद नौवें नंबर पर है। वहीं, वन क्षेत्र में वार्षिक वृद्धि की बात करें तो 2015 से 2025 के बीच चीन ने प्रति वर्ष 16.9 लाख हेक्टेयर, रूस ने 9.42 लाख हेक्टेयर और भारत ने 1.91 लाख रुपए हेक्टेयर वन क्षेत्र बढ़ाया है।

**इन देशों में हुई जबरदस्त वृद्धि :** इसके साथ ही अन्य देशों में तुर्किये, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और वियतनाम भी शामिल हैं, जिनमें उल्लेखनीय वृक्ष वृद्धि दर्ज हुई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 1990 से 2025 के बीच एशिया ही एकमात्र क्षेत्र है जहां वन क्षेत्र में निरंतर वृद्धि हुई है, जिसका नेतृत्व चीन और भारत कर रहे हैं। गौरतलब है कि दुनिया में वार्षिक वन क्षय दर भी कम होकर 10.7 मिलियन हेक्टेयर (1990) से घटकर अब 4.12 मिलियन हेक्टेयर (2015-2025) रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार, अब दुनिया के 20% वन क्षेत्र कानूनी रूप से संरक्षित हैं, जबकि 55% वन क्षेत्र लंबी अवधि की योजनाओं के तहत प्रबंधित किए जा रहे हैं।

# मध्य प्रदेश में हर जिले में दवाओं की जांच की तैयारी, 211 करोड़ का प्रस्ताव केंद्र को भेजा

**एजेंसी, भोपाल**

**मध्य** प्रदेश में जहरीले सिरप से 26 बच्चों की मौत के बाद अब राज्य सरकार दवाओं में होने वाली मिलावट की जांच माइक्रो लेवल पर करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए दवाओं की जांच के पूरे सिस्टम को अपग्रेड करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। दावा है कि जिलों में मोबाइल लैब की मदद से जांच की जाएगी।

> **जहरीले सिरप से 26 बच्चों की मौत हुई थी**

इस बदलाव पर करीब 211 करोड़ रुपए खर्च करने की तैयारी है। यह प्रस्ताव राज्य औषधि सुरक्षा और नियामक सुदृढ़ीकरण योजना (स्ट्रॉन्ग 2.0) के तहत केंद्र सरकार को भेजा गया है। अब तक दवाओं की जांच सिर्फ भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर तक सीमित थी, लेकिन अब हर जिले में ड्रग इंस्पेक्टर का स्वतंत्र कार्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए 110 करोड़ का प्रावधान है। 50 करोड़ की लागत से चारों स्टेट ड्रग लैब को अपग्रेड किया जाएगा। एक माइक्रोबायोलॉजी लैब भी तैयार होगी। वहां वे जांचें भी हो सकेंगी, जो अब तक नहीं हो पा रही थी। अफसरों का तर्क है कि इसके बाद हर दवा की गुणवत्ता की जांच और निगरानी मजबूत होगी। मध्यप्रदेश में मोबाइल लैब बनाए जाएंगे। इनकी मदद से दवा की गुणवत्ता की जांच और निगरानी की जाएगी। मध्यप्रदेश में मोबाइल लैब बनाए जाएंगे। इनकी मदद से दवा की गुणवत्ता की जांच और निगरानी की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# भारत ने नेपाल को दीं 81 स्कूल बसें, 48 जिले के विद्यालयों को फायदा मिलेगा

**एजेंसी, काठमांडू।** भारत सरकार ने नेपाल के 48 जिलों में अलग-अलग स्कूलों को 81 स्कूल बसें भेंट की हैं। भारतीय दूतावास ने काठमांडू में बताया कि यह एक पहल है जो भारत और नेपाल के बीच चल रहे विकास सहयोग का हिस्सा है। इन बसों को कोशी प्रांत के बाढ़ प्रभावित इलाकों जैसे इलाम, झापा और उदयपुर के अलावा हुमला, मुस्तांग, संखुवासभा, दार्चुला, बैतड़ी और अछाम जैसे दूर-दराज के जिलों को भी दिया गया है। इसका मकसद नेपाल के सातों प्रांतों में शिक्षा पहुंच को बेहतर बनाना है। दूतावास ने यह भी बताया कि पिछले तीन दशकों में, भारत नेपाल के संस्थानों को 381 स्कूल बसें दे चुका है, जो देश भर में छात्रों की आवाजाही और शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)

# इसराइली पीएम नेतन्याहू ने राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख हनेगबी को किया बर्खास्त

**एजेंसी, तेल अवीव।** इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख त्साची हनेगबी को बर्खास्त कर दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप प्रमुख गिल राईच को अस्थायी प्रमुख के रूप में नियुक्त किया जाएगा। हनेगबी और नेतन्याहू के बीच गाजा पर युद्ध के मुद्दे को लेकर मतभेद लंबे समय से चर्चा में थे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हनेगबी पूर्ण सैन्य कार्रवाई के खिलाफ थे और उन्होंने हमास के साथ आंशिक समझौते के पक्ष में समर्थन दिया था। विपक्षी नेताओं ने हनेगबी के बर्खास्त होने की आलोचना की है और इसे सरकार की जिम्मेदारी से बचने की कोशिश बताया है। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में फूड डिलीवरी करके गुजारा कर रहे सरकारी कर्मचारी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** में कई सरकारी कर्मचारियों को अब फूड डिलीवरी या अस्थायी नौकरियों कर गुजारा करना पड़ रहा है। वे रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने और ईएमआई भरने के लिए ऐसा कर रहे हैं। दरअसल, देश में लगे शटडाउन की वजह से 7.5 लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी रुकी हुई है। अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुआ सरकारी शटडाउन अब 22वें दिन में पहुंच गया है। संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 20 अक्टूबर को फंडिंग बिल पर 11वीं बार वोटिंग हुई, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के प्रस्ताव को फिर से खारिज कर दिया गया। ऐसे में यह अमेरिकी इतिहास का दूसरा सबसे लंबा शटडाउन बन गया है। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है, इसे शटडाउन कहते हैं। (अनंत ज्ञान)

# दिवाली के दूसरे दिन भी दिल्ली की हवा जहरीली

**एक्यूआई 345, 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशन रेड जोन में**

**हरियाणा सबसे प्रदूषित राज्य**

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिवाली** के दूसरे दिन बुधवार को भी दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की धुंध छाई हुई है। एयर क्वालिटी अब भी जहरीली बनी है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 7 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 345 दर्ज किया गया, जो गंभीर कैटेगरी में आता है। राजधानी के कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार भी बना हुआ है। पंजाबी बाग में एक्यूआई 433 और वजीरपुर में 401 रिकॉर्ड हुआ है। वहीं, दिल्ली के 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पॉल्यूशन का लेवल अब भी रेड जोन में है यानी हवा की क्वालिटी बहुत खराब से गंभीर स्तर पर है। दिवाली के बाद देश में हरियाणा की हवा सबसे प्रदूषित हुई है। सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाले 10 शहरों में हरियाणा के 8 और राजस्थान का एक शहर है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर, में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि 4 दिनों के दौरान, लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे ही ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर, में दीवाली पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ीं। लोगों ने सुबह से लेकर देर रात तक पटाखे फोड़े। इससे मंगलवार सुबह दिल्ली में घनी धुंध छा गई। रात में भारी मात्रा में पटाखे फोड़े जाने के बाद एयर क्वालिटी रेड जोन में चली गई। वहीं, दिल्ली की भाजपा सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को पंजाब सरकार को प्रदूषण बढ़ने का जिम्मेदार ठहराया था। (अनंत ज्ञान)

# अरुणाचल के नामसाई जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़, उल्फा का एक उग्रवादी ढेर

**एजेंसी, इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के नामसाई जिले में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम- इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) का एक कैडर मारा गया है। यह मुठभेड़ 21 अक्टूबर की रात को तब शुरू हुई जब असम राइफल्स के जवानों ने 6 माइल के पास लगभग सात उल्फा (आई) उग्रवादियों के एक ग्रुप से मुठभेड़ की। गुवाहाटी स्थित सेना के पीआरओ ने बुधवार को आधिकारिक बयान में बताया कि प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम- इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) कथित तौर पर असम में काकोपाथर आर्मी कैंप पर हाल ही में हुए हमले से जुड़ा था। मारे गए उग्रवादी की पहचान इवान आसोम के तौर पर हुई है, जिसे कौंटी आसोम और अभिकेश्वर मोरान के नाम से भी जाना जाता था। मुठभेड़ के बाद, सैनिकों को मारे गए उग्रवादी के पास से एक एचके राइफल, एक हैंड ग्रेनेड और एक बैग मिला। मुठभेड़ के दौरान उल्फा (आई) के बाकी सदस्य अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। सुरक्षा कर्मी मुठभेड़ वाली जगह से भागे दूसरे मिलिटेंट की तलाश जारी रखे हुए हैं। जांच आगे बढ़ने पर और जानकारी का इंतजार है। (अनंत ज्ञान)

## महागठबंधन में सीटों पर तनातनी बढ़ी, ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में होगा सब साफ

# लालू और तेजस्वी से मिले अशोक गहलोत

**एजेंसी, पटना**

**बिहार** चुनाव से पहले महागठबंधन में कांग्रेस और आरजेडी के बीच सीटों और साझा घोषणा पत्र को लेकर खींचतान बढ़ गई है। मामला सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को पटना भेजा है।

गहलोत बुधवार सुबह पटना पहुंचे। उन्होंने आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव और लालू यादव से उनके आवास पर एक घंटे मुलाकात की। गहलोत ने कहा कि हमारी लालू जी और तेजस्वी यादव से अच्छी बातचीत हुई है। वीरवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी और सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हम एनडीए के खिलाफ मजबूती से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव मिलकर चुनाव अभियान को शुरुआत करेंगे। बिहार में कुल 243 सीटें हैं, और कभी-कभी 5-7 सीटों पर दोस्ताना मुकाबला हो सकता है। हम सब मिलकर प्रचार करेंगे और चुनाव जीतेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वेणुगोपाल ने भी तेजस्वी से बात की है। वहीं, बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि तेजस्वी जी को बिहार की जनता के साथ मजाक करना बंद करना चाहिए। नीतीश कुमार की सरकार के सत्ता में आने के बाद, बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। (अनंत ज्ञान)

## तेजस्वी की 3 चुनावी घोषणाएं

**तेजस्वी** ने सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गठबंधन पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि गठबंधन पर कल बात करेंगे। 12 सीटों पर महागठबंधन के दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने चुनावी ऐलान भी किए।

**पहला:** सीएम जीविका दीदियों को सरकारी कर्मचारी दर्जा दिया जाएगा। इनकी सैलरी 10 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपए महीने की जाएगी।

**दूसरा:** सभी संविदा कर्मियों को स्थायी किया जाएगा।

**तीसरा:** हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

# तमिलनाडु में भारी बारिश, 5 जिलों में स्कूल बंद

## चेन्नई के मरीना बीच पर तूफान का खतरा; केरल, आंध्र और पुडुचेरी में भी अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** के दक्षिण राज्यों में उत्तर-पूर्वी मानसून के कारण बीते 2 दिन से तेज बारिश हो रही है। तमिलनाडु में भारी बारिश की चेतावनी है। राज्य के तिरुवल्लूर, चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और डेल्टा जिलों में मंगलवार से बारिश जारी है। चेन्नई में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं।


यहां अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट है। कुड्डालोर, विल्लुपुरम, रानीपेट, थूथुकुडी जिलों में भी स्कूल-कॉलेज में छुट्टी घोषित की गई है। तमिलनाडु सरकार ने प्रशासन को अलर्ट मोड रहने का निर्देश दिया है। बारिश के बीच चेन्नई के मरीना बीच से तेज समुद्री लहरें हवाएं तट से टकरा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, अगले



कुछ दिन तूफान की आशंका बनी रहेगी। प्रशासन ने मछुआरों और तटीय इलाकों के लोगों से सतर्क रहने को कहा है। तमिलनाडु के अलावा केरल, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी में भी बारिश जारी है। पुडुचेरी और कराईकल में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में प्रशासन अलर्ट पर है। स्कूल में छुट्टी कर दी गई है। आईएमडी 19 अक्टूबर को मौसम रिपोर्ट, में अगले सात दिनों तक केरल, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश और दक्षिणी कर्नाटक में बारिश का अलर्ट जारी किया था। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, तटीय कर्नाटक, रायलसीमा, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में भी तूफान के साथ बारिश हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### नोवाक जोकोविच पेरिस मास्टर्स से हटे



**एजेंसी, पेरिस।** विश्व टेनिस के महान खिलाड़ियों में शुमार सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स से हटने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर उक्त घोषणा की। उन्होंने यह फैसला सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट के दौरान पैर में लगी चोट के चलते लिया है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने इस सीजन में बहुत कम टूर्नामेंट खेले हैं। चारों ग्रैंड स्लैम के अलावा उन्होंने सिर्फ आठ एटीपी टूर इवेंट्स में हिस्सा लिया। 38 वर्षीय जोकोविच इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन- सभी चार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल तक पहुंचे। मई अंत से सितंबर के अंत तक उन्होंने केवल उन्हीं तीन स्लैम टूर्नामेंट में भाग लिया। हाल ही में खेले गए शंघाई मास्टर्स में भी जोकोविच को हिप (कूल्हे) की समस्या से जूझना पड़ा था, जिसके चलते वह सेमीफाइनल में बाहर हो गए थे। (अनंत ज्ञान)

### मियामी में विलारियल और बार्सिलोना के बीच खेले जाने वाला मैच किया रद्द

**एजेंसी, मैड्रिड।** स्पेन की शीर्ष फुटबाल लीग लालीगा ने घोषणा की है कि बार्सिलोना और विलारियल के बीच दिसंबर में मियामी (अमेरिका) में खेले जाने वाले नियमित सीजन मैच को रद्द कर दिया गया है। लालीगा ने कहा कि मियामी में आयोजित होने वाले आधिकारिक लालीगा मैच के प्रमोटर के साथ बातचीत के बाद, हाल के हफ्तों में स्पेन में उत्पन्न अनिश्चितता को देखते हुए इस कार्यक्रम को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। विदेश में आधिकारिक मैच आयोजित करना 'प्रतियोगिता की वैश्विक वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम' होता, जो क्लबों की अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी, खिलाड़ियों की पहचान और स्पेनिश फुटबॉल की वैश्विक दृश्यता को मजबूत करता। गेम प्रमोटर 'रिलेवेंट स्पोर्ट्स' ने बताया कि उसने लालीगा को मैच स्थगित करने की आवश्यकता की सूचना दी क्योंकि 'इतने बड़े पैमाने के आयोजन को ठीक ढंग से तैयार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है।' (अनंत ज्ञान)

### कैरी की वापसी से जोश फिलिप को करना होगा मौके का इंतजार

**एजेंसी, एडिलेड।** भारत के खिलाफ पर्थ में अपने घरेलू मैदान पर पदार्पण मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज जोश फिलिप को नियमित विकेटकीपर एलेक्स कैरी की वापसी के कारण वीरवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बाहर बैठना पड़ सकता है, लेकिन वह अगले मौके के लिए इंतजार करने के लिए तैयार हैं। जोश इंगलिस और कैरी दोनों श्रृंखला के पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे। फिलिप ने इसका पूरा फायदा उठाया। उन्होंने दो शानदार कैच लिए और 29 गेंदों पर 37 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली तथा कप्तान मिशेल मार्श के साथ 55 रन की साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से जीत मिली। (अनंत ज्ञान)

### एम्मा रादुकानू का खूबसूरत अंदाज

**एम्मा** रादुकानू एक ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी हैं। वो साल 2021 में यूएस ओपन जीत चुकी हैं। कनाडा में जन्मी रादुकानू ब्रिटिश की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी हैं। साल 2021 में वो दुनिया की टॉ-30 में जगह बना चुकी हैं।



# न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगा भारत

## पिछले तीन मैच की तरह गलतियां दोहराई तो बढ़ेगी मुसीबत, घरेलू धरती पर खेलने का भी दबाव

**एजेंसी, नवी मुंबई**

**भारतीय** टीम पिछले तीन मैच में हार से सबक लेकर वीरवार को महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल जैसे मुकाबले में जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह पक्की करने की कोशिश करेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम यदि डीवाई पाटिल स्टेडियम के अपने चिर परिचित विकेट पर न्यूजीलैंड की टीम को हरा देती है तो वह सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चौथी टीम बन जाएगी, लेकिन अगर वह पिछले तीन मैच की तरह गलतियां करती है तो फिर वह अगर मगर के भंवर में फंस जाएगी। यदि भारत न्यूजीलैंड से हार जाता है, तो उसे सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए इंग्लैंड की न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले मैच में जीत के लिए दुआ करनी होगी और फिर बांग्लादेश के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में भी जीत हासिल करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।

भारत भी सेमीफाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार था, लेकिन लगातार तीन मैच में हार का सामना करने के कारण उसके समीकरण बिगड़ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ने भारत की गेंदबाजी में कमजोरी को खुलकर उजागर किया, लेकिन उसे सबसे बड़ा झटका इंदौर में इंग्लैंड के खिलाफ लगा जहां उसे एक समय 54 गेंद पर 56 रन की जरूरत थी, लेकिन वह लक्ष्य तक पहुंचने में नाकाम रहा। भारत की समस्या छठे गेंदबाजी विकल्प तक ही सीमित नहीं है। उसकी टीम घरेलू धरती पर खेलने के दबाव से निपटने के लिए भी संघर्ष कर रही है। दबाव में भारत की कमजोरी और विशिष्ट कौशल की कमी कप्तान हरमनप्रीत और मुख्य कोच अमोल मजूमदार के लिए सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है। अब तक भारत का कोई भी शीर्ष बल्लेबाज मैच खत्म करने के लिए लंबे समय तक नहीं टिक सका है। गेंदबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव स्पष्ट नजर आ रहा है। ऐसी स्थिति में भारतीय बल्लेबाजी की मुख्य आधार रही हरमनप्रीत और फॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना की अनुभवी जोड़ी को जिम्मेदारी लेनी होगी। भारत ने अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने के लिए पिछले मैच में जेमिमा रोड्रिग्स को बाहर करके स्विंग गेंदबाजी में माहिर रेणुका ठाकुर को टीम में रखा था, लेकिन उसकी यह रणनीति भी कारगर साबित नहीं हुई। भारत अगर इसी संयोजन के साथ उतरता है तो दबाव तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली हरलीन देओल पर होगा, जो अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाई हैं। यहां की पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों के अनुकूल रही है, लेकिन पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को दूसरी पारी में ओस के प्रभाव को लेकर सतर्क रहना होगा। (अनंत ज्ञान)

**संभावित टीमें**

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी, राधा यादव और उमा छेत्री।

**न्यूजीलैंडः** सोफी डिवाइन (कप्तान), इसाबेला गेज (विकेट कीपर), मैडी ग्रीन, पॉली इंगलिस (विकेट कीपर), बेला जेम्स, जॉर्जिया प्लिमर, सूजी बेट्स, ब्रुक हॉलिडे, अमेलिया केर, ईडन कार्सन, ब्री इलिंग, जेस केर, रोजमेरी मैयर, हन्ना रोवे और ली ताहुहु।

**मैच दोपहर 3:00 बजे से**

### एशिया कप ट्रॉफी को लेकर बीसीसीआई और पीसीबी के बीच टकराव की संभावना

**एजेंसी, कराची।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की अगले महीने होने वाली बैठक में टकराव की स्थिति बन सकती है, क्योंकि पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के प्रमुख के तौर पर व्यक्तिगत रूप से भारत को एशिया कप ट्रॉफी सौंपने के अपने रुख से पीछे नहीं हट रहे हैं। बीसीसीआई और अन्य एसीसी सदस्य देशों को भेजे गए जवाब में नकवी ने जोर देकर कहा है कि वह 10 नवंबर को दुबई में एक समारोह आयोजित करने के इच्छुक हैं, जहां बीसीसीआई का प्रतिनिधि और भारतीय टीम का कोई भी उपलब्ध खिलाड़ी उनसे ट्रॉफी ले सकता है। नकवी ने अपने जवाब में लिखा, 'एसीसी ट्रॉफी सही मायने में भारतीय क्रिकेट टीम की है और यह तब तक एसीसी मुख्यालय में रखी रहेगी जब तक बीसीसीआई का कोई पदाधिकारी किसी भी उपलब्ध प्रतिभागी खिलाड़ी के साथ एसीसी अध्यक्ष से इसे प्राप्त नहीं कर लेता।' उन्होंने कहा कि इसके लिए भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। आईसीसी के अध्यक्ष बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह हैं। (अनंत ज्ञान)

## ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा बने लेफ्टिनेंट कर्नल



**एजेंसी, पानीपत**

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दी उपाधि**

**ओलंपिक** गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) बन गए हैं।

बुधवार को दिल्ली में अलंकरण समारोह में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उन्हें उपाधि दी। इस दौरान उनकी मां सरोज देवी, पिता सतीश चोपड़ा, चाचा भीम चोपड़ा और पत्नी हिमानी मोर भी मौजूद रहीं। नीरज चोपड़ा 26 अगस्त 2016 को सेना में नायब सूबेदार के पद पर भर्ती हुए थे। टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के बाद उन्हें सेना द्वारा परम विशिष्ट सेवा मेडल प्रदान किया गया। 2022 में उन्हें सूबेदार मेजर के पद पर पदोन्नति मिली थी। (अनंत ज्ञान)

## कोहली व रोहित पर सबकी नजर, श्रृंखला बराबर करने उतरेगा भारत





**आज होने वाले मैच में होगी भारतीय टीम की कड़ी परीक्षा**

**एजेंसी, एडिलेड**

भारतीय टीम की आलराउंडरों पर बहुत अधिक निर्भरता की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वीरवार को यहां होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कड़ी परीक्षा होगी, लेकिन एक बार फिर से सभी की निगाहें विराट कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी जो अच्छा प्रदर्शन करके श्रृंखला बराबर करने में अपना योगदान देना चाहेंगे। तीन मैचों की श्रृंखला का पहला एकदिवसीय मैच में भारत के लिए कुछ भी अच्छा नहीं रहा।

बारिश के लगातार व्यवधान के कारण भारतीय बल्लेबाजी प्रभावित हुई और आखिर में उसे सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय गेंदबाज भी प्रभावित नहीं कर पाए थे, लेकिन मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल जैसे गेंदबाजों को केवल 131 रन के लक्ष्य का बचाव करना था जो आसान काम नहीं था। एडिलेड ओवल में भी चुनौतियां अलग नहीं होंगी, क्योंकि मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश करने के लिए तैयार हैं। आस्ट्रेलियाई ग्रीष्म ऋतु के शुरू होने के साथ ही, देश की नई पिचों पर उछाल और गति होती है और ऐसी परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैच के हीरो बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन को रिलीज कर दिया है और अनुभवी लेग-ब्रेक गेंदबाज एडम जम्पा अपने बच्चे के जन्म के बाद वापस आ गए हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी की भी वापसी हुई है। यशस्वी जायसवाल जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी के बेंच पर बैठे रहने से रोहित शर्मा पर अच्छा प्रदर्शन करने का भारी दबाव है। यह पूर्व कप्तान इससे अच्छी तरह वाकिफ है और इसलिए उन्होंने मैच से पहले जमकर अभ्यास किया। वह एडिलेड ओवल के अभ्यास मैदान में कम से कम 45 मिनट पहले पहुंच गए, जबकि कुछ अन्य सदस्य वैकल्पिक नेट सत्र के लिए उनके साथ शामिल हुए। कोचिंग स्टाफ से एकमात्र व्यक्ति जो नेट्स पर मौजूद था, वह थे मुख्य कोच गौतम गंभीर। उनके साथ दो थ्रो-डाउन विशेषज्ञ दयानंद गरानी और राघवेंद्र भी थे। बाकी कोचिंग स्टाफ कुछ देर बाद आया। वास्तव में, रोहित जिस पहले नेट पर उतरे थे, वह गीला था और थ्रो-डाउन गेंदें सीधे गेंद की लम्बाई से बाहर जा रही थीं। यह भांपते हुए कि टीम का सबसे सीनियर खिलाड़ी चोटिल हो सकता है, कोच गंभीर ने उन्हें दूसरे नेट पर अभ्यास करने के लिए कहा जिस पर रोहित ने लंबे समय तक बल्लेबाजी की।

रोहित ने जहां जमकर अभ्यास किया वहीं कोहली ने मंगलवार को नेट पर काफी समय बिताने के बाद विश्राम किया। बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने दूसरे वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, 'मुझे लगता है कि वे दोनों बहुत अच्छी लय में दिख रहे हैं। उन्होंने कल बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। इसलिए मुझे लगता है कि वे वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।' (अनंत ज्ञान)

## हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए श्रीलंका टीम घोषित, लाहिरु मदुशांका कप्तान

**एजेंसी, हांगकांग**

**गत** विजेता श्रीलंका ने बुधवार को हांगकांग सिक्सेस 2025 टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 7 से 9 नवंबर तक हांगकांग के टिन क्वोंग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में खेला जाएगा। श्रीलंका 2024 में शानदार जीत के बाद इस बार अपने खिताब की रक्षा करने उतरेगा। पिछले साल फाइनल में पाकिस्तान को हराकर श्रीलंका ने अपना दूसरा हांगकांग सिक्सेस खिताब जीता था। इस बार टीम पूल डी में बांग्लादेश और हांगकांग, चीन के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच खेलेगी। लाहिरु मदुशांका को टीम का कप्तान बनाया गया है।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाजी ऑलराउंडर ने घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम में धनंजय लक्षन भी शामिल हैं, जो बाएं हाथ से बल्लेबाजी और दाएं हाथ से तेज गेंदबाजी करते हैं और राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रभाव दिखा चुके हैं। दाएं हाथ के ओपनर थानुका दाबारे अपने दमदार घरेलू प्रदर्शन के साथ टीम में जगह बनाए हुए हैं। इसके अलावा 2023 एशियाई खेलों में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले निमेश विमुक्ति टीम के स्पिन विभाग को मजबूती देंगे। क्रिकेट हांगकांग, चीन की चेयरपर्सन बुरजी श्रॉफ ने कहा कि श्रीलंका की टीम हमेशा हांगकांग सिक्सेस में जोश, स्टाइल और जज्बे के साथ उतरती है। गत विजेता के रूप में उनकी वापसी टूर्नामेंट में उत्साह को और बढ़ाती है। हमें उम्मीद है कि वे एक बार फिर वैसी ही ऊर्जा दिखाएंगे और इतिहास रचने का प्रयास करेंगे। लाहिरु समरकून, जिन्होंने 2023 एशियाई खेलों में टी20आई डेब्यू किया था, भी टीम का हिस्सा हैं। वहीं थरिंदु रत्नायके हाल ही में जून 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर चुके हैं। दाएं और बाएं दोनों हाथ से गेंदबाजी करने वाले इस गेंदबाज ने अपने पहले ही टेस्ट में छह विकेट लेकर सुर्खियां बटोरी थीं। लंका प्रीमियर लीग के स्टार सचिथा जयतिलका भी टीम में शामिल हैं। लाहिरु मदुशांका (कप्तान), धनंजय लक्षन, थानुका दाबारे, निमेश विमुक्ति, लाहिरु समरकून, थरिंदु रत्नायके, सचिथा जयतिलका भी टीम में शामिल होंगे। हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस 2025 में 12 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें चार पूलों में बांटा गया है। श्रीलंका अपना पहला मुकाबला शुक्रवार, 7 नवंबर को हांगकांग, चीन के खिलाफ खेलेगा। (अनंत ज्ञान)

## महिला विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया स्पिनरों की किफायती गेंदबाजी, इंग्लैंड को 244 रनों पर रोका



**एजेंसी, इंदौर**

**टैमी** ब्यूमोंट की 78 रन की पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने अलाना किंग की किफायती गेंदबाजी से महिला वनडे विश्व कप मैच में बुधवार को इंग्लैंड की पारी को नौ विकेट पर 244 रन पर रोक दिया।

इंदौर के होलकर स्टेडियम में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया ने बॉलिंग चुनी। ऑस्ट्रेलिया से एनाबेल सदरलैंड ने 3 विकेट लिए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लिश टीम से विकेटकीपर एमी जोन्स और टैमी ब्यूमोंट ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। जोन्स 18 रन बनाकर आउट हुईं। उनके बाद हीथर नाइट ने स्कोर 100 रन के करीब पहुंचाया। नाइट 20 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान नैटली सिवर-ब्रंट 7 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। ब्यूमोंट ने फिफ्टी लगाई, वे 78 रन बनाकर आउट हुईं। उनके बाद इंग्लिश पारी बिखर गई। सोफिया डंकली 22, एलिस कैप्सी 38, चार्ली डीन 26 और सोफी एकलस्टन 10 रन बनाकर आउट हुईं। टीम ने 9 विकेट खोकर 244 रन बना लिए। ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड ने 60 रन देकर 3 विकेट लिए। लेफ्ट आर्म स्पिनर सोफी मोलेनिक्स और राइट आर्म स्पिनर एश्ले गार्डनर के हाथ 2-2 विकेट लगे। लेग स्पिनर अलाना किंग ने 20 रन देकर 1 विकेट लिया। मेगन शट और किम गार्थ कोई विकेट नहीं ले सकीं। (अनंत ज्ञान)

### पीकेएल-12 : बंगाल वारियर्स ने थलाइवाज को 44-43 से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कप्तान के रूप में अपना पहला मैच खेल रहे विश्वास एसके शानदार प्रदर्शन की बदौलत बंगाल वारियर्स ने प्रो. कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के 100वें मुकाबले में तमिल थलाइवाज को 44-43 से रोमांचक अंदाज में हराया। विश्वास ने सुपर-10 के साथ टीम की अगुवाई की, जबकि हिमांशु नरवाल ने 9 अंक जोड़े। थलाइवाज के लिए अर्जुन देसवाल ने 20 और मोइन शफागी ने 8 अंक हासिल किए, लेकिन टीम आखिरी क्षणों में पिछड़ गई। यह हार थलाइवाज के प्लेऑफ की उम्मीदों को लगभग खत्म कर सकती है। देवांक की गैरमौजूदगी में भी बंगाल ने शानदार शुरुआत की। हालांकि पहले हाफ में देसवाल के सुपर रेड और थलाइवाज के ऑलआउट ने स्कोर 17-8 कर दिया, लेकिन दूसरे हाफ में बंगाल ने जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को पलट दिया। अंतिम मिनटों में विश्वास की निर्णायक रेड और फूलचंद द्वारा देसवाल को पकड़ने से बंगाल ने बढ़त कायम रखी। (अनंत ज्ञान)

**टूर्नामेंट** त्रिकोणीय महिला मैत्री फुटबाल टूर्नामेंट में सारा दीदार ने दो गोल दागकर मेहमान टीम को जीत दिलाई

# ईरान ने भारतीय टीम को 2-0 से हराया



**एजेंसी, शिलॉन्ग**

**भारतीय** सीनियर महिला फुटबाल टीम को त्रिकोणीय महिला अंतरराष्ट्रीय मैत्री टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में ईरान के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ईरान की स्थानापन्न खिलाड़ी सारा दीदार ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर मेहमान टीम को जीत दिलाई। पहले हाफ में दोनों टीमें गोलरहित रहीं, लेकिन दूसरे हाफ में ईरान ने खेल की गति पूरी तरह अपने पक्ष में कर ली।

दीदार ने 64वें और 74वें मिनट में लगातार दो बार भारतीय रक्षा को भेद दिया। भारत, जिसने इस साल की शुरुआत में ऐतिहासिक एएफसी महिला एशियाई कप क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन किया था, इस मैच में फीका नजर आया।

ईरानी टीम ने शुरू से ही बेहतर तालमेल और शारीरिक मजबूती दिखाते हुए खेल की लय अपने कब्जे में रखी। मैच की शुरुआत में ही चौथे मिनट में भारत के लिए खतरा पैदा हुआ, जब गोलकीपर एलंगबम पंथोई चानू गेंद को सही से पकड़ नहीं पाईं। हालांकि, फंजौबम निर्मला देवी ने अंतिम क्षण में क्लीयर कर भारत को शुरुआती झटके से बचा लिया, लेकिन 64वें मिनट में मेलिका मोतेवालीताहेर के सटीक क्रॉस पर भारतीय रक्षा चूक गई।

जहरा गनबरी का हेड क्रॉसबार से टकराया और गेंद सारा दीदार के पास आई, जिसने कलाबाजी भरे अंदाज में गोल दाग दिया। दस मिनट बाद 74वें मिनट में रतनबाला देवी की गलती का फायदा उठाकर दीदार ने फिर मौका नहीं गंवाया और नीची शॉट लगाकर गेंद को जाल में पहुंचा दिया। भारत का पहला सटीक प्रयास 89वें मिनट में आया, जब लिंडा कॉम सेर्टो की फ्री-किक को ईरानी गोलकीपर रहा यजदानी ने शानदार तरीके से रोक लिया। अतिरिक्त समय में ईरान तीसरा गोल करने के करीब पहुंचा, लेकिन फतेमेह शाबान गोहरूद का शॉट पोस्ट से टकरा गया। अब भारत 27 अक्तूबर को नेपाल से भिड़ेगा, जबकि ईरान 24 अक्तूबर को नेपाल का सामना करेगा। भारत की शुरुआती एकादश: एलंगबम पंथोई चानू (गोलकीपर), फंजौबम निर्मला देवी (किरण पिस्दा 85'), हेमम शिल्की देवी, संगीता बसफोर, नोंगमईथेम रतनबाला देवी, करिश्मा पुरषोत्तम शिर्वोइकर (रिम्पा हलदार 61'), प्यारी ज़ाखा (मालविका पी 61'), ग्रेस डैंगमेई (कप्तान) (प्रियधरिनी सेलादुरई 78'), सोरोखाइबम रंजन चानू, मार्टिना थोकचोम (संतोष 85'), लिंडा कॉम सेर्टो। (अनंत ज्ञान)

## पीवीएल 2025 : कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने अहमदाबाद डिफेंडर्स को 3-1 से हराया



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कोच्चि** ब्लू स्पाइकर्स ने आरआर केबल प्राइम वॉलीबाल लीग पावर्ड बाय स्कैपिया के मुकाबले में अहमदाबाद डिफेंडर्स को 3-1 (15-13, 14-16, 17-15, 15-9) से हराकर अपने अभियान का अंत किया।

एरिन वर्गीस को शानदार प्रदर्शन के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अहमदाबाद ने बत्तूर बत्सुरी की जबरदस्त सर्विस और अटैक से पहले सेट में बढ़त बनाई, लेकिन कोच्चि के जसजोध सिंह की सुपर सर्व और ब्लॉक ने स्कोर बराबर किया। अमरिंदरपाल सिंह के मजबूत डिफेंस ने टीम को पहला सेट जीतने में मदद की। दूसरे सेट में एरिन की तेज सर्विस और अहमदाबाद के नंदगोपाल-और अखिन के बदलाव ने खेल को बराबरी पर ला दिया। लेकिन तीसरे सेट में निकोलस मारेचल और जसजोध की तेज स्पाइक्स ने कोच्चि को नियंत्रण में ला दिया। हेमंत और अमरिंदरपाल के सटीक अटैक्स और लिबरो एलन आशिक की रक्षात्मक मूव्स ने अहम अंक बनाए। चौथे सेट में कोच्चि की टीम ने लगातार दबाव बनाते हुए अर्शाक सिनान की गलत सर्विस का फायदा उठाकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने टूर्नामेंट से विदाई ली, जबकि अहमदाबाद पहले ही सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुका था। (अनंत ज्ञान)